डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार | वर्ष-31, अंक- 169, पृष्ठ-12 | चैत्र शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

06 अप्रैल 2025

₹3.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते


हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

राम राम रामेति रमे रामे मनोरमे। सहस्त्रनाम तत्तुल्यम रामनाम वरानने॥

श्री रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

## वासंतिक नवरात्र

### नवमी : सिद्धिदात्री



**नौवां** दिन नवरात्रि का अंतिम दिन है। श्री दुर्गा का नवम रूप श्री सिद्धिदात्री है। यह सब प्रकार की सिद्धियों की दाता हैं, इसीलिए यह सिद्धिदात्री कहलाती हैं। देवी सिद्धिदात्री का रूप अत्यंत सौम्य है। देवी की चार भुजाएं हैं। दायीं भुजा में माता ने चक्र और गदा धारण किया है, मां की बांयीं भुजा में शंख और कमल का फूल है। मां सिद्धिदात्री कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। देवी ने सिद्धिदात्री का यह रूप भक्तों पर अनुकम्पा बरसाने के लिए धारण किया है। देवी जी की भक्ति जो भी हृदय से करता है मां उसी पर अपना स्नेह लुटाती हैं।

सिद्धगंधर्वयक्षादौर सुरैरमरै रवि।
सेव्यमाना सदाभूयात सिद्धिदा
सिद्धिदायनी॥

**नवरात्रि** के नवम दिन इनकी पूजा-आराधना की जाती है। सिद्धिदात्री की कृपा से मनुष्य सभी प्रकार की सिद्धियां प्राप्त कर मोक्ष पाने मे सफल होता है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन नौ कन्याओं की पूजा होती है। इन नौ कन्याओं को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। पूजा के अंत में कन्याओं को उपहार के रूप में नये कपड़े प्रदान किये जाते हैं। मां दुर्गा के इस अंतिम स्वरूप की आराधना के साथ ही नवरात्र के अनुष्ठान का समापन हो जाता है। इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है।

# श्रद्धा, सजावट व सुरक्षा का संगम, मेदिनीनगर में ऐतिहासिक होगी रामनवमी

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी को लेकर प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में उत्सव का अद्भुत माहौल है। पूरा शहर भक्तिरस में डूबा है और हर गली-मोहल्ला भगवा रंग में रंगा हुआ है। श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के नेतृत्व में शहर की भव्य सजावट की गई है। जगह-जगह रंग-बिरंगी लाइटिंग, तोरण द्वार, भगवा पताका और जय श्रीराम के नारों से माहौल जीवंत हो उठा है।

शहर में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी है लाइटिंग की भव्य व्यवस्था। श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर के अनुसार, इस बार उनके दल द्वारा शहर की सजावट में लगभग 40 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार का रामनवमी आयोजन पूरी तरह से श्रद्धा, सेवा और भव्यता को समर्पित है।

इसके साथ ही, शहर के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय करीब 50 रामनवमी संघ मिलकर लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से भव्य सजावट, झांकियों और आयोजन की तैयारियों में लगे हैं। हर संघ अपने-अपने क्षेत्रों को प्रकाशमय और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बना रहा है। ऐसे में यह रामनवमी पहले की अपेक्षा अधिक भव्य, व्यापक और भावनात्मक रूप से जुड़ी प्रतीत हो रही है।



**श्री महावीर नवयुवक दल जनरल समेत 50 से अधिक संघों ने संभाला शहर की सजावट का जिम्मा, प्रशासन ने भी कसी कमर**

रामनवमी के दिन शहर में 50 से अधिक गोल (रामनवमी जुलूस) निकलेंगे, जिनमें सजीव झांकियां, अखाड़ा प्रदर्शन, डीजे और भक्तिमय रथ शामिल होंगे। आयोजन को शांतिपूर्ण और सफल बनाने के लिए प्रशासन भी सतर्क है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है, ताकि शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

प्रशासन ने सभी आयोजन स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरे से निगरानी और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की है। नगर निगम और बिजली विभाग की ओर से भी सहयोग किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बहरहाल, मेदिनीनगर में रामनवमी सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आस्था और संगठन की एक जीवंत मिसाल बन चुकी है। शहरवासी अपने उत्साह, समर्पण और प्रेम से इस पर्व को अद्वितीय बना रहे हैं।

### हेमंत सोरेन ने रामनवमी को लेकर अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा

# परंपराओं के अनुरूप हो रहे कार्यों पर किसी प्रकार का व्यवधान न हो यह सुनिश्चित कराएं : मुख्यमंत्री

- दहशतगर्दों पर कड़ी नजर रखी जाए
- अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराएं
- शोभायात्राओं में बाइक रैली की नई परंपराओं पर रोक लगाएं
- सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से नजर रखी जाए



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों के साथ रामनवमी को लेकर राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सुनियोजित तरीके से अफवाह या अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे राज्य में रामनवमी महोत्सव आपसी प्रेम-सौहार्द, भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इस पर फोकस रखें।

**संवेदनशील चिन्हित जगहों पर विशेष चौकसी रखें :** बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रामनवमी महोत्सव पर शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं, इसलिए यह समय काफी संवेदनशील हो जाता है अतएव वैसे चिन्हित स्थान जहां इन आयोजनों के समय कोई छोटी-बड़ी घटनाएं होने की ज्यादा संभावनाएं रहती है उन जगहों पर विशेष चौकसी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाइसेंसी एवं गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराना हर हाल **शेष पेज 11 पर**

### शोभायात्रा के दौरान बाइक रैली की नई परंपरा पर रोक लगाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी महोत्सव के दौरान आयोजित शोभा यात्राओं पर बाइक रैली निकालने की नई परंपरा की शुरूआत हो रही है। किसी भी हाल में बाइक रैली न निकले यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बाइक रैली से आम जनमानस के साथ-साथ रैली आयोजकों पर असुरक्षा का खतरा बढ़ता है अतएव बाइक रैली पर मजबूती के साथ रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शोभायात्रा या जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क रहे। किसी भी जगह अथवा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बिगड़ती है या बिगड़ी हुई दिखती है तो उसकी सूचना पुलिस हेडक्वाटर तथा कंट्रोल रूम को शीघ्र दें। पुलिस प्रशासन छोटी-छोटी घटनाओं पर भी पैनी नजर रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बिगड़ती स्थिति को कंट्रोल करने के लिए कुछ देर तक म्यूजिक सिस्टम को बंद कराई जाए, ताकि **शेष पेज 11 पर**

# पीएलएफआई ने क्रशर व ईंट भट्ठे पर की फायरिंग, एक मजदूर घायल



- सूर्या कुजूर उर्फ तूफान के नाम पर्चा छोड़ ली घटना की जिम्मेवारी
- आईजी पहुंचे घटना स्थल पर, स्थिति की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा पूर्वी पंचायत के हड़गड़वा स्थित एक क्रशर प्लांट व एक ईंट भट्ठे में शुक्रवार की रात प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के उग्रवादियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में ईंट भट्ठा में काम करने वाला एक मजदूर घायल हो गया। उसका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है। घायल मजदूर की पहचान अलीम अंसारी पिता मंसूर अंसारी तिगरा (लोहरदगा) के रूप में हुई है। मजदूर के कमर के पास एक गोली लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की रात लगभग 9:30 बजे आधा दर्जन की संख्या में नकाबपोश हथियारबंद उग्रवादी एसके कंस्ट्रक्शन कंपनी के हड़गड़वा स्थित क्रशर प्लांट में पहुंच ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे। इस दौरान उग्रवादियों ने वहां मौजूद कर्मियों के मोबाइल फोन लूट लिये और एक कर्मी के साथ मारपीट भी की। उग्रवादियों ने वहां मौजूद एक कर्मी को सूर्या कुजूर उर्फ तूफान जी **शेष पेज 11 पर**

# रामनवमी को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक, झंडा-पताका की मांग चरम पर

- भगवा वस्त्र, पूजन सामग्री और झांकियों की तैयारियों से सजा मेदिनीनगर बाजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी को लेकर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर का बाजार पूरी तरह सज गया है। छह मुहान से लेकर घड़ा पट्टी तक भगवा झंडा, पताका, कुर्ता-पायजामा, गमछा और पूजन सामग्री की खरीदारी चरम पर है। युवाओं ने चौक-चौराहों को भगवा रंग में रंग दिया है, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

बाजार में रामनवमी से जुड़ी सामग्रियों की भरपूर बिक्री हो रही है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार व्यापार अच्छा होने की उम्मीद है। झंडा-पताका की दुकानें ग्राहकों से गुलजार हैं। विक्रेताओं के अनुसार, हिन्दू नववर्ष की शुरूआत के साथ ही भगवा वस्त्रों की मांग में तेजी आई है। भगवा झंडे की कीमत 20 रुपये से लेकर 250 रुपये तक है। भगवान श्रीराम और महावीर की प्रिंट वाली झंडियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रामनवमी स्टीकर, बाइक स्टैंड और पट्टों की भी खूब बिक्री हो रही है।





पूजन के लिए मिट्टी के कलश, गमछे और अन्य पूजन सामग्रियों की मांग भी बनी हुई है। पलामू जिले के कई घरों में रामनवमी के अवसर पर प्रभु श्रीराम के साथ कुल देवता और भगवान महावीर की पूजा करने की परंपरा है। रामनवमी की षष्ठी तिथि से ही शहर के छह मुहान चौक, बैरिया चौक समेत विभिन्न स्थानों पर भक्ति जागरण का आयोजन हो रहा है। साथ ही, विभिन्न संघों के तत्वावधान में भव्य रामनवमी जुलूस की तैयारियां जारी हैं, जिसमें आकर्षक झांकियां भी शामिल होंगी।

# विष्णुगढ़ बीडीओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश पारित

**हजारीबाग।** जिला के विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के खिलाफ हजारीबाग सिविल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास विक्रांत रंजन की अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश पारित किया है। यह आदेश कोर्ट में दायर परिवादवाद (कंप्लेन केस) संख्या 2968/2024 में आया है। कोर्ट ने परिवादवाद की सुनवाई करते हुए विष्णुगढ़ पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता पवन कुमार यादव के माध्यम से भीखन रविदास ने कंप्लेन केस दर्ज किया था। परिवादवाद में यह कहा गया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने 5 सितंबर 2024 को अलपीटो पंचायत में आपका सरकार आपका द्वार कार्यकम चल रहा था। जिसमें मनरेगा मजदूरों के दिन प्रति दिन परेशानी देखते हुऐ परिवादी भीखन रविदास पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधी होने के नाते अपने साथ वार्ड सदष्य रमेश पंडित एवं अन्य मनरेगा मजदूरों को लेकर आपका सरकार आपका द्वार, कार्यक्रम में उपस्थित विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार को रोजगार मांगने गये थे।कार्यक्रम में उपस्थित विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने परिवादी एंव जन प्रतिनिधियों तथा अलपीटो पंचायत के जनता और मजदूरों के साथ गाली-गलौज करके धक्का-मुक्की कर दिये और गाली व जातिसूचक अपशब्द बोलते हुए कहा कि तुमलोग को रोजगार देंगे, तुमलोग को भूखे मार देंगे, तुमलोग मनरेगा कार्य में आश्रित हो ना। हम एक भी काम नहीं होने देंगे, तब जाओगे दूसरे राज्य में काम करने तो वहां से भी गिर मर कर घर आओगे। इसके बाद अखिलेश कुमार ने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी को फोन कर के पुलिस बल मंगा लिया और पुलिस बल से मारपीट करवाकर परिवादी एवं जन प्रतिनिधियों को जख्मी कर दिया और परिवादी, प्रतिनिधियों, मजदूरों और ग्रामीण जनता को भगा दिया।

## इंडिया

# कब आएगा और कैसा होगा आदर्श राजनीति वाला रामराज्य



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत और झारखंड में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का गहरा प्रभाव है और यहां की राजनीति भी इससे प्रभावित होती रही है जिसमें राम को काल्पनिक चरित्र तो घर-घर के आराध्य देव मानकर जन्म से लेकर अंतिम यात्रा में राम नाम सत्य है कहने की परंपरा है। सबसे घनी उरांव जनजातीय आबादी वाले प्राचीन गुमला जिले में पालकोट का पंपापुर पहाड़,365 तालाबों वाले आंजनधाम की गुफा,टांगीनाथ का सदियों पुराना बिना जंग लगा त्रिशूल,सिमडेगा(अब जिला) का रामरेखा धाम जैसे अनेक धार्मिक स्थल हैं जो जनश्रुति और आस्था के आधार पर प्रभु श्रीराम का गहरा संबंध जोड़ते हैं । आंजनधाम के वयोवृद्ध उरांव पुजारी जो 60 वर्षों से वहां पूजा कर रहे थे बताया था कि हनुमान उनके पूर्वज और बानरा गोत्र के थे जिनकी पूंछ कुछ ब्राह्मणों ने लगाकर उन्हें हनुमान बना दिया जबकि उरांव ही उनके साथ हमेशा रहे और उनके पीछे-पीछे स्नेहवश अयोध्या तक आ गए जिस कारण उन लोगों के पूर्वजों को ओराम कहा जाने लगा जैसा टाइटल केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम का है जो सिमडेगा के समीपवर्ती राउरकेला के सांसद हैं । इन बातों का समाजशास्त्रीय या ऐतिहासिक अभी तक नहीं हुआ है पर झारखंड के उरांव यूपी और बिहार में मालतो,धांगर,या धनगर कई राज्यों में कहे जाते हैं और उरांव लगता भी है अंग्रेजों ने ओराम बोलने में असुविधा या उच्चारण के आधार पर अंग्रेजी में जो लिखा उससे नया शब्द बन गया । झारखंड के सभी लोग रामनवमी में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं पर विगत के कुछ वर्षों में उरांव समुदाय को कुछ लोग बरगला कर कुछ राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोग भविष्य के झगड़े का बीजारोपन कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर अपने को श्रेष्ठ बताने वाले कुछ हिंदू अब सनातनी झंडे के नीचे भाईचारे की धारा मजबूत कर रहे हैं । यहां धर्म परिवर्तन भी एक बड़ा मुद्दा बनता है सवाल है कि कहीं सनातनी समुदाय के श्रेष्ठता बोध और कमजोर वर्गों को उनके हाल पर छोड़ देने के कारण तो ऐसा नहीं हुआ? धर्म की राजनीति से आगे चलकर प्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट कुलदीप सिंह दीपक के सौजन्य से उपलब्ध रांची में रामनवमी के इतिहास की दो तस्वीरों की चर्चा करते हैं प्रसिद्ध लेखक डॉ श्रवण कुमार गोस्वामी ने अपनी पुस्तक रांची तब और अब में लिखा है कि 17 अप्रैल 1929 में पहली बार रामनवमी के अवसर पर एक छोटी शोभायात्रा कृष्णलाल साहू, रामपदारथ वर्मा, राम बड़ाइक राम, नन्हकू राम, जगदीश नारायण शर्मा, लक्ष्मण राम मोची, जगन्नाथ साहू, गुलाब नारायण तिवारी आदि प्रमुख थे। तब से रामनवमी के अवसर पर यह शोभायात्रा, 1964 को छोड़कर, नियमित रूप से निकाली जा रही है। सभी अखाड़ों के झंडे निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर के सामने वाले मैदान में पहुंचते थे। आज भी यहीं पहुंचते हैं और जहां महावीर मंदिर अपर बाजार से विशाल झंडे की पूजा होती है और इसका समापन होता है। राममय झारखंड के बीच कुछ बातें अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी ने रामराज्य की चर्चा की जिसे राजनीति यानी राज चलाने की आदर्श नीति माना जाता है । रामराज्य की स्थापना का अर्थ है राजनीति के आदर्श की स्थापना। भारतीय संविधान में भी विविधता होने पर भी विसंगतियां मिलती रहीं हैं और संविधान संशोधन भी होते रहे हैं। श्रीराम की मयार्दा का अर्थ है कर्त्तव्य का सर्वोपरि यानी अधिकार, उत्तरदायित्वपूर्ण अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाता है। एक ऐसी राज व्यवस्था जहां न कोई दुखी हो और न ही अभावों से ग्रस्त हो। जहां सभी भय मुक्त हों और शांति हो। जहां का शासन सभी के लिए मंगलकारी हो। राम इसीलिए मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने हर हाल में मयार्दा की रक्षा की और स्थापित किया कि सत्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और धर्मनिष्ठ आचरण ही मयार्दा है तथा उससे सभी बंधे हैं। वह हर रूप में मयार्दा के प्रतीक हैं।राम के राज्य में राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए थी। इसमें अधिनायकवाद की छाया मात्र भी नहीं थी। राम का राज्य मानव कल्याण के आदर्शों से युक्त एक ऐसा राज्य था जिसमें निस्वार्थभाव से प्रजा की सेवा निष्पक्ष आदर्श न्याय व्यवस्था सुखी तथा समृद्ध सामाजिक व्यवस्था पाई जाती थी। भेदभाव से परे राम कहते हैं-यदि अनुमति हो तो कुछ कहूं और यदि मेरे कहे में कुछ अनुचित देखें तो मुझे टोक दें, मैं सुधार कर लूंगा। वह अपने राज्य में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की राय के आधार पर फैसला लेने में हिचकते नहीं। श्रीराम का पूरा जीवन चरित ऐसी मयार्दाओं, कर्तव्य पालन और सभी के अधिकारों के प्रति सम्मान का पर्याय है। मानव सभ्यता के संपूर्ण लिखित-अलिखित शास्त्रों में श्रीराम जैसा व्यक्तित्व और चरित्र का दूसरा उदाहरण उपलब्ध नहीं है।राम को धर्म का विग्रह कहा गया है, 'रामो विग्रहवान् धर्मः'. एक व्यापक अर्थ में राम का चरित धर्म मार्ग की चुनौतियों और उसके विचलन से उठने की मुश्किलों अर्थात जीवन के आधारों की मयार्दा स्थापित करने की राह में आने वाले प्रश्नों से रूबरू कराता है। गांव के अनपढ़ से शिक्षित के बीच एक आशा जगी है पर आज के दौर में जब रावणी प्रवृति अधिक हो रामराज्य थोड़ा कठिन है पर असंभव नहीं ।





1975 की झांकी तत्कालीन अध्यक्ष थे स्वर्गीय जगदीश नारायण शर्मा एवं स्वर्गीय ताराचंद अरोड़ा। छाया : कुलदीप सिंह दीपक



रामनवमी की पहली शोभा यात्रा जो 1929 में कपड़ा पट्टी गांधी चौक से निकाली गई थी

# पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पुलिस का लगातार अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ अभियान जारी है। हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो के बालू भंडारण जब्ती के बाद अब देवरी ओपी पुलिस ने अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि देवरी खुर्द के सोनपुरवा से सजवन की ओर जाने वाली कच्ची सड़क से अवैध बालू लेकर ट्रैक्टर जा रहा था। उस समय ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध बालू के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा। मालूम हो कि पुलिस जब्त ट्रैक्टर को देवरी ओपी परिसर में लाकर पार्क कर दिया है। इसके विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया है।

# चतरा सासंद ने पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### दिव्यांगों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राइ साइकिल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गहनता से अवलोकन किया। मौके पर मौजूद चिकित्सा प्रभारी डॉ महेंद्र प्रसाद समेत अन्य चिकित्सकों से उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पूछताछ की। व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में तीन दिव्यांगों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राइ साइकिल का वितरण भी किया। वितरण के बाद मौके उन्होंने कहा आने वाले दिनों में भी दिव्यांगों की सूची तैयार कर उन्हें भी लाभ दिलाया जाएगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद,भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ,मुखिया प्रेम प्रसाद, मुखिया गुड्डू सिंह ,भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, सत्य प्रकाश पांडे, साधू मांझी, कुंदन सिंह, सुरेंद्र सिंह, संकटेश्वर सिंह, भाजपा नेत्री रीमा शर्मा ,देवांश यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ड्रोन कैमरे से होगी रामनवमी जुलूस की निगरानी, शांति व सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामनवमी को लेकर पुलिस-प्रशासन की ओर से शांति व सुरक्षा के मद्देनजर चाक चौबंद व्यस्था की गई है। जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने पिछले दिनों इसका ट्रायल भी किया है। उन्होंने लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने और पर्व को शांति और सौहार्द्रपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि ड्रोन कैमरे की मदद से जुलूस पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस पर्व को शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। संवेदनशील इलाकों के लिए अतिरिक्त पुलिस बल का इंतजाम किया गया है। मजिस्ट्रेटों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध परिस्थितियों की सूचना तत्काल देने को कहा है।

# रामनवमी को लेकर थाना क्षेत्र में विशेष तैयारी:डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने को लेकर शनिवार को प्रखंडों मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने प्रखंड वासियों से शातिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने की अपील की। कहा कि रामनवमी को लेकर प्रखंड क्षेत्र में व्यापक तैयारी की गई है। ड्रोन के माध्यम से नजर रखी जा रही है। जुलूस मार्गों पर भी ड्रोन से प्रशासन नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि अराजक व असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। ऐसे में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी प्रशासन को सहयोग करें।अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने लोगों से पर्व के दौरान शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी करकेट्टा ने सभी से विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद करने की बात कही। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि सोशल व इंटरनेट मीडिया पर तकनीकी टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। किसी भी भ्रामक और अपुष्ट सूचनाओं के प्रसारण पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में अंचल निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी, एसआई विक्रम शील, ए एसआई अमर कुमार बाऊरी, राजू मांझी, हरेंद्र प्रसाद, मो. नईम तनवीर आलम, मो. इदरीश सहित थाना पुलिस के कई पदाधिकारी व जवान शामिल थे।




# रामनवमी को लेकर प्रखंड पहुंचे डीसी, एसपी, जुलूस के रास्ते का निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सजग और सक्रिय है। पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बना रहे, जुलूस को सुगम बनाने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस सिलसिले में शनिवार को डीसी शशिरंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, एसडीएम सुलोचना मीणा, नगर आयुक्त जिला जावेद अहमद, आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने पांकी के मंदिरों और जुलूस के रास्तों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ मनोज कुमार झा, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी राजेश रंजन सहित कई पुलिस बल उपस्थित थे।

# रामनवमी जुलूस आज : आस्था व आकर्षण का केंद्र होगी हनुमानजी की विशाल प्रतिमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामनवमी का जुलूस रविवार को निकाला जाएगा। इसमें शामिल हनुमानजी की आदमकद प्रतिमा आस्था और आकर्षण का केंद्र होगी। सप्तमी तिथि को स्टेशन रोड स्थित निर्माणाधीन हनुमान मंदिर के पास मुख्य महावीरी ध्वज धार्मिक अनुष्ठान के साथ स्थापित किया गया। इसके पूर्व देवी धाम, नहर चौक शिव मंदिर, विश्वकर्मा महादेव मंदिर और काली मंदिर के समीप ऐसे ही छोटे-छोटे ध्वज स्थापित किए गए। इस वर्ष रामनवमी जुलूस को भव्य बनाने को लेकर आई हनुमानजी की विशाल प्रतिमा की भी पूजा-अर्चना की गई। मंत्रोच्चारण व अनुष्ठान पंडित शशि पांडेय ने किया। बतौर यजमान अमन कुमार, अवनीश कुमार और तन्मय कुमार ने रस्म अदायगी पूरी की। पूजा व झंडा स्थापित करने के बाद भव्य आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। इसे सफल बनाने में सार्वजनिक श्रीरामनवमी पूजा समिति के प्रमुख व्यवस्थापक राकेश कुमार सिंह के अलावा समिति के उपाध्यक्ष विनय मेहता सहित महेश चौरसिया, मनोज चौरसिया, प्रभात सिंह, सानू सिंह, मंटू, आकाश, जुगनू, पप्पू, छोटू, बिक्की, दीपू लाल अग्रवाल, रजनीश पाठक, दिलीप चौरसिया, अतुल कुमार, राजू मेहता, कृष्णा कुमार, पिंटू कुमार, ओम शंकर, शशि मेहता, हिमांशु कुमार, कुंदन चौरसिया, बिट्टू चौरसिया, कन्हाई राम, पिन्टू चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, रविरंजन सिंह, रविशंकर सिंह, हीरालाल चौरसिया व काफी संख्या में अन्य लोग शामिल थे। रामनवमी को लेकर सड़कों के किनारे लगाए गए महावीरी पताके, जयकारे, पूजा-अर्चना, अनुष्ठान और मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना गया है।



## एक नजर

### धूमधाम से निकाला गया रामनवमी का शोभा यात्रा

**ऊंटारी रोड़।** पांडू व ऊंटारी रोड़ में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि मयार्दा पुरूषोत्तम राम का शोभा यात्रा निकाला गया है। मर्यादा के साथ कतारबद्ध हो कर चले। इसमें प्रशासन भी आपकी मदद करेगी। इसके बाद हाथ में झंडा लेकर शोभा यात्रा के कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया। विधायक कुछ दूर तक शोभा यात्रा के साथ साथ चले। बताया कि जय श्री राम के जयकारों से गूंजते हुए रास्ते और भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि से मन को मोह लिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जवाहर पासवान,पांडू प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू सिंह, बजरंग दल संयोजक अंकित सिंह ,समाज सेवी दामोदर यादव,शशिकांत सिंह,फुलिया उप मुखिया शैलेश पाल सहित अन्य मौजूद थे।

# एसडीएम व एसडीपीओ ने देवरी में किया फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने हुसैनाबाद क्षेत्र के देवरी, बुधुआ, दंगवार, मोहम्मदाबाद में एसडीओ गौरांग महतो, प्रशिक्षु आईपीएस सह एसडीपीओ मो. याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू चौधरी,देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता समेत अनुमंडल के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया। विधि-व्यवस्था बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि रामनवमी को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशाशन पूरी तरह से मुस्तैद है। बिहार राज्य से लगने वाली सीमाओं दंगवार, देवरी कला, देवरी खुर्द आदि में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दंगवार व देवरी में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आने जाने वाले सभी लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना पुलिस पूरी तरह से तैयार है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, पुलिस ने शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान केंद्रित किया है, जहां असामाजिक और शरारती तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की आशंका हो सकती है। इन तत्वों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, ड्रोन जैसे आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। जिससे शरारती तत्वों की पहचान करने और उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई करने में मदद मिल सके। पुलिस का यह प्रयास है कि रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और सभी नागरिक शांतिपूर्वक इस पवित्र त्योहार को मना सकें। मौके पर रामनवमी पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

# स्टेशन पर शेड का निर्माण शुरू हर प्लेटफॉर्म पर होंगे तीन शेड

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सभी तीनों प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के धूप और बारिश से बचाव के लिए तीन अलग-अलग स्थानों पर वृहदाकार शेड निर्माण का काम शुरू हो गया है। प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो पर तीन नये जबकि 3-4 पर एक शेड निर्माण किया जा रहा है। इस पर पहले से ही दो शेड बने हुए थे। इस प्रकार हर प्लेटफॉर्म पर तीन-तीन शेड हो जाएंगे। लोगों ने इसे राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर बताया है। उनका मानना है कि अमृत भारत योजना के तहत मॉडर्न बिल्डिंग और नन इंटरलॉकिंग सिस्टम से ट्रेनों का परिचालन तो, शुरू कर दिया गया था, मगर नये स्टेशन भवन के सामने और अन्य प्लेटफॉर्म पर धूप और बारिश से यात्रियों के बचाव के लिए बड़े शेड का निर्माण नहीं किया जा सका था। सिर्फ पुराने प्लेटफॉर्म पर पहले से ही दो बड़े शेड अलग-अलग जगहों में बने हुए थे। जबकि इसके अलावा अन्य सभी प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए दूर-दूर में स्थित डबल और सिंगल सीमेंटेड बेंच पर मिनी शेड बने हैं। जो धूप और बारिश से बचाव के लिए नाकाफी साबित होते हैं। ऐसी स्थिति में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि चिलचिलाती धूप और झमाझम बारिश में इन शेड से किस कदर बचाव संभव हो पाती होगी। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोस चुनाव से ऐन पहले 26 फरवरी 2024 को ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 12.95 करोड़ की लागत से आधुनिक स्टेशन भवन और एक नये प्लेटफॉर्म निर्माण के बाद अन्य यात्री सुविधाओं और आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया था। इतनी राशि से जिन योजनाओं का विकास करना था, उनमें पर्याप्त और व्यवस्थित यात्री शेड सहित अन्य कई जरूरी यात्री सुविधाओं के नाम शामिल थे। मगर उनमें से मात्र फुट ओवरब्रिज के अलावा अन्य कोई यात्री सुविधाओं पर काम होता नजर आ रहा था। इस समस्या को राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुखता से प्रकाशित करने की वजह से ही शेड निर्माण का काम शुरू किया गया है।

नवीन मेल की खबर का असर



### प्रखंड प्रमुख ने रात्रि वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**पांकी।** प्रखंड के संगलदीपा में आयोजित रात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अवसर पर आयोजित समापन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, सकलदीपा मुखिया पति हफीजुल अंसारी, मुखिया पति रफीक अंसारी शामिल हुए। इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने हैंड कीक मारकर फाइनल मैच की शुरूआत की। टूर्नामेंट के आयोजकों ने सभी अतिथियों को माला पहना कर किया स्वागत। फाइनल मैच सकलदीपा खतरनाक बॉयज बनाम गेम चेंजर के बीच खेला गया। जिसमें 2-0 से गेम चेंजर टीम ने जीत दर्ज किया। प्रथम विजेता को नकद पुरस्कार 11,500 रुपए व उपविजेता को 7,786 रुपए दिया गया। साथ ही सभी खिलाड़ियों के बीच उपहार का वितरण किया गया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच मो, कैफ,मैन ऑफ द सीरीज मो,साकिब रहे। मौके पर महबूब आलम, लखन प्रसाद, विवेक सिंह सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### रामनवमी की पूर्व संध्या पर बाइक जुलूस निकाला

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र में रामनवमी की पूर्व संध्या पर शनिवार को मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। इसका आयोजन रामनवमी पूजा समिति के द्वारा किया गया था। जुलूस में सैंकड़ों की संख्या में युवा अपने हाथों में महावीरी झंडा लिए शामिल हुए। युवाओं द्वारा जय श्री राम, हरि बोल, भारत माता की जय आदि लगाए जा रहे नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। चाक चौबंद सुरक्षा के बीच यह जुलूस स्थानीय महावीर मंदिर से शुरू होकर मुख्य सड़क, अररूआ मोड़, मेन बाजार , महाराजगंज, सतगांवा आदि स्थानों का भ्रमण किया। बाद में पुनः महावीर स्थान पहुंच कर जुलूस समाप्त हुआ। जहां राम भक्तों ने मंदिर में माथा टेक कर भगवान से आशीर्वाद लिया। जुलूस को देखते हुए हर चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात थे। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी,सीओ मनीष कुमार सिन्हा,पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार व अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ जुलूस की निगरानी में तैनात थे। जुलूस को सफल बनाने में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बल्लू बलराम, सचिव सोनू जायसवाल, सन्नी गुप्ता,चंदन जायसवाल ,दिलीप स्वर्णकार, रामजी सिंह, करण राजवीर, बीनू जायसवाल, उत्कर्ष जायसवाल,रविन्द्र पासवान,राजेश शौंडिक, अजय सिंह, अमित कुमार, सौरभ कुमार, प्रकाश कुमार,मनोज कुमार,रिशु गुप्ता, पवन कुमार, संजीव कुमार, सीताराम, गौरव कुमार,शिवम कुमार, बिट्टू कुमार गुप्ता, विकास कुमार , सहित आस पास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों रामभक्तों ने अहम भूमिका निभाई।

### गांव की सुख समृद्धि के लिए जल यात्रा निकाला गया

**छतरपुर।** प्रखंड के तिलैया गांव में रामनवमी को लेकर तिलैया देवी मंडप से होकर बटाने डैम तक जल यात्रा निकाल गया। जल यात्रा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा, चराई पंचायत के मुखिया रविन्द्र राम सहित सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजन से गांव का वातावरण शुद्ध होता है। वहां के बच्चों को गांव समाज में रहने के तौर तरीकों का संस्कार मिलता है, जो एक राष्ट्र निर्माण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।आत्म शुद्धि होती है और गांव में समरसता फैलता है। ईश्वर पूरे गांव वालों को अच्छे से रखें, सुखी संपन्न रखें यही प्रार्थना है। कार्यक्रम के आयोजक रविंद्र कुमार यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम गांव व परिवार को ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त हो और सभी सुखी संपन्न रहें इसके लिए किया गया है। गोविंद यादव ने बताया कि पूरा गांव भक्तिमय हो चुका है।

# प्लेटफॉर्म नंबर एक पर मालगाड़ी खड़ा करने से दिव्यांग व बुजुर्गों की बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डीडीयू रेल मंडल के सोन नगर-गढ़वा रोड रेलखंड के जपला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर मालगाड़ी खड़ा कर प्लेटफॉर्म नम्बर दो पर पैसेंजर ट्रेन लाने से दिव्यांग, वृद्ध व मरीज यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। मालूम हो की जपला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म एक से दो पर फुट ओवरब्रिज को छोड़, व्हील चेयर से जाने-आने के लिए दिव्यांग के लिए कोई व्यस्था नही है। जिसके वावजूद डाउन पैसेंजर ट्रेन को प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर मालगाड़ी खड़ा कर पैसेंजर ट्रेन को दो पर लगाया जा रहा है। इस मामले को लेकर दिव्यांग संघ के पलामू जिला कोषाध्यक्ष उमेश मेहता ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, डीडीयू रेल मंडल को टैग किया है, और जल्द ही जपला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर एक से दो पर व्हील चेयर से जाने के लिए व्यस्था करने व पैसेंजर ट्रेन को प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर लगाने की मांग की है। साथ ही पैसेंजर ट्रेन को प्लेटफॉर्म नम्बर दो पर लगाने को लेकर स्टेशन मास्टर पर लापरवाही बरतने की बात कही है।

### पत्रकार को मातृशोक

**हुसैनाबाद।** शहर के कुम्हार टोली निवासी सह स्थानीय पत्रकार बिनोद सागर की मां जीरा कुंवर 77 वर्ष की बीती रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को देवरी कला सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिक, राजनीतिक सदस्यों के साथ पत्राकारों ने शोक व्यक्त की है।

## अपील

## अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रखने का निर्देश

# जिला के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला के पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज में डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एसडीओ गौरांग महतो, प्रशिक्षु आईपीएस सह हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी हैदरनगर दिव्यांश शुक्ला समेत जिले के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया। विधि-व्यवस्था बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश दिया। डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि रामनवमी को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशाशन पूरी तरह से मुस्तैद है। बिहार राज्य से लगने वाली सीमाओं दंगवार, देवरी कला, कबरा कला आदि में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दंगवार में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आने जाने वाले सभी लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद ,हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज थाना पुलिस पूरी तरह से तैयार है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, पुलिस ने शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान केंद्रित किया है, जहां असामाजिक और शरारती तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की आशंका हो सकती है। इन तत्वों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए ड्रोन जैसे आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। जिससे शरारती तत्वों की पहचान करने और उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई करने में मदद मिल सके। पुलिस का यह प्रयास है कि रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और सभी नागरिक शांतिपूर्वक इस पवित्र त्योहार को मना सकें। डीडीसी के साथ अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, हैदरनगर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला, बीडीओ विश्वप्रताप मालवा, सुनील कुमार, अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, एसआई अफजल अंसारी, विवेक कुमार के अलावा कई पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

### अधिकारियों ने हैदरनगर देवी धाम मेला का किया निरीक्षण

पलामू जिला के पुलिस व प्रशासनिक व पदाधिकारियों ने जिले के चर्चित हैदरनगर देवी धाम मेला का अवलोकन किया। पदाधिकारियों ने माता मंदिर में माथा टेका व प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर देवी धाम कमेटी ने उन्हें माता की चुनरी देकर उनका स्वागत किया। कमेटी से सचिव रामाश्रय सिंह ने देवी धाम परिसर में शौचालय, पेयजल व्यवस्था, हाई मास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट के अलावा बगल के पोखरा का सुंदरीकरण कराने की मांग की। डीडीसी ने मंदिर कमेटी से आग्रह किया कि वह मेला के बाद मिले। देवी धाम में जो भी व्यवस्था होगी वह करने का प्रयास करेंगे।

### रामनवमी पर भव्य झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड अंतर्गत सीताराम नगर कजरू कला में सोमवार को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी तिथि के पावन अवसर पर चैता दुगोला व भोजपुरी संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति के लोगों ने कहा कि सोमवार अपराहन 3:30 बजे दिन से सीताराम नगर मेन रोड कजरू कला पांडू में श्री रामनवमी जुलूस, महावीर झंडा का मिलान, झांकियों का भव्य प्रदर्शन और विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद रात्रि में चैता दुगोला का आयोजन किया जाएगा। इस भोजपुरी संस्कृति कार्यक्रम में धनबाद झारखंड से व्यास शिवशंकर यादव व बलिया उत्तर प्रदेश से व्यास स्वामी नाथ का शानदार प्रस्तुति देखने को मिलेगी। इससे पूर्व रविवार के दिन रतनाग में भी चैता दुगोला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निरंजन निरहुआ जहानाबाद बिहार व लव बिहारी औरंगाबाद बिहार के बीच दुगोला का कार्यक्रम शानदार प्रस्तुति देखने को मिलेगा।

## फ्लैग मार्च, ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी और नियंत्रण कक्ष से जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

# शांति में खलल डालने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

- रामनवमी पर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त
- अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसपी
- रामनवमी को लेकर प्रशासन सख्त, शांति और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम
- तरहसी के मां झालखंडी मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा, समिति ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को लेकर पलामू जिला प्रशासन द्वारा शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। शनिवार को उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के संयुक्त नेतृत्व में पांकी और तरहसी प्रखंडों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च में जिले के कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भी शामिल हुए।

पांकी में फ्लैग मार्च की शुरूआत पांकी थाना परिसर से हुई, जो श्री रामजानकी मंदिर, जुलूस मार्ग और मिलन स्थलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय लोगों एवं शांति समिति के सदस्यों से संवाद स्थापित कर समन्वय सुनिश्चित किया।

नवरात्र मेले की तैयारियों के तहत सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा प्रशासनिक टीम ने तरहसी प्रखंड अंतर्गत मझिगांवा गांव में स्थित प्रसिद्ध मॉ झालखंडी मंदिर पहुंचकर वहां की सुरक्षा, प्रवेश-निकास व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की तैयारियों की गहन समीक्षा की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त जावेद हुसैन एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा को सम्मानित किया और मंदिर से संबंधित जानकारियाँ साझा कीं।

उपायुक्त शशि रंजन ने मौके पर कहा कि श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्वक रामनवमी मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**ड्रोन, सीसीटीवी व सोशल मीडिया पर नजर; अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई**

**शांति समिति की बैठकें संपन्न, पुलिस बल की तैनाती, नियंत्रण कक्ष सक्रिय :** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि तकनीक की मदद से निगरानी को सशक्त किया गया है। ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस मार्गों पर नजर रखी जा रही है, वहीं सीसीटीवी कैमरे प्रमुख स्थलों पर लगाए गए हैं। सोशल मीडिया एवं इंटरनेट मीडिया की भी सतत निगरानी की जा रही है ताकि किसी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि जिले भर में शांति समिति की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं और सभी संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। नगर निगम क्षेत्र में पेयजल, चलंत शौचालय और डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**जिले के अन्य प्रखंडों में भी फ्लैग मार्च**

मनातू, पांडू समेत जिले के अन्य प्रखंडों में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। सभी स्थानों पर रामनवमी को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, अनुमंडल, प्रखंड, अंचल एवं थाना स्तरीय पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## 'रामनवमी को लेकर शहरी क्षेत्र में निकला फ्लैग मार्च'

- ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहरी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पलामू उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने किया। यह मार्च शहर थाना से प्रारंभ होकर अस्पताल चौक, कनीराम चौक, लाल कोठी, मुस्लिम नगर, घड़ा पट्टी, धोबी मोहल्ला, जिला स्कूल चौक होते हुए छः मुहान तक गया। मार्च के दौरान ड्रोन से क्षेत्र की निगरानी की जा रही थी। जिले के लगभग सभी विभागों के पदाधिकारी इसमें शामिल थे। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। थाना क्षेत्र में एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि रामनवमी श्रद्धा, भक्ति व उत्साह का पर्व है, इसे शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में व्यापक एहतियात बरते जा रहे हैं। दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। शांति समिति की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं। जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है। नगर निगम के माध्यम से पेयजल, चलंत शौचालय, डस्टबिन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

**डीजे देखकर उपायुक्त व पुलिस कप्तान रुके, कमेटी को चेतावनी**

फ्लैग मार्च के दौरान कनीराम चौक पर हिंदू सेवा समिति द्वारा आयोजित रामनवमी पूजा स्थल पर सड़क पर खड़े डीजे को देखकर उपायुक्त व पुलिस कप्तान रुक गए। उन्होंने निर्देश दिया कि डीजे की संख्या कम की जाए तथा ट्रैक्टर के आगे लगाया गया बॉक्स तुरंत हटाया जाए। निर्देश का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस फ्लैग मार्च में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू सहित जिले के वरीय पदाधिकारी, अनुमंडल, प्रखंड, अंचल व थाना स्तरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## श्री महावीर नवयुवक दल (जनरल) ने निकाला आकर्षक सप्तमी का गोल

- रावण दहन व लाठी-गदका प्रदर्शन के साथ रामभक्तों ने किया पारंपरिक आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**


**मेदिनीनगर।** श्री महावीर नवयुवक दल (जनरल) द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सप्तमी के अवसर पर आकर्षक गोल निकाला गया। यह आयोजन शिवाला घाट से प्रारंभ होकर जय श्रीराम के जयकारों के साथ जोरावर राम मोड़, लाल कोठा, मुस्लिम नगर, कन्नी राम चौक, सतार सेठ चौक, विष्णु मंदिर और थाना रोड होते हुए छः मुहान पहुंचा, जहां रावण दहन किया गया। रावण दहन जनरल अध्यक्ष जुगल किशोर द्वारा किया गया। इसके उपरांत पंच मुहान पर आरती के साथ गोल का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर खिलाड़ियों ने लाठी और गतका का प्रदर्शन कर दर्शकों को आकर्षित किया। पारंपरिक कथा के अनुसार पंचमी को हनुमान जी सीता माता की खोज में निकले और षष्ठी को उन्हें अशोक वाटिका में दर्शन हुए, जिसके बाद सप्तमी को रावण दहन की परंपरा निभाई गई। इस आयोजन में श्री महावीर नवयुवक दल (जनरल) के अलावा समाज कल्याण समिति कुंड मोहल्ला, हिंदू सेना संघ कन्नी राम चौक, होकर संघ छः मुहान, सर्वोदय संघ जेलहाता सहित अनेक अन्य संघों ने भी भाग लिया। सभी गोल दल एकत्र होकर जोरावर राम चौक पर जनरल गोल से मिलकर आगे बढ़े। इस अवसर पर कई प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक लाठी खेली। आयोजन को सफल बनाने में जनरल के पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियाँ बखूबी निभाईं। मौके पर बबलू गुप्ता, विजय ओझा, सुरेश कुमार टॉम, दीपू चौरसिया, अरविंद अग्रवाल, प्रदीप अकेला, अशोक गिरी, प्रभात अग्रवाल भोला, राजू चंद्रवंशी, आकाश कुमार, रितेश कुमार, कुणाल किशोर, शुभम प्रसाद, सुनील चंद्रवंशी, शुभम राज, अभिषेक राज, प्रकाश गोस्वामी, विशाल कुमार, आकाश, स्वस्तिक आदि सैकड़ों रामभक्त शामिल थे।

## नए टीओपी-2 प्रभारी बने एएसआई राकेश कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टीओपी-2 के नए प्रभारी के रूप में एएसआई राकेश कुमार को नियुक्त किया गया है। पूर्व प्रभारी एसआई अनिल सिंह को पद से हटा दिया गया है। यह बदलाव उस समय हुआ जब बुधवार को टीओपी-2 से मात्र 200 मीटर दूर एक मोहल्ले में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने तत्कालीन टीओपी प्रभारी को हटाने की मांग की थी। लोगों की भावनाओं और घटनास्थल की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीओपी-2 प्रभारी का स्थानांतरण कर दिया। नव नियुक्त प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी और शांति-सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जाएगी।



## डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज में आनंद मोटर्स ने किया कैंपस सिलेक्शन

- चार छात्रों का हुआ प्रारंभिक चयन, 7 अप्रैल को होगी अगली प्लेसमेंट ड्राइव




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बेतला रोड, डाल्टनगंज में आनंद मोटर्स (महिंद्रा एंड महिंद्रा के डीलर) के द्वारा कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया गया। इसमें इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्रों ने भाग लिया। कंपनी के जनरल मैनेजर (सेल्स) प्रमोद श्रीवास्तव और एकाउंट्स हेड एवं ग्रुप मैनेजर राजीव रंजन सिंह ने कुल 17 छात्रों का इंटरव्यू लिया, जिनमें से चार छात्रों का चयन पहले चरण के लिए किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान छात्रों के प्लेसमेंट को लेकर हमेशा सक्रिय रहता है। उन्होंने जानकारी दी कि 7 अप्रैल 2025 को डीटी लिमटेड कॉलेज में कैंपस ड्राइव आयोजित करेगी। इस मौके पर कॉलेज के प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. सुमित अग्रवाल, इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, मैकेनिकल विभागाध्यक्ष यशवंत कुमार और प्रकाश कुमार भी उपस्थित रहे।

## आपसू ने कुलपति का किया स्वागत, सौंपा 9 सूत्री मांग पत्र

- कुलपति ने दिया सकारात्मक आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. दिनेश प्रसाद सिंह से शनिवार को अखिल पलामू छात्र संघ (आपसू) के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को अंगवस्त्र और श्रीमद्भगवद गीता भेंट कर उनका स्वागत किया। केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, राहुल दुबे एवं विश्वविद्यालय संयोजक शालिनी अग्रवाल के नेतृत्व में एक 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कुलपति की ऊर्जा व दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि पलामू को उनसे बहुत उम्मीदें हैं। राहुल दुबे ने कॉलेजों में व्याप्त भ्रष्टाचार, लालफीताशाही और शैक्षणिक अराजकता को विस्तार से रखा, जिस पर कुलपति ने तीन दिन के भीतर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। शालिनी अग्रवाल ने गर्ल्स कॉमन रूम, मास्टर रूटीन, पुस्तकालय सुविधा और आईकार्ड जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की मांग की। मांग पत्र में विश्वविद्यालय व कॉलेजों के टॉपर्स को अस्थायी रूप से अध्यापन की अनुमति देने, वोकेशनल कोर्सेज की पढ़ाई विश्वविद्यालय परिसर में ही संचालित करने, मास्टर रूटीन व केंद्रीकृत परीक्षा कैलेंडर लागू करने, अनुचित व्यवहार व अंक कटौती की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने, वर्चुअल क्लासरूम के प्रभावी उपयोग तथा शोध और कार्यशालाओं को प्रोत्साहित करने की मांग शामिल थी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव रंजन, उपाध्यक्ष कुणाल किशोर, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष साहिल गुप्ता, जेएस कॉलेज अध्यक्ष हिमांशु तिवारी, छात्रा प्रमुख सानिया अग्रवाल, गढ़वा जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश दिव्यांशु, महिला कॉलेज प्रभारी जुही यादव, बिरजू, अंकु समेत कई छात्र नेता मौजूद थे।

## प्रभु श्रीराम-निषाद राज की मित्रता से मिलती है सामाजिक समरसता की सीख : गंगोत्री तिवारी

- ठाकुरबाड़ी में नवाहन पारायण महायज्ञ के छठे दिन रामकथा के दौरान श्रद्धालुओं को मिला प्रेरक संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ठाकुरबाड़ी में चल रहे नौ दिवसीय नवाहन पारायण महायज्ञ के छठे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामचरितमानस का पाठ किया। इसके पश्चात हरिद्वार से पधारे कथावाचक गंगोत्री तिवारी ने संगीतमय रामकथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।


कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जब प्रभु श्रीराम को वनगमन का आदेश मिला, तो माता सीता और भाई लक्ष्मण ने भी उनके साथ वनगमन किया। यह हमारी सनातन संस्कृति की महानता दशार्ता है, जिसमें पत्नी और भाई अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। मां सीता ने कांटों भरे मार्ग को स्वीकार कर पति धर्म निभाया, वहीं लक्ष्मण ने राजसुख छोड़कर भाई धर्म का निर्वहन किया।

गंगोत्री तिवारी ने कहा कि श्रीराम और निषाद राज की मित्रता आज के समाज के लिए प्रेरणा है। यह दशार्ता है कि सच्ची मित्रता जाति, वर्ग और स्थिति की सीमाओं से परे होती है। निषाद राज ने विपरीत परिस्थितियों में भी प्रभु श्रीराम का साथ निभाया, यही सच्ची मित्रता का प्रतीक है। कथा से पूर्व महायज्ञ समिति की ओर से गंगोत्री तिवारी को सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

महायज्ञ में यज्ञ समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी, मंत्री चंचल तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजन पंडित, प्रभात रंजन तिवारी समेत अन्य लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## पलामू प्रमंडल में 60 से अधिक दागी पुलिसकर्मी कई पर गंभीर आरोप, मुख्यालय ने मांगी रिपोट

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के तीन जिलों–पलामू, गढ़वा और लातेहार में 60 से अधिक पुलिस अधिकारियों पर गंभीर आरोप सामने आए हैं। इनमें इंस्पेक्टर से लेकर एएसआई रैंक तक के अधिकारी शामिल हैं, जिनमें से कई पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि कुछ जमीन दलाली जैसे विवादास्पद गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने प्रमंडल के डीआईजी वाईएस रमेश से सात बिंदुओं पर आधारित एक विस्तृत रिपोर्ट तलब की थी, जिसमें पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली, आचरण, और सामाजिक छवि से संबंधित बिंदु शामिल थे। इसके बाद डीआईजी ने तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों से विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई। रिपोर्ट के अनुसार, अकेले पलामू और गढ़वा में लगभग 20-20 तथा लातेहार में 25 से अधिक ऐसे अधिकारी चिन्हित किए गए हैं, जिनकी भूमिका सवालों के घेरे में है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि कई अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करते हैं और ड्यूटी के प्रति लापरवाह रवैया अपनाते हैं। कुछ पर केस के अनुसंधान को प्रभावित करने, जबकि कुछ पर जमीन विवाद को बढ़ावा देने के आरोप भी हैं।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिंदुरिया पंचायत के शिव नगरी निवासी बुटन भुइयां के पुत्र धनंजय भुइया को बाइक से धक्का लगाने से घायल हो गया। घायलावस्था में अरसली उतरी मुखिया पति सह समाजसेवी पिंटू आलम ने टेंपू से भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सीएचओ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में लोगो ने बताया की धनंजय भुइयां अपने घर शिव नगरी से पैदल टाउनशिप आ रहा था। इस क्रम में नवा बाजार के समीप पीछे से आ रहे बाइक ने धक्का मार दिया। धक्का मरने के बाद बाइक भाग गया।

### शांति व्यवस्था रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला

**भवनाथपुर।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को भवनाथपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्थानीय थाना पुलिस के इंस्पेक्टर गुलाब सिंह,थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण रवानी,खरौंधी थाना प्रभारी रवि केसरी,हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफी उल्ला अंसारी के साथ-साथ पुलिस बल के जवान भी शामिल थे। फ्लैग मार्च भवनाथपुर बाजार, मुख्य चौक-चौराहों और संवेदनशील अरसली उतरी दक्षिणी, सिंदुरिया, कैलान होते हरिहरपुर इलाकों से होकर गुजरा। इसका उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव पैदा करना और उपद्रवियों को सख्त संदेश देना था कि प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में तीन नई बसों का शुभारंभ

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भावनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा एवं अभिभावक राजू सिंह केतार ने संयुक्त रुप से तीन नई बसों का वैदिक विधि से पूजा अर्चना कर विद्यालयीय बच्चों के आवागमन हेतु शुभारंभ किया । बच्चे नई बस पाकर काफी खुश थे तथा नई बसों के सफर हेतु उत्साहित भी थे। विद्यालय के शिक्षक आचार्य प्रवीण पाण्डेय ने पूजा अर्चना कराने के पश्चात प्राचार्य के हाथों से तीनों बसों के चालको को चाबी सुपुर्द कराया । प्राचार्य ने चालकों को गाड़ियों के अच्छे से संचालन हेतु निर्देश भी दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी शौकत अली,संजय कुमार राय, लाल कमल द्विवेदी, पूर्वी रंजन, नेहा कुमारी, सूरज कुमार सिंह तथा अन्य कई शिक्षक शिक्षिकाएं भी मौजूद थे।

### भाईचारा व शांति से रामनवमी मनाने की अपील

**मेराल।** रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद अंचल अधिकारी यशवंत नायक वीडियो सतीश भगत एवं थाना प्रभारी विष्णु कांत ने पुलिस बल के साथ शांति एवं सुरक्षा को लेकर मेराल थाना से फ्लैग मार्च शुरू किया गया। मार्च मेराल बस स्टैंड से होकर हाई स्कूल होते बाजार देवी धाम से अस्पताल तक पहुंचा। इस अवसर पर अंचलाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व को संपन्न करना प्रशासन से लेकर आम जनता तक का दायित्व है। जिसका निर्वहन सभी लोगों को आगे बढ़ चढ़कर करना चाहिए। पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद ने कहा कि पुलिस प्रशासन हमेशा चौकस है। उन्होंने लोगों से प्रेम भाईचारा एवं शांति से रामनवमी पर्व को मनाने की अपील किया। इस अवसर पर एस आई प्रेम प्रकाश पांडेय, रवि कुमार, दीपक पासवान, अरविंद कुमार, सहित पुलिस पदाधिकारी एवं पुरुष, महिला सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# विद्यालय के शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षक पर कार्यमुक्त की प्रक्रिया शुरू

**एक शिक्षक निलंबित, प्रभारी प्रधानाध्यापक पर आरोप पत्र गठित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी में कार्यरत शिक्षक बबन सिंह, धीरेंद्र पाल पर इस विद्यालय के कक्षा दो के छात्र से छुट्टी के बाद 2:30 बजे सिर व पैर दबवाने का मामला बीते दिनों उपायुक्त शेखर जमुआर के संज्ञान में आया था। मामला संज्ञान में आने के बाद उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, भवनाथपुर से इसकी विधिवत जांच कराई गई। जांच के समय आरोपी शिक्षक धीरेंद्र पाल आकस्मिक अवकाश पर जबकि बबन सिंह अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एखलाख अंसारी सहित अन्य शिक्षक, विद्यालय के बच्चों से पूछताछ, जांचोपरांत प्रतिवेदित किया गया है कि दोनों शिक्षक प्रायः शराब का सेवन कर विद्यालय आते हैं। इन लोगों द्वारा पठन-पाठन कार्य में रूचि नहीं लिया जाता है। पढ़ाई के समय कुछ बच्चे विद्यालय से बाहर निकल कर घूमते रहते हैं। इनके प्रभारी प्रधानाध्यापक एखलाख अंसारी द्वारा विद्यालय संचालन में कोई रूचि नहीं ली जाती है और न ही इनके द्वारा कक्षा में जाकर बच्चों से कुछ पूछताछ किया जाता है। इस प्रकार की घटना में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एखलाख अंसारी की भी संलिप्तता पाई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के बाद उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज को सभी दोषी शिक्षकों से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया, जिसके आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेलपहाड़ी के सहायक अध्यापक धीरेन्द्र पाल, सहायक शिक्षक बबन सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक एखलाख अंसारी से 26 मार्च को कारण पृच्छा जारी कर 29 मार्च तक जवाब देने को कहा गया। उन लोगों के द्वारा आज तक जवाब अप्राप्त है। उपायुक्त ने तीनों दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक अध्यापक धीरेन्द्र पाल को कार्यमुक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। सहायक शिक्षक बबन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मझिआंव के कार्यालय में निर्धारित किया गया है। इस अवधि में श्री सिंह को जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा, जबकि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एखलाख अंसारी के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में किसी भी स्तर पर अनियमितता संज्ञान में आने पर जिला प्रशासन द्वारा नरमी नहीं बर्ती जायेंगी तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### विद्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कोई हताहत नहीं

**कांडी।** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा में शनिवार को बड़ी घटना घटने से बची। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे स्कूल के बरामदा में लगाए गए बिजली बोर्ड व मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गयी। आग की तेज लपटें निकलने लगी। शिक्षकों ने किसी तरह लकड़ी व बांस के सहारे आग को बुझाया। उस समय बगल में ही बच्चे अपने क्लास में पढ़ाई कर रहे थे। अगर आग और फैल जाती तो बड़ी घटना घट सकती थी। आग लगने से चारो तरफ धुंआ फैल गया था। स्कूल के हेडमास्टर मोहम्मद गुलाम कादिर ने बताया कि बिजली मीटर जल जाने से स्कूल में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई है। इससे इस भीषण गर्मी में बच्चों को लाइट, पंखा की सुविधा से वंचित रहना पड़ेगा। साथ ही कंप्यूटर क्लास भी प्रभावित रहेगा। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना विभाग को दे दी गयी है।

## न्यूज बॉक्स

### रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क, निकला फ्लैग मार्च

**चिनियां।** रामनवमी को लेकर चिनियां प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शनिवार को चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार और अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव के नेतृत्व में चिनियां बाजार व आस-पास के इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा रामनवमी एक आस्था और विश्वास का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा प्रशासन की ओर से हर जरूरी तैयारी की गई है। लोग किसी भी प्रकार की अफवाह से दूर रहें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। मौके पर एएसआई नवीन कुमार राणा, काशिद हुसैन, राजस्व कर्मचारी विनोद कुमार दुबे, राजस्व उप कर्मचारी विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर हैं: थाना प्रभारी

**कांडी।** रामनवमी को लेकर कांडी पुलिस ने शनिवार को कांडी में फ्लैग मार्च निकाली।अंचलाधिकारी राकेश सहाय व थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च थाना प्रांगण से शुरू होकर ब्लॉक,बाजार होते बिजली ग्रिड तक गई। उसके बाद वापस थाना तक आकर समाप्त हो गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के लोग रामनवमी का पर्व शांति व शौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। कांडी की पुलिस पूरी तरह सतर्क है। पुलिस की असामाजिक और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर है। फ्लैग मार्च में एसआई जुली टुड्डू,विनय मांझी,आशीर्वाद महतो,वीरेंद्र पासवान, निरंजन पासवान के अलावे कई पुलिस बल शामिल थे।

### रामनवमी जुलूस को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मझिआंव।** प्रखंड के मुख्य बाजारों में रामनवमी पर्व के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का उद्देश्य रामनवमी के जुलूस को शांतिपूर्वक तरीके से निकालने और समापन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। बताते चले की मझिआंव के मुख्य बाजार में सीओ प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रखंड में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए फ्लैग मार्च के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि जुलूस के दौरान कोई समस्या उत्पन्न न हो।

### चैता दुगोला का विधायक ने किया उद्घाटन

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के अजनिया मोड़ के समीप शुक्रवार रात्रि में चैता दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव में किए गए एक-एक वादा को पूरा करेंगे। हमारी सरकार सभी वर्गों के विकास में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा युवा शक्ति परिषद के अध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता द्वारा हर वर्ष चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे बाहर से आये कलाकरों से यहां के ग्रामीणों को गीत, संगीत, नृत्य देखने-सीखने और आनंद लेने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि चैत्र माह में वर्षों से चैता दुगोला गाये जातें हैं, इससे पारंपरिक संगीत कि झलक मिलती है।आज के समय में चैता दुगोला भी आधुनिक तरिके से गाये जाने लगा है। इससे युवा वर्ग भी इस तरह के कार्यक्रम में भरपूर रूचि लेते हैं। उक्त कार्यक्रम झारखंड के आश्रेस अकेला एवं उत्तर प्रदेश के स्वामी नाथ के टीम के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। इसमें झारखंड के आश्रेस अकेला कि टीम को निर्णायक मंडली के द्वारा विजेता घोषित किया गया।इस मौके पर झामुमो नेता दीपक प्रताप देव, जीप सदस्य धर्मराज पासवान, रजनी शर्मा, बलिगढ़. मुखिया ललिता देवी, प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, उप प्रमुख शम्भू सिंह, बबलू सिंह, मानिक सिंह,दिन दयाल गुप्ता लालेश्वर राम, कामेश्वर सिंह शुशील यादव,अशोक ठाकुर, छोटन सिंह,रमेश राम, मनीष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारभूमि पोर्टल के भूमि सीमांकन, एसएमएस नोटिफिकेशन को लेकर उपायुक्त ने सीओ को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राजस्व, निबंधन व भूमि सुधार विभाग (भू-अभिलेख व परिमाप निदेशालय), झारखंड सरकार द्वारा जारी पत्र के आलोक में उपायुक्त शेखर जमुआर ने गढ़वा जिले के सभी अंचल अधिकारियों, राजस्व पदाधिकारियों, कर्मचारियों को झारभूमि पोर्टल अंतर्गत लैंड डिमारकेशन मॉड्यूल में एसएमएस व्यवस्था को क्रियान्वित करने के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से लोगों को अपने जमीन संबंधित कार्यों को करने में सहूलियत होगी। इसके माध्यम से जमीन संबंधित मामले पारदर्शी तरीके से होंगे, जिससे आमजनों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ेगा। इस व्यवस्था के तहत, जब किसी भूमि सीमांकन के आवेदन के विरुद्ध अंचल अधिकारी द्वारा आवेदन शुल्क अद्यतन किया जाएगा, तब आवेदक को रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से सूचना प्राप्त होगी। इस एसएमएस में आवेदक को भूमि सीमांकन वाद संख्या, मौजा, अंचल, जिला की शुल्क भुगतान हेतु लिंक जनरेट हो गया है, इस तरह की सूचना आवेदक के मोबाइल पर प्राप्त होगी, जिसमें उन्हें यह बताया जाएगा कि झारभूमि पोर्टल पर लॉगिन कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें।

## भजन गायिका शहनाज ने अपने प्रस्तुति से बांधी शमां

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** शहर के गोसाईंबाग मैदान में रामनवमी को लेकर श्री राम सेना द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की मशहूर भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, श्रीराम सेना अध्यक्ष रजनी कांत मधुर, मन्नू बाबा,पूर्व नप उपाध्यक्ष लता देवी ने दीप जलाकर किया। उद्घाटन के बाद कहा विधायक ने कहा कि भगवान श्री राम हम सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं। हम सभी के आदर्श भगवान राम के जीवन चरित्र को अपनाकर समाज को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों का सहयोग मिलता रहा तो आगे भी इस तरह का कार्यक्रम होगा। उद्घाटन के बाद जैसे ही शहनाज अख्तर स्टेज पर आयी लोगों में जोश भर गया। इस दौरान शहनाज ने एक से बढ़कर एक गीत की प्रस्तुति दी. भजनों पर स्थानीय लोग झूम उठे। विधायक अनंत प्रताप देव, युवा नेता दीपक प्रताप देव, मन्नू बाबा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय,पूर्व नप उपाध्यक्ष लता देवी, श्री राम सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, गद्दू कुमार, कामेश्वर प्रसाद, अमरनाथ पांडेय, मिंटू कुमार, संजीत कुमार छोटू, तस्लीम खान, नीरज जायसवाल, राजा सिंह,बबलू जायसवाल, अशोक कुमार, कमलेश मेहता, कामता प्रसाद, प्रताप जायसवाल, उदय जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रभारी एमओ ने पीडीएस डीलर से स्पष्टीकरण मांगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सीओ सह प्रभारी एमओ विकास पांडेय ने शनिवार को प्रमुख करुणा सोनी, गोदाम प्रबंधक राहुल प्रकाश पंसस पति अनुज कुमार के साथ शनिवार को डीलर रामस्वरूप राम के गोदाम की जांच किया। जांच के दौरान पाया कि गोदाम में 32 बोरा गेहूं, 47 बोरा चावल है इसका वीडियोग्राफी भी कराया गया है। साथ ही अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देने और बिना सूचना 4 अप्रैल को गोदाम बंद रखने के लिए डीलर से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। उन्होंने बताया की ग्रामीणों द्वारा आवेदन 29 मार्च को मिला था। उसके बाद से प्रखंड कार्यालय में 3 अप्रैल तक अवकाश था। अवकाश बाद तुरंत ही उक्त आवेदन की जाँच की गयी। मार्च माह का राशन उक्त डीलर को आवंटित हो चूका है। यदी लाभुकों द्वारा राशन का उठाव 10अप्रैल तक नहीं किया गया, तो उनका राशन लैप्स कर जायेगा। यदी डीलर के पास से उपभोक्ता राशन नहीं लेना चाहते हैं, दूसरे डीलर के पास लेना चाहते हैं, तो इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उनका डीलर बदल जायेगा। लेकिन मार्च माह का राशन उन्हें इसी डीलर से लेना होगा।

### झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बने तेज बहादूर सिंह

**डंडई।** प्रखंड में शनिवार को झामुमो पार्टी का नया कमेटी गठन किया गया। उसके अनुसार तेज बहादुर सिंह को प्रखंड अध्यक्ष, मनीरुउद्दीन अंसारी को उपाध्यक्ष, अनिल राम को सचिव, कंहाई यादव को उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर प्रसाद को संगठन सचिव बनाया गया है। जिला अध्यक्ष तनवीर आलम के प्रेषित पत्र के आलोक में झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा शनिवार को इसकी मंजूरी दी गई। बता दें कि इससे पूर्व प्रखंड स्तर के उक्त पार्टी की सभी कमेटिया भांग थी।

### रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**रमना।** रामनवमी पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार हैं। शनिवार को श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में श्री बंशीधर नगर, रमना और बिशनपुर थाना क्षेत्र की पुलिस द्वारा संयुक्त रूप फ्लैग मार्च किया गया।इस फ्लैग मार्च में चार पहिया और दो पहिया वाहनों के साथ निकली पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों, संवेदनशील इलाकों और चौक-चौराहों पर गश्ती करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस समय पुलिस अधिकारी खुद मोर्चा संभाले हुए है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद के लिए गश्ती बढ़ा दी गयी है इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और आम लोगों से भी सहयोग की अपील की गई। इस विशेष फ्लैग मार्च अभियान में पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह,रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार,श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी,बिशनपुर थाना प्रभारी सहीत पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थें।

## रामनवमी पर भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** रामनवमी पूजा समिति, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने भंडारा का भी शुभारंभ किया। रंका रघुनाथ अखाड़ा रामनवमी पूजा समिति द्वारा रंका अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह,अनुमंडल पुलिस इंस्पेक्टर, दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रतन सिंह,कटरा पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार,गोलू सिंह को अंग वस्त्र देकर रामनवमी पूजा समिति ने किया सम्मानित। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में हजारों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप ने रामनवमी पर्व के लेकर अनुमंडल के सभी ग्राम वासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रंका प्रशासन की ओर से रामनवमी पूजा में सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की गई है। मौके पर रामनवमी पूजा समिति का अध्यक्ष सल्पानी सिंह, सचिव रवि कुमार उर्फ चप्पू, उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, उप सचिव डॉक्टर दीनानाथ चौधरी, शिक्षक अखिलेश्वर सिंह,सुनील माली, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार चौधरी,सोनू मद्धेशिया मीडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार युवा संयोजक रानू राजकमल सिंह राजन कुमार ओमप्रकाश गुप्ता अंकित दुबे आलोक कुमार दिनेश प्रसाद एवं विवेक कुमार सोनी ,उत्तम पांडे, सक्रिय सदस्य छोटू कुमार, शिवम सोनी, विक्की दास, अविनाश पटेल, धर्मवीर सिंह, सौरभ सिंह, राहुल सोनी, राजू गुप्ता, पंकज गुप्ता, शिवम कुमार, राजेंद्र राम, महेश मेहता, रोहित कुमार, सहित सभी राज राम भक्त उपस्थित थे।

### सरकारी स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**खरौंधी।** प्रखंड अंतर्गत 58 सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा प्रथम, कक्षा छठवीं एवं नवम में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन प्रकाश ने बताया कि सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वह नामांकन प्रक्रिया को समय पर पूर्ण करें और अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल से जोड़ें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नामांकन को लेकर पहले से ही व्यापक तैयारी की गई है। हर विद्यालय ने अपने पोषक क्षेत्र में शिशु पंजी (बच्चों का रजिस्ट्रेशन) का अद्यतीकरण कर लिया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विशेष रूप से कक्षा प्रथम में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है। प्रखंड स्तर पर अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की नामांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

**सराहनीय पहल** | विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

## पावर प्लांट लगाकर नवजवानों को रोजगार देंगे: अनंत प्रताप देव

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने शनिवार को केतार प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इस क्रम में उन्होंने खोनहर गांव में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तीन मुहान से श्मसान घाट तक 1.5 करोड़ कि लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। मुकुन्दपुर गांव में जिला अनाबद्ध योजना की राशि 33 लाख रुपए की लागत से बनने वाली मुख्य पथ से नारायण वन सूर्य मंदिर तक पीसीसी सड़क, बांसडीह गांव में 2.25 करोड़ रुपए कि लागत से सड़क शिलान्यास एवं बांसडीह कलां गांव में 27 लाख की लागत से मुख्य पथ से अजय यादव के घर तक बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र कि सबसे बड़ी समस्या पलायन का है। भवनाथपुर में हर हाल में पावर प्लांट लगाकर नवजवानों को रोजगार दुंगा। पुर्व विधायक ने इस क्षेत्र के नवजवानों को बरगलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार मंईयां योजना कि राशि देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है।उन्होंने कहा कि उक्त चार महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास कर चुनाव में किए गये वादों को पुरा कर रहा हुं। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने कि हिदायत दी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, सचिव छोटन सिंह, संजय वर्मा,राम बिचार साहू, रामेश्वर प्रसाद सिंह,कामेश्वर सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, नेमचंद्र साह, सुरेन्द्र यादव, श्री राम सिंह, सुर्यनाथ सिंह, मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, दिनेश वर्मा, डां अनीश गुप्ता,सुरेश प्रसाद, ब्रह्मदेव गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।


**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01 वर्ष 2025–26**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 11.04.2025 (अपराह्न 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 12.04.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष,(पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 12.04.2025 को 03:00 बजे अपराहन, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत नगर पंचायत के पुराना पुलिस लाईन में अवस्थित बहुउद्देशीय भवन का चाहरदिवारी निर्माण। | 2498100 | 50000 | 5000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद, लातेहार

PR 349810 Rural Development(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**
**E-mail :- eengbcdlatehar-jhr@nic.in**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–01/2025–26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **Dismantling and Assesment of Salvage Value of Old Hazat & Old Staff Quarters in the Campus of Civil Court, Latehar** के नीलामी हेतु मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक–12.04.2025 को 3:00 बजे अपराह्ण तक इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम सुरक्षित राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling and Assesment of Salvage Value of Old Hazat & Old Staff Quarters in the Campus of Civil Court, Latehar | 22988 /- | 2300 /- |

नीलामी की शर्ते निम्नवत है:–
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन/पाँच वर्शीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से सात दिनों के अन्दर कचरा को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
5) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.349798 Building(25-26):D

### रामनवमी को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में फ्लैग मार्च निकला

# जुलूस पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी

**● सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर जिला अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रशासनिक पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस बल के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारे के साथ रामनवमी का त्योहार मनाने की अपील की गई। रामनावमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी चौक-चौराहों और जुलूस में पुलिस के जवान रहेंगे। जिला प्रशासन नागरिक सुविधाओं की बेहतरी का ध्यान रखेगी। लोग संयमित और अनुशासित तरीके से त्योहार मनाएं। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखेगी। सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें। किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। तय रूट पर ही जुलूस निकालने की बात कही गई। ड्रोन और वीडियोग्राफी के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। आपसी सौहार्द और त्योहार के शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डालटनगंज से आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग

डालटनगंज की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को होटवाग चौक पर ही रोक दिया जाएगा। वहीं छोटी वाहन माको मोड़ से होते हुए परिवहन कार्यालय, डीपीएस जूनियर स्कूल, चटनाही चौक, बाईपास, बस स्टैंड, डॉ. धर्मशीला चौधरी की गली, उपायुक्त कार्यालय के पीछे से समाहरणालय गेट होते हुए पानी टंकी के पास बैरिकेडिंग पार करेंगे और फिर होटल यम्मी होते हुए चंदवा की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। रांची की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मार्ग रांची से आने वाली बड़ी गाड़ियाँ होटल यम्मी के पास रोक दी जाएंगी। वहां से छोटी वाहन उपरोक्त मार्ग से वापस होटवाग चौक की ओर निकल सकेंगी।

### रामनवमी को लेकर स्वास्थ्य सेवाएं मुस्तैद

रामनवमी पर्व को देखते हुए लातेहार जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिले में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ और धार्मिक जुलूसों के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की है। पर्व के दौरान किसी भी चिकित्सकीय आपात स्थिति में सीधे संपर्क के लिए जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के नंबर जारी कर दिया गया है। रामनवमी पर्व के मद्देनजर लातेहार जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति से बचने के लिए शहरी क्षेत्र में वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था पर्व के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

# विद्यार्थियों पर मधुमक्खियों का हमला, दर्जनों घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित मध्य विद्यालय सासंग में शनिवार सुबह मधुमक्खियों ने अचानक विद्यालय प्रांगण में खेल रहे बच्चों पर हमला कर दिया। इससे अजय भुइयां, अमीश यादव, आकाश कुमार, आयुष कुमार, नाहिद रजा, कृति कुमारी,आशिका कुमारी, माही कुमारी,उत्तम कुमार सोनी, पल्लवी,काजल कुमारी समेत कई बच्चे घायल हो गये। आनन फानन में सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर मनोज कुमार व प्रभारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी की देखरेख में सभी बच्चों का इलाज किया गया। चिकित्सकों के मुताबिक सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका कुमारी चंदा ने बताया कि विद्यालय की छत पर ही मधुमक्खियों ने छता लगाया है। शनिवार को स्कूली बच्चे स्कूल के प्रांगण में लगे पौधों में पानी दे रहे थे। इस दौरान अचानक मधुमक्खियां आक्रामक हो गई और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों पर हमला बोल दिया। इस घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया और सभी बच्चे मधुमक्खियों से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कई बच्चों को मधुमक्खियों ने काट लिया। घटना के बाद से अभिभावकों में रोष व्याप्त है। अभिभावकों ने बताया कि लंबे समय से मधुमक्खियों ने स्कूल के भवन में अपना छत्ता बनाये रखा था। स्कूल प्रबंधन चाहता तो मधुमक्खी पलकों को बुलाकर मधुमक्खी के छत्ते को हटाया जा सकता था, लेकिन इस पर प्रबंधन की लापरवाह बनी रही।

### आवास प्लस के लिए सर्वे का समय 30 अप्रैल तक बढ़ा

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में आवास प्लस के योग्य लाभुकों को 30 अप्रैल तक सर्वेयर के माध्यम से नाम जोड़वाना अनिवार्य होगा। आवास कोऑडिनेटर शशि कुजूर ने यह जानकारी दी। कहा कि प्रखंड मे बालूभांग पंचायत के लिए रामलखन यादव, राहुल राज टोटी के लिए राजेश यादव, सिबला में सुरेंद्र यादव, अमरवाडीहशेराफेनुष खलखो फूलसु समीर सुमन भेंगरा साल्वे प्रकाश कुमार डाढ़ा अविनाश रंजन, धीरज राणा, संजीत राणा, बारियातू रीना कुमारी, महेश यादव, संतोष कुमार गोनिया से सुरेंद्र उरांव द्वारा सर्वे करने के लिए विभाग से चयनित किया गया है। सभी पंचायत के 56 गांव के कई अन्य टोले मुहल्ले भी हैं। सभी पंचायत मे आवास सर्वे के लिए सर्वेयर का चयन किया गया है। जिसमे पंचायत सेवक या रोजगार सेवक को सर्वे के लिए जिम्मेदारी दी गई है। छूटे हुए योग्य लोगों को हर हाल मे आवास प्लस के लिए किए जा रहे सर्वे मे जिओ टैग के माध्यम से सर्वे करवाना अनिवार्य बताया है। पंचायत के सभी वार्ड सदस्य आवास मित्र, पंचायत सहायक अपने अपने क्षेत्र में जरूरतमंदो को आवास प्लस मे नाम जोड़वाने में सहयोग करेंगे। सभी सर्वेयर को विभागीय निर्देश है कि गांव-गांव टोले मुहल्ले मे घर-घर जाकर धरातल मे सर्वे करना है।

# राम भक्तों ने निकाला बाइक जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** रामनवमी पूजा पर अष्टमी के अवसर पर महावीर मंडल पूजा समिति के अध्यक्ष रोशन कुमार के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ शनिवार को महावीर मंदिर से भव्य बाइक जुलूस निकाला गया। जुलूस में रामभक्तों ने अपने अपने बाइक मे महाबीर झंडा लगा कर थाना चौक, मूरपा मोड, दिवाकर नगर,बड़का बालूमाथ, मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड ,टमटमटोला, अंबेडकर नगर, मस्जिद होते हुए चेताग पहुंची। चेताग से पुनः वापसी में तेलीटोला होते हुए महावीर मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। इस दौरान राम भक्तों ने जय श्री राम,हर हर महादेव,बजरंगी सहित कई नारे लगाये गए। श्री राम के जयकारे से पूरा बालूमाथ भक्तिमय हो गया।जुलूस में शैलेश कुमार सिंह,मनोहर प्रसाद,उपेंद्र यादव, रंजीत लालनाथ शाहदेव, सोनू सिंह, कृष्णा यादव, मुखिया नरेश लोहरा, अरबिंद साव रामकुमार गुप्ता, पंचानंद पांडे, गोलू कुमार, उपेंद्र कुमार, लालदेव भोक्ता, दिवाकर प्रसाद,राजू साव,अरविंद साव, विजय कुमार, पिंटू कुमार, चंदन स्टील सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहें।

## न्यूज बॉक्स

### नामांकन अभियान को लेकर मध्य विद्यालय चंदनडीह के शिक्षकों व बच्चों ने निकाली रैली

**लातेहार।** शहर के राजकीय कृत मध्य विद्यालय चंदनडीह के शिक्षक शिक्षिकाओं के ने शनिवार को नामांकन अभियान को लेकर विद्यालय परिसर से बच्चों के साथ रैली निकाली निकाली। रैली मेन रोड होते हुए ब्लॉक मोड़ समेत पोषक क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पुनः वापस विद्यालय पहुंच कर समाप्त हो गई। रैली में बच्चों केसाथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका शामिल थी। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋचा कुमारी ने बताया कि नामांकन अभियान को सफल बनाने के लिए यह रैली निकाली गई है। इसका उद्देश्य अभियान के अंतर्गत एक भी ड्राफ्ट आउट बच्चे छूटे नहीं। साक्षरता को बढ़ाने और शत प्रतिशत ड्रॉफ्ट आउट बच्चो का नामांकन के लिए पोषक क्षेत्रों में रैली के माध्यम से भ्रमण किया गया। मौके पर काफी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल थे।

### बस स्टैंड में रामनवमी अखाड़ा का आयोजन

**चंदवा।** युवा भारत के द्वारा रविवार को रामनवमी पर इंदिरा गांधी चौक स्थित बस स्टैंड पर अखाड़े का आयोजन किया गया है। युवा भारत के विनय कुमार रिक्की ने बताया कि अखाड़ा देर शाम 7 बजे से शुरू होगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के अलावा प्रयागराज और कोलकाता से आ रहे कलाकारों के द्वारा भी अपना प्रदर्शन दिखलाया जाएगा। रिक्की ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण पर है। युवा भारत ने समस्त चंदवावासियों से अखाड़े में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### रंजीत बने ग्राम प्रधान

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम घूरे में शनिवार को ग्रामीणों ने पूर्व ग्राम प्रधान अभिभावक स्व नंदकिशोर जायसवाल के बड़े पुत्र समाज सेवी रंजीत जायसवाल को घूरे गांव का ग्राम प्रधान चुन लिया। रंजीत जायसवाल ने बताया कि हम हमेशा अपने गांव के साथ दुःख सुख हो या किसी तरह कार्य प्रयोजन में पहले भी थे और रहेंगे। ग्राम प्रधान चुने जाने के बाद ग्रामीणों ने बधाई और शुभकामना दी। मौके पर मौजूद थे। टुन्नू वर्मा, लक्ष्मण जायसवाल, रामजी जायसवाल, गोपाल जायसवाल, रतनलाल जायसवाल, मनोज जायसवाल, गोविंद वर्मा, मनीष जायसवाल, देवनंदन प्रसाद साहू, राजेश साहू, विनय वर्मा, कैलाश कुमार ठाकुर, रंजन प्रसाद साहू, कंहाई प्रसाद साहू, जगमोहन साहू, बलजीत भोक्ता, नीरज साहू, संदीप साहू, मनीष साहू, संतु साहू, उपेंद्र साहू, बांधो शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### खोड्हा दलों के बीच पुरस्कार का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के राजी सरना पड़हा भवन नचना के परिसर में सरहुल पूजा महोत्सव की समिक्षा बैठक की गई। सरहुल शोभा यात्रा पर चर्चा की गयी। इस शोभा यात्रा में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 26 खोड्हा दल शामिल हुए। सभी ने शोभा यात्रा में मनमोहक नृत्य व संगीत का प्रदर्शन किया। इसके लिए सरहुल पूजा समिति ने सभी के प्रति अभार व्यक्त किया। समीक्षा के बाद ग्राम रोन्हे,बारिखाप, गोखलाबागी, नचना, बठेट, लोदमदाग, लाटू, बचरा, डुमरा ,अंबवाडीह,इटके, बेसरा,कर्मा,कटई टोला ,सुरांगी टोला, मंजुआखाड़( मतकोमा ) गुरु सालवे ,बालुभांग गुरुवे, खैराही, अलगखडीहा,करमाही के उपस्थित खोड्हा दल के प्रतिनिधियों के बीच सरहुल पूजा समिति के तरफ से पुरस्कार का वितरण किया गया। मौके पर धनेश्वर उरांव, जयपाल उरांव, महेंद्र उरांव, सहदुल उरांव एनीमेश उरांव, सुरेश उरांव, भरत उरांव, शंकर उरांव, मानती उरांव सुमन उरांव, सुरजमनी उरांव सरिता देवी, सुसमा उरांव बसंती देवी सहित क ई लोग मोजूद थे।

### रसोई गैस जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बालूमाथ।** एचपी गैस एजेंसी मोहम्मद तौफीक ने आर ग्राम स्थित पवन प्रज्ञा केंद्र पर रसोई गैस जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आरा ग्राम के पवन प्रज्ञा केंद्र में सैकड़ो रसोई गैस उपभोक्ता शामिल हुए जिसमें गैस संबंधित सुरक्षा का विस्तार पूर्वक जानकारी गैस एजेंसी संचालक मोहम्मद तौफीक ने दी । बता दे कि सरकार द्वारा दी गई गैस का उपयोग करने के लिए बहुत महिलाओं को सही तरीका से जानकारी नहीं था। उसे देखते हुए बालूमाथ के एचपी गैस का सही तरीका उपयोग करने का बताया गया। मौके पर समाज सेवी पदुम यादव, रवि प्रकाश, महेंद्र साव, भोला कुमार, बैजनाथ कुमार, कैलाश गंझू, महिला अनीता देवी, अंजू देवी, पार्वती देवी, मंजू देवी, रीता देवी, रेखा देवी, ममता देवी, रिंकी देवी, रूबी देवी, क्रांति देवी, रूपा देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थे।

### रामनवमी के पूर्व संध्या पर निकली बाइक जुलूस



**चंदवा।** श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर सनातनियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई संगठनों द्वारा पूजा महोत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। इसके निमित्त युवा भारत द्वारा शनिवार को बाइक जुलूस का आयोजन किया गया। बाइक जुलूस हाई स्कूल से इंदिरा गांधी चौक, मुख्य बाजार होते सुभाष चौक,श्रीराम चौक,कामता नाका, कुजरी होते भूषाढ़ देवीमंडप से वापस कुजरी शुक्रबाजार होते अलौदिया,देवीमंडप में समापन हुआ। बाइक जुलूस में बड़ी संख्या में लोग महावीरी व तिरंगा झंडा लेकर शामिल हुए। जुलूस में शामिल लोग जय श्री राम,जय हनुमान आदि गगनचुंबी नारे लगा रहे थे। इधर पूजा को लेकर पुरा शहर महावीरी झंडों से पटा हुआ है। भक्ति गीतों से पुरा वातावरण राममय बन गया है।

### ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन



**चंदवा।** चंदवा-रांची मार्ग पर देवनद के समीप स्थित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अत्यधुनिक रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन स्कूल के चेयरमैन प्रवीण सिंह व समाजसेवी राजेश चंद्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर विद्यालय की डायरेक्टर कादंबरी सिंह ने कहा कि यह बच्चों के बीच नवाचार और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्मार्ट रोबोटिक किट में माइक्रो कंट्रोलर,सेंसर,एक्ट्यूएटर, डिस्प्ले,मोटर,पहिये,बैटरी और चार्जर शामिल हैं। विशेष रूप से विज्ञान,गणित और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के पाठ्यक्रम प्रयोगों का समर्थन करने के लिए डिजाइन की लैब छात्रों को व्यावहारिक और अभिनव प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करती है। जिससे छात्रों की क्षमता और रचनात्मकता को उजागर किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान कई प्रभावशाली प्रोजेक्ट प्रोटोटाइप प्रदर्शित किए गए। उन्होने कहा कि रोबोटिक्स लैब बच्चों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। मौके पर शिक्षक हिमांशु सिंह,रौशन,सुमंत,संजय, कृष्णा, जगदीश समेत कई लोग मौजूद थे।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए रामनवमी का पर्व : अपर समाहर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** रामनवमी पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता रामा रविदास,एसडीपीओ अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो,इसके लिए पूरी तरह से सतर्कता बरती जाए। संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट,पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बलों की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे रिपोर्ट देते रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्त अधिकारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर समय से उपस्थित रहें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी छोटी या बड़ी घटना की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दी जाए। कंही भी आपत्तिजनक गाने का इस्तेमाल न हो इसका भी ध्यान रखना है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई है। मौके पर सीओ जयशंकर पाठक,बीडीओ चंदन प्रसाद,थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह,एमओ चंदन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### प्राचीन शिव मंदिर का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव भंडारे के साथ संपन्न

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के अंबा कोठी स्थित प्राचीन देवी मंडप का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शनिवार को भव्य भंडारे का साथ संपन्न हो गया। इसके पूर्व मंदिर के 10वें वार्षिकोत्सव पर कीर्तन पूजा अर्चना के बाद हवन कर पूर्णाहुति की गई। इसके बाद मुख्य पुजारी दिलीप शुक्ला और यजमान आशीष पांडेय सपत्नीक नौ कन्याओं को भोजन कराया। इसके बाद समिति के संरक्षक जवाहर प्रसाद अग्रवाल और अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भंडारा का शुभारंभ किया। मौके पर समिति के सदस्य संतोष अग्रवाल ने कहा कि प्राचीन देवी मंदिर का जीर्णोद्धार 2016 में किया गया था। इसके साथ ही मंदिर का वार्षिकोत्सव हर वर्ष धूमधाम से किया जाता रहा है। मौके पर अशोक महालका, युवा नेता अंकित पांडेय, राजू सिंह, जय कुमार सिंह, विशाल भास्कर, निर्मल महालका, प्रदीप अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मोती अग्रवाल, मुकेश पांडेय, भोला दास, पिंटू पांडेय, अश्विनी सिंह, शशांक पांडेय, राहुल सिंह, दिलीप अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रामनवमी महापर्व को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार को फ्लैग मार्च निकला। इस क्रम में लोगों से पर्व को उत्साह व शांतिपूर्ण मनाने की अपील की गई। साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने, किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर प्रशासन से संपर्क करने का भी आह्वान किया गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों व मार्ग से गुजरा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व अधिकारी कर रहे थे।



### बारियातू पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न कराने के उद्देश्य से बारियातू पुलिस ने थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार, बीडीओ अमित कुमार पासवान, जिला आपूर्ती पदाधिकारी रश्मी लकड़ा के संयुक्त नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय सहित सभी अखाड़ा के विधि-व्यवस्था व जुलूस के रूट का जायजा लिया गया। साथ ही क्षेत्र वासियों से हर वर्ष की भांति शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारा के साथ रामनवमी पूजा मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने कहा कि पूजा व शोभा यात्रा के दौरान लोग संयमित रहेगें। किसी भी तरह का हुड़दंग नहीं करेंगे। इस दौरान किसी भी तरह के अनैतिक तत्त्व व अराजकता फैलाने वाले लोगों को बक्सा नहीं जाएगा। जुलूस के दौरान ड्रोन के माध्यम से हर गतिविधियों पर पुलिस नजर रखेगी। किसी भी प्रकार के अप्रीय घटना होने पर प्रशासन को सूचित करें, तत्वरित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पुअनि निर्मल मंडल, रितेश तिग्गा सहित कई पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**आम सूचना**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

**ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्योरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है :–

(1) राज्य स्तर पर स्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नं0 18003456502

(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष हेतु कर्मी का नाम एवं दूरभाश संख्या :–

| क0सं0 | कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री भरत प्रसाद, प्राक्कलक | जिला के सभी प्रखण्ड | 9973467400 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री कृष्ण यादव, प्राक्कलक | " | 9936892535 | " |
| 3 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | " | 6206117078 | " |
| 4 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9931557072 | " |
| 5 | श्री नवीन कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9939320302 | " |
| 6 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 6204854087 | " |
| 7 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 7209368126 | " |

**(3) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मी एवं दूरभाष संख्या :–**

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02 हेतु) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 6202092815 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी (अवर प्रमंडल, नगर उंटारी हेतु) | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | " |

**(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष अभियंता का नाम एवं दूरभाष संख्या :–**

| क्र0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राज कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, गढ़वा संख्या 01 | 8797237711 | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| | | | गढ़वा (शहरी) | गढ़वा शहरी क्षेत्र, जलापूर्ति योजना | श्री सिकन्दर प्रसाद | 7050965555 |
| 2. | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 8757494972 | मेराल | मेराल एवं डंडई | श्री नकुल सिंह | 9250126291 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी | विवेक कुमार रवि | 7079376302 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री अमर राज | 8340672613 |
| 3. | श्री राजेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर ऊँटारी। | 9661394979 | नगर ऊँटारी | नगर ऊँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | श्री आशीष खलखो | 8210147568 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | श्री देवेन्द्र किस्कू | 9905326654 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री अजित रंजन | 7764051098 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (ब्दजतवस त्ववउ) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।

2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।

4 नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है,
इसके एक–एक बूँद का सदुपयोग करें,
अनावश्यक वर्बाद न करें "

PR.NO.349791
Drinking Water and Sanitation(25-26):D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

# रामनवमी को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट पर

## फ्लैग मार्च से जगाई शांति व सजगता का भाव

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे रामनवमी पर्व को लेकर लोहरदगा जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और सक्रिय है। 6 अप्रैल को नगर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक और पुलिस महकमे ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में शनिवार शाम शहर में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में सुरक्षा बलों के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। फ्लैग मार्च सदर थाना परिसर से आरंभ हुआ और शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों से होता हुआ पुनः लोहरदगा सदर थाना पहुंचकर संपन्न हुआ। मार्च का नेतृत्व एसडीओ अमित कुमार, व एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने किया। उनके साथ सदर अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार, बीडीओ गौरी शंकर शर्मा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर समेत अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर क्षेत्र में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। जुलूस के पूरे मार्ग की निगरानी हाई-रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जाएगी। साथ ही, ड्रोन कैमरों से आसमान से नजर रखी जाएगी ताकि किसी भी असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके। नियंत्रण कक्ष से पूरे कार्यक्रम की लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने क्विक रिस्पांस टीम, दंगा नियंत्रण बल, महिला पुलिस और सादे कपड़ों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को भी अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए जा रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि जिले की एकता और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें, अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत दें। वहीं एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि पूरे शोभायात्रा मार्ग पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी और पुलिस बल हर पल मुस्तैद रहेगा।प्रशासन ने नागरिकों से संयम, सतर्कता और सहयोग की अपील की है, ताकि रामनवमी का यह पर्व शांति, उल्लास और आपसी भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न हो। अधिकारियों का स्पष्ट संदेश है, श्रद्धा की शोभायात्रा को सुरक्षा का संबल प्रशासन देगा, और हर मोड़ पर चौकसी बनी रहेगी।



### रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में रामनवमी त्योहार को लेकर शनिवार को अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें शामिल बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी सहित पुलिस के जवान शामिल थे।फ्लैग मार्च भंडरा थाना से प्रारंभ कर प्रखंड बस्ती होते हुए नौडीहा चौक पहुंच समाप्त हुआ। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने कहा कि जिला प्रशासन आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी त्योहार संपन्न कराने के लिए सभी महावीर मंडल कमेटी से संपर्क स्थापित कर ली है। त्योहार के दौरान कोई भी व्यक्ति आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश करता है, तो वैसे व्यक्तियों पर कार्रवाई तय है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि क्षेत्र में आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी मेला संपन्न कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। जिला प्रशासन के साथ प्रखंड प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से प्रखंड के सभी मेला स्थलों पर तैनात रहेंगे।

## शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को किया गया पुरस्कृत




नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** विद्यालय में सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा के प्रति रुचि जगाने के साथ उत्साहित करने के लिये विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। जानकारी के अनुसार सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के मुर्की ग्राम में संचालित राजकीय मध्य विद्यालय प्रांगण में बच्चों के बीच कार्यक्रम आयोजन कर शिक्षा नीति के तहत प्रोत्साहित किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा वार्षिक परीक्षा में अपने अपने वर्ग में प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने एवं सर्वाधिक उपस्थिति,समय पर विद्यालय आने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सीतामुनी उरांव द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया.साथ ही पुरस्कार वितरण के पूर्व छात्र छात्राओं के बीच विद्यालय प्रांगण में खेलकूद,गीत संगीत आदि अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.जिसमें प्रतियोगिता के विजेता छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उत्साहित करते हुए प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि दिखाने तथा पाठ्यक्रम के अनुसार ज्ञान अर्जित करवाने में शिक्षिकों का अहम योगदान होता है। बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों का मन शिक्षा की ओर आकर्षित होता है। इस अवसर पर अध्यक्ष सीतामुनी उरांव, शिक्षक नवकुमार दास, मनोज कुमार उरांव,मधु कुजूर,संयोजिका जोशिला उरांव के साथ साथ विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू ब्लॉक मोड़ के सामीप पर पिकअप वाहन की टक्कर से घायल युवक कुडू हमीद नगर निवासी इंताफ अंसारी 34 पिता शफीक अंसारी की शनिवार को रांची के वेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। ज्ञात हो कि इंताफ शुक्रवार की रात 9 बजे अपनी बाइक पैशन प्रो जेएच 01 बीआर - 4068 से कुडू कुडू की ओर रहा था तभी पीछे से आरहे एक तेज रफ़्तार पिकअप जेएच03एएस - 4837 ने कुडू ब्लॉक मोड़ के सामीप जोरदार टक्कर मार दी थी जिसमे इंताफ बुरी तरह जख्मी हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने पिकअप और उसके चालक उपचालक को कब्जे में ले लिया है। इधर बुरी तरह जख्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडू में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख चिकित्सको ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया था। इंताफ की मौत की खबर सुन पूरे कुडू में मातम का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक आठ वर्ष की बेटी और एक तीन वर्ष का बेटा छोड़ गया है।

### छेड़छाड़ का आरोपी युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सेन्हा मे एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा आदिवासी युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का मामला में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेन्हा निवासी स्वर्गीय अब्दुल अंसारी का पुत्र तालीम अंसारी के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वो घर से बाजार आने के बाद समान खरीद कर वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान तालीम अंसारी के द्वारा जबरन छेड़छाड़ और मारपीट किया गया। गलत नियत से उसे छू रहा था। विरोध करने पर मारपीट किया गया। शोरगुल मचाने पर लोग जमा हो गए और इसकी खबर पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी युवक को थाना पकड़कर ले गई। वही युवती ने लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद युवक को पुलिस ने सेन्हा थाना कांड संख्या 41/25 दर्ज कर गिरफ्तार कर विधि सम्मत करवाई करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया है।

### अवैध बालू परिवहन मामला में दो ट्रैक्टर को पुलिस किया गया जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** कंडरा कोयल नदी से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन करने की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जब्त ट्रैक्टर पर खनन अधिनियम के तहत करवाई होगी। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा से बालू खनन की सूचना पर पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया. छापेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का बालू लदा परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर को रास्ते से पकड़ा गया। जिसे छापेमारी दल के द्वारा सेन्हा थाना लाया गया। बालू लदा जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन विभाग का खनिज संपदा एवं राजस्व क्षति को देखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव और परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया गया। परिवहन करते हुए बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई हेतु विभाग को सूचनार्थ किया गया। गौरतलब हो कि पुलिस कारवाई के दौरान बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है। अन्य ट्रैक्टर चालक बालू गाड़ी से बालू खाली कर लेकर भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि क्षेत्र से बालू उठाव एवं परिवहन को लेकर पूर्ण रूप से पाबंदी राज्य सरकार के आदेशनुसार अगले आदेश तक जारी है। जिसके बावजूद अवैध बालू का उठाव चोरी छुपे किया जा रहा है। जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही कारवाई किया गया। वही जप्त दोनो ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया जायेगा।

### अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रामकुमार



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार महतो की अगुवाई में शनिवार को शहर के गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका वेंकेट हॉल में कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें रामकुमार महतो उर्फ बबलू महतो को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है जबकि कौशिक राज मेहता उर्फ राजन मेहता को महासभा के युवा मोर्चा लोहरदगा जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। अभय महतो के द्वारा जारी किये गए पत्र में दोनो पदाधिकारियो के मनोनयन पर महासभा ने अटूट विश्वास जताया है। दोनो को दायित्व सौपते हुए अभय महतो ने कहा कि महासभा को पूर्ण विश्वास है की दोनो पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे। इनके नेतृत्व में पूरे झारखंड में महासभा का नाम ऊंचा होगा। साथ ही महासभा पूरे झारखंड में सशक्त बनेगा। कुशवाहा समाज को सशक्त व धारदार बनाने में दोनो पदाधिकारी अपनी महती भूमिका निभाएंगे। इधर दोनो पदाधिकारियों के मनोनयन पर समाज के लोगो ने खुशी जाहिर करते हुए दोनो को बधाई दी है। बधाई देने वाले लोगों में महिला जिलाध्यक्ष संगीता देवी, भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो, संतोष महतो, देवेंद्र मंडल, आशीष महतो, निर्मला देवी, चंद्रशेखर मेहता उर्फ चंदू, उमेश महतो, सिमा देवी, गायत्री देवी, आशीष कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।

### महाविद्यालय में धूमधाम के साथ भगवान श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में रामनवमी के शुभअवसर पर हिंदी की आचार्या रेणु कुमारी के द्वारा रामजन्मोत्सव और भगवान श्रीराम के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला गयो कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माता, ओम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गयो तत्पश्चात सभी ने सामूहिक रूप से श्रीराम स्तुति, भए प्रकट कृपाला...., हनुमान चालीसा, हनुमान जी की आरती, मानस पाठ कियो महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रीति कुमारी गुप्ता ने कहा कि श्रीराम जी का जीवन, हमेशा आदर्श प्राप्त करने के लिए शिक्षा देता है। हमें हर क्षण कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है उसे हमें ग्रहण करना चाहिए। कार्यक्रम में रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर भगवा ध्वज की बढ़ी मांग

**लोहरदगा।** श्री रामनवमी पर्व को लेकर जिले के लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है। रामनवमी पर्व को लेकर बाजार में भगवा ध्वज की मांग बढ़ गई है। जबकि अधिकांश युवा भगवा रंग का गमछा बाजार में खरीद रहे हैं। कपड़ा की दुकानों पर भगवा रंग का गमछा खरीदने के लिए अधिकांश युवा ही पहुंच रहे हैं। बाजार भी भगवा ध्वजों से सज गया है। दुकानदारों ने भगवा ध्वजों की दुकानें सजा ली हैं, जहां जय श्रीराम लिखे हुए भगवा झंडों की जमकर बिक्री हो रही है। दुकानों में 10 से लेकर 2000 रुपये तक के भगवा ध्वज उपलब्ध हैं।

## चैती नवरात्र पर अष्टमी को भक्तों ने किया माता का पूजन

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जगन्नाथ महाप्रभु पूजा समिति सेन्हा के तत्वधान मे ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है.वही शुक्रवार को शाम में माता अम्बे भवानी का पट खोला गया.जिसे भक्तों द्वारा माता का दर्शन कर हर्षोल्लाष के साथ श्रद्धा भक्तिभाव से पूजा अर्चना किया गया.वही आचार्य नर्मदेश्वर पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से माता गौरी का पूजन कराया गया.जिसे भक्तों के द्वारा श्रद्धा भक्ति से शनिवार को चैती नवरात्र में महाष्टमी के पावन अवसर पर माँ अम्बे भवानी का पूजा अर्चना कर सुख,समृद्धि,लंबी उम्र और वैभव तथा ऐश्वर्य के लिये मङ्गल कामना किया गया.पूजन के उपरांत भंडारा का आयोजन किया गया.जिस में महिला पुरुष और बच्चे बच्चियां सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित हो भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया साथ ही पुरोहित नर्मदेश्वर पाठक द्वारा बताया गया.की रात्री मे ही 12 बजकर 4 मिनट मे सन्धि बली की भी पूजा होगी.तथा सन्धि बली पूजन के उपरान्त 108 दीपों से माता का महाआरती की जायेगी.मौके पर चैती दुर्गा पूजा समिति के दीपक महतो,राहुल महतो, उज्जवल पाठक, अशोक महतो, आशीष महतो, सिद्धार्थ पाठक, अनिकेत महतो, संदीप महतो के अलावे सैकडों महिला पुरुष भक्त जन शामिल थे।



## भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान का आदर्श युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत : रोहित प्रियदर्शी

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नवयुवक मोटिया संघ बरवाटोली द्वारा महासप्तमी की पावन संध्या पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार की देर रात आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा, संस्कृति और सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक निशीथ जायसवाल ने की जबकि उदघाटन कांग्रेस नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव ने किया। उन्होंने रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए इसे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक जागरण का पर्व बताया और कहा कि भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान का आदर्श युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर में नारियल फोड़कर और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात नवयुवक मोटिया संघ के संस्थापक स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## रामनवमी मेला को लेकर निकाला गया अष्टमी का शोभा यात्रा सह जुलूस



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को आयोजित रामनवमी मेला को लेकर विभिन्न अखाड़ों द्वारा अष्टमी को शोभा यात्रा सह जुलूस निकाला गया.जिस निमित प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू में लगने वाला रामनवमी का जुलूस भक्तों द्वारा हर्षोल्लाष के साथ हाथ मे महावीरी ध्वज,लाठी,डंडा,तलवार,भाला सहित अन्य पारम्परिक हथियार लेकर ढोल,नगाड़ा,बैंड तासा जैसे वाद्य यंत्रों के साथ शोभा यात्रा सह जुलूस निकाला गया.वही शोभा यात्रा सह जुलूस बाजार डांडू से प्रारम्भ हो कर करंजटोली, चौकनी, निमटोली, तोड़ार, डोका, नवाटोली, हेसवे होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर वापस पंहुचा.वही शोभा यात्रा सह जुलूस में जगह जगह पर चना, गुड़ और शरबत देकर शोभा यात्रा सह जुलूस में शामिल राम भक्तों का स्वागत किया गया.साथ ही युवकों द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन खेल का नुमाइश किया गया.मौके पर दिनेश यादव, योगेंद्र मिश्रा,रामशरण नायक, दीपेश भगत,सूर्य भूषण मिश्रा, नरायण उरांव, गंगाधर नायक, रामजीत यादव, राजू नायक,रामदेनी नायक, रामप्रताप नायक, सुरेन्द्र भगत समेत बच्चे, बुजुर्ग और नवयुवक सैकडों राम भक्त शोभा यात्रा सह जुलूस में शामिल थे।

### लोहरदगा में कुशवाहा महासभा ने सम्राट अशोक की जयंती मनाई

## सम्राट अशोक ने शांति, सामाजिक प्रगति एवं धर्म का प्रचार किया : अभय महतो

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा युवा मोर्चा के तत्वावधान में शनिवार को शहर के गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका वेंकेट हॉल में सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगो ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके चित्र के समक्ष दीप जलाकर उनकी आरती उतारी गई। मौके पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार महतो ने सम्राट अशोक की जीवनी का संक्षिप्त परिचय कराया। कहा कि सम्राट अशोक का जन्म 304 ईसा पूर्व में पाटलिपुत्र, पटना में हुआ था । वह एक महान सम्राट और बौद्ध धर्म के अनुयायी थे। उनका शासनकाल 269 ईसा पूर्व से 232 ईसा पूर्व तक था। सम्राट अशोक को उनके धार्मिक और सामाजिक सुधारों के लिए जाना जाता है, जिन्होंने भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सम्राट अशोक ने उत्तर में हिंदू कुश तक्षशिला की श्रेणियों से लेकर दक्षिण में गोदावरी नदी सुवर्ण गिरी पहाड़ी के दक्षिण में मैसूर तक तथा पूरब में बांग्लादेश पाटलिपुत्र से पश्चिम में अफगानिस्तान ईरान बलूचिस्तान तक अपनी सत्ता कायम की थी। वर्तमान में भी विश्व के कई देशों ने उनकी शासन प्रणाली को अपनाया है। सम्राट अशोक सत्य, अहिंसा, प्रेम, सहिष्णुता, शांति व शाकाहारी जीवन प्रणाली के पक्षधर थे। कलिंग युद्ध में नरसंहार से द्रवित होकर सम्राट अशोक ने शांति, सामाजिक प्रगति एवं धर्म का प्रचार किया। वही नवमनोनित युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कौशिक राज मेहता उर्फ राजन मेहता ने कहा कि सम्राट अशोक के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। रामकुमार महतो उर्फ बबलू महतो ने कहा कि कहा कि सम्राट अशोक का चरित्र विश्व के इतिहास में अतुलनीय रहा। मौके पर महासभा की महिला जिलाध्यक्ष संगीता देवी, सिमा देवी, विक्की मेहता, आशीष कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**लोहरदगा।** रामनवमी के मौके पर रविवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। रामनवमी के मौके पर भगवान श्रीराम के साथ उनके प्रिय भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना होगी। घर और शहर के मंदिरों में महावीर झंडा फहरा कर पवनपुत्र की आराधना होगी। त्योहार के एक दिन पहले घर, मंदिर से लेकर शहर की चौक चौराहे तक में विशेष चहल-पहल रही। त्योहार को लेकर प्रमुख हनुमान मंदिरों की रंगाई-पुताई कर उसे चकाचक कर दिया गया है। रामनवमी और नवरात्र को लेकर फल की खरीदारी के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इधर फल की थोक और खुदरा दुकानों पर दिनभर गहमागहमी बनी रही।

### लोहरदगा में हर तरफ लहरा रहे भगवा ध्वज-पताके

# माहौल हुआ राममय, रामनवमी पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में श्रीरामनवमी पर्व को लेकर हर्ष एवम उत्साह का माहौल बना हुआ है। चारो ओर भक्ति एवं उमंग छाया हुआ है। हर तरफ भगवा ध्वज-पताके लहरा रहे हैं। लोहरदगा के सभी चौक-चौराहों पर रामभक्तों ने भगवा ध्वज लगाए हैं. रामनवमी के दिन शहर में भव्य जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी. जिसकी तैयारी विशेष तौर पर पूरी कर लिया गया है. पूरे शहरी क्षेत्र में सनातन हिन्दू समाज के लोगों ने भगवा ध्वज लगाया है. नगर में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और जय श्री राम समिति के युवा कार्यकताओं ने रामनवमी की तैयारी की है. रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकलेगी. सभी दुकानों और घरों के छत पर लगभग 05 हजार से अधिक भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व मनाने की तैयारी पूरी कर लिया गया है। शहर के बरवाटोली, महावीर चौक, गुदरी बाजार आदि स्थानों में लहराते महावीरी झंडा ,पताका, फ्लैक्स और बड़े -बड़े कट आऊट से पट गए हैं। शहर के हर गली मोहल्ले चौक पर महावीरी झंडा और पताके लहरा रहे हैं। राम भक्त अपनी क्षमता के अनुसार बड़े-मंझोले महावीरी पताका रोड किनारे लगा चुके हैं।

घर-घर में महावीरी पताका लगाने के लिए पिछले तीन दिनों से झंडा और बांस की खरीदारी में जुटे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हर सुबह ग्रामीण बांस ला रहे हैं। देखते-देखते बांस की बिक्री हो जा रही है। इसी प्रकार महावीरी झंडे की बिक्री में तेजी आ गई है। झंडा-पताका से सजी दुकानों पर खरीदारों का जमघट लगा रहा। झंडों पर जय श्रीराम और जय हनुमान अंकित हैं ।सुबह और शाम में अखाड़ा जम रहे हैं। भजन-कीर्तन के कैसेट बज रहे हैं। शस्त्र चालन का अभ्यास चल रहा है। अखाड़ों और घरों से जय श्रीराम-जयश्री राम के जयकारे लग रहे हैं। न सिर्फ शहर बल्कि ग्रामीण इलाकों में शहर के दोनों किनारों पर महावीरी पताके लगाए गए है। सैकड़ों की संख्या में जय श्री राम लिखे पताके सड़क किनारे पर लगा दिए गए हैं। इधर प्रशासन की ओर से भी श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर निकलने वाली शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी कर ली गई है।





## रामनवमी शोभायात्रा मे संयम और एकता का परिचय दे सनातनी भाई : विहिप

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि भगवान राम के जन्मोत्सव के अवसर पर रामनवमी त्योहार को भव्य बनाने हेतु नगर क्षेत्र के सभी अखाड़ों का शोभायात्रा केंद्रीय महावीर मण्डल के नेतृत्व में निकाली जाती है। जिसमे हम सभी सनातनियों के परिवार बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और शोभायात्रा को भव्य बनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। परन्तु थोड़ी सी लापरवाही और असावधानी हम सभी के लिये कभी कभी काफी कष्टदायक हो जाता है। अतः आप सभी अखाड़ा के भाई बन्धु तथा शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी बहन, भाई, अग्रज, वरिष्ठ व कनिष्ट से आग्रह है कि शोभायात्रा में कोई विघ्न ना हो इसलिए डी जे का प्रयोग निम्न मात्रा तथा साउंड में करें। वैसा गीत या गाना ना बजायें जिससे किसी भी व्यक्ति या समुदाय के मनोभावनाओं को ठेस पहुंचे। किसी भी प्रकार के नशा का सेवन से दूर रहें तथा शोभायात्रा में शालीनता बनायें रखने का प्रयास करें। यदि किसी भी प्रकार के घटना दुर्घटना की आशंका लगे या किसी भी व्यक्ति पर शक या संदेह हो तो पुलिस प्रशासन से या केंद्रीय महावीर मंडल, विश्व हिंदू परिषद तथा श्रीराम समिति के दायित्ववान पदाधिकारियों से संपर्क कर वस्तुस्थिति का जानकारी दें। शोभायात्रा में अपने सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखे यह कोशिश हम सभी शामिल होने वाले सनातनियों का प्रयास रहे।



# चैनपुर प्रखंड में रामनवमी पूजा को लेकर पुलिस अधिकारियों द्वारा किया गया फ्लैग मार्च

# उपद्रवियों की गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी: ललित मीणा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पूजा की तैयारी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सजग रखने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा, चैनपुर बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश गुप्ता, सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी तथा एसएसबी के जवानों ने मिलकर एक फ्लैग मार्च का आयोजन किया। यह फ्लैग मार्च थाना परिसर से आरंभ होकर ब्लॉक रोड, ब्लॉक चौक, चर्च रोड, सोहन चौक, अल्बर्टा का चौक, बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर, पीपल चौक और बैंक रोड होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों और उपद्रवियों पर निगरानी रखने के बारे में चर्चा की। मार्च का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना था।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा ने बताया कि सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस लाईन गुमला से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। इससे सुनिश्चित होगा कि रामनवमी पूजा उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जा सके।चैनपुर बीडीओ यादव बैठा और सीओ दिनेश कुमार गुप्ता ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने कहा कि फ्लैग मार्च के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और किसी भी अव्यवस्था की स्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा।उपरोक्त प्रयासों से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रशासन रामनवमी पूजा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस अवसर पर शांति और सौहार्द का परिचय दें, जिससे यह पावन पर्व सामूहिक उत्साह और प्रेम के साथ मनाया जा सके।

## भरनो में रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**भरनो (गुमला) ।** रामनवमी पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय पुलिस और प्रशासन द्वारा शनिवार शाम को फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च थाना परिसर से आरंभ होकर ब्लॉक चौक, भरनो बस्ती, स्कूल चौक, मिशन चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर तक गया और पुनः थाना परिसर लौटकर संपन्न हुआ। मार्च के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों ने आम जनता से शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई असामाजिक तत्व या अफवाह फैलाने वाला व्यक्ति दिखे तो तत्काल पुलिस या प्रशासन को सूचना दें।

## रामनवमी के अवसर पर भव्य अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी पर्व के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया गया। इस भक्ति आयोजन में पूरे चैनपुर के लोगों के साथ-साथ आसपास के गांवों के भक्तजन भी शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में हरे राम, हरे कृष्णा के जबर्दस्त उद्घोष ने पूरे चैनपुर को भक्ति के रंग में रंग दिया।कीर्तन का आयोजन जशपुर से आई एक प्रसिद्ध कीर्तन मंडली द्वारा किया गया, जिसमें भक्तों ने भक्ति गीतों पर थिरकते हुए अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया। मंडली के कलाकारों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उपस्थित भक्तों ने आनंदित होकर कीर्तन का आनंद लिया और एकजुट होकर जयकारे लगाते रहे। मौके पर उपस्थित ग्राम पुरोहित ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अखंड हरि कीर्तन से गांव में सुख-शांति का वास होता है। इससे न केवल लोगों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि हवन से वायुमंडल भी शुद्ध रहता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामूहिक भक्ति का यह उत्सव समाज में एकता और भाईचारे की भावना को प्रबल करता है।इस अवसर पर समिति द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी गांववासियों ने मुक्तहस्त होकर हिस्सा लिया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। आयोजन में सभी वर्ग और आयु के लोगों ने मिलजुलकर हिस्सा लिया, जिससे यह पर्व सामूहिकता और एकता का प्रतीक बना। इस प्रकार, रामनवमी के इस पावन अवसर पर अखंड हरि कीर्तन एवं भंडारे ने चैनपुर में धार्मिकता और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। सभी ने मिलकर इस शुभ अवसर को मनाया और भगवान राम की भक्ति में लीन होकर अपने-अपने दुख-दर्द को भुला दिया।

## स्कूल में हवन-पूजन के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** शिक्षा के मंदिर में ज्ञान, संस्कार और अनुशासन की नींव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दरिद्रनारायण इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, बघिमा में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरूआत विधिवत हवन-पूजन के साथ की गई। आर्य समाज की परंपरा के अनुसार संपन्न इस धार्मिक अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अग्नि को आहुति देकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

**विद्यार्थियों और अभिभावकों ने लिया भाग**

इस विशेष अवसर पर विद्यालय के 250 छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हवन पूजन का आयोजन विद्यालय परिसर में विशेष रूप से बनाए गए यज्ञ वेदी पर किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को संस्कारों और भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक ए.के. प्रसाद और प्रबंधक अनिल प्रसाद उपस्थित रहे, जिन्होंने नए सत्र की शुरूआत पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।


कार्यालय : जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
(जिला आयुष समिति, पलामू)
सदर अस्पताल चौक, मेदिनीनगर, पलामू
b0 esy & damopalamu@gmail.com

पत्रांक ..........(आयुष) दिनांक ..........

- संशोधित कार्यालय सूचना -

PR 349464

निदेशक आयुष, आयुष निदेशालय, झारखण्ड रांची के कार्यालय पत्रांक– आयुष निदे0 (बजट–05/2023–247(247) (आयुष) दिनांक– 28.03.2025 के निर्देश के आलोक में DRE 2024-25 Part-II उपलब्ध कराया गया है। जिसमें Component No- 24 में वर्णित A-AAM Upgraded From HSC मद में सिर्फ पुरूष योग प्रशिक्षक का बजट प्राप्त है। जिसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक– 97 DPMU Ayush मेदिनीनगर दिनांक– 27.03.2025 में आंशिक संसोधन किया जाता है।

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक– 97 (DPMU) आयुष मेदिनीनगर, दिनांक– 27.03.2025 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में महिला योग प्रशिक्षकों के पदो की संख्या के सामने अंकित 42 के स्थान पर 06 पढ़ा एवं समझा जाएगा जो कि A-AAM Upgraded From Ayush Dispensary मेदिनीनगर अन्तर्गत सेन्टरों में कार्य करेंगी। उक्त विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाए। शेष कंडिका/शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

सिविल सर्जन, पलामू

PR 349773 District (24-25)_D


## दो पत्रकारों को मिला रामनाथ गोयनका राष्ट्रीय पुरस्कार

**गुमला।** पत्रकारिता की सच्चाई, निडरता और जन सरोकारों की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिला, जब गुमला के दो वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ कश्यप और साहेब अली को भारत के सबसे प्रतिष्ठित रामनाथ गोयनका राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया यह पुरस्कार न केवल इन पत्रकारों की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे गुमला जिले की पत्रकारिता परंपरा और जनप्रतिबद्धता की मान्यता भी है। रामनाथ गोयनका पुरस्कार, भारतीय पत्रकारिता का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है, जो सत्य, निष्पक्षता और निर्भीकता के मूल्यों को कायम रखने वाले पत्रकारों को प्रदान किया जाता है। इस असाधारण गौरव पर गुमला जिला प्रशासन ने दोनों पत्रकारों के सम्मान में भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। समारोह में जिले के सभी शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया।

## चैनपुर प्रखंड में घर-घर स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के लिए पैसे मांगने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के नाम पर एक नया विवाद उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों की शिकायतों के अनुसार, मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारी मीटर स्थापित करने के बाद कंज्यूमर से 200 से 300 रुपये की मांग कर रहे हैं। यह प्रथा अब एक पैसे लेने के खेल में बदल गई है, जहां उपभोक्ता को बिना किसी उचित कारण के पैसे देने के लिए बाध्य किया जा रहा है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि जब उन्होंने मीटर लगाने वाले कर्मचारियों से पैसे देने से मना किया तो उन कर्मचारियों ने उनके घरों में मीटर लगाने से इनकार कर दिया। ह्लहमें यह समझ में नहीं आ रहा कि यह क्या हो रहा है। हमें तो सिर्फ बिजली का मीटर लगाना है, लेकिन हमें पैसे की मांग की जा रही है। यह तो स्पष्ट रूप से धांधली है,ह्व एक उपभोक्ता ने बताया। जब कुछ ग्राहकों ने कर्मचारियों को चेतावनी दी कि वे





इस मामले की शिकायत वरीय अधिकारियों से करेंगे, तो कर्मचारियों ने न केवल इसका मजाक उड़ाया बल्कि कहा कि जहाँ करना है, कर लो, कुछ नहीं होने वाला है। इस प्रकार के अभद्र व्यवहार से यह स्पष्ट है कि कर्मचारियों को अपने ऊपर विश्वास है और उन्हें यह भी पता है कि इस मामले की जांच में कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस धांधली में कर्मचारियों का भी कुछ न कुछ हिस्सा है, जो कमाई का एक स्रोत बन गया है। ऐसे में, उपभोक्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले में उचित कार्रवाई होगी। इसके साथ ही, लोगों ने जिला प्रशासन और विधायिका से अपील की है कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए तत्परता दिखाएं और सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा हो सके।चैनपुर प्रखंड में इस तरह के मामलों की बढ़ती संख्या ने यह साबित कर दिया है कि स्मार्ट मीटर लगाने का यह अभियान किनारे पर खड़ा है, और इससे लोगों के बीच में असंतोष बढ़ रहा है। अगर शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यह मामला और भी गंभीर रूप ले सकता है। सभी की नजरें अब प्रशासन और बिजली विभाग पर हैं कि वे इस समस्या का समाधान कब करेंगे।

## भरनो के 'बंगाली डॉक्टर' सतेंद्र नाथ सरदार का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो के शांतिनगर निवासी और क्षेत्र में 'बंगाली डॉक्टर' के नाम से प्रसिद्ध 82 वर्षीय सतेंद्र नाथ सरदार का शनिवार सुबह रांची के जसलोक अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वे तीन दिन पूर्व अपने घर की सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उनकी कमर में गंभीर चोट आई थी। उपचार के लिए उन्हें रांची ले जाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता से करीब 65 साल पहले भरनो आए सतेंद्र नाथ सरदार ने जीवन भर इस क्षेत्र में जनसेवा व चिकित्सा सेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने भरनो के शांतिनगर में स्थायी रूप से निवास बनाकर सेवा को ही अपना धर्म माना। उनके निधन से भरनो व आसपास के गांवों में शोक की गहरी लहर है। सतेंद्र नाथ सरदार न सिर्फ एक कुशल चिकित्सक, बल्कि धार्मिक आस्था और सामाजिक योगदान में भी अग्रणी थे। उन्होंने वर्ष 1986 में अपने निवास के पास हनुमान मंदिर की स्थापना की थी और तीन वर्ष पूर्व अपने खर्च पर भव्य बालाजी हनुमान मंदिर का निर्माण कराया था। वे हर वर्ष रामनवमी जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया करते थे। इस वर्ष भी उन्होंने जुलूस के स्वागत की तैयारियाँ कर रखी थीं। उनके निधन पर गुमला जिला विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित क्षेत्र के सभी सनातन धर्मावलंबियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सैकड़ों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह 6 बजे कमलपुर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। भरनो ने आज एक सेवाभावी, श्रद्धालु और जनप्रिय व्यक्तित्व को खो दिया है।


न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू।

नोटिस

भू–हदबंदी वाद सं0 – 10/2021–22
(योगेन्द्र कुमार बनाम बिरेन्द्र चौरसिया वगै0)
– प्रथम पक्ष

1 बिरेन्द्र चौरसिया,पिता–स्व0 रामचलितर महतो, ग्राम– किन्नी, टोला– पीपरडबा, पो0–महुगांवा, थाना–चैनपुर,पलामू,झारखण्ड।
– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि भू–हदबंदी अपील वाद सं0–45/2023–24 एंव 10/2023–24 में अपर समाहर्त्ता पलामू के आदेश दिनांक–02.03.2024 के आलोक में आवेदक योगेन्द्र कुमार को केवाला निबंधित करना है। आपको दिनांक–21.01.2025 को केवाला निबंधित करने हेतु सूचना निर्गत की गयी जिसकी तिथि 30.08.2022 थी एवं दिनांक– 22.02.2025 को भी सूचना निर्गत की गयी थी जिसकी तिथि 08.03.2025 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि 12.04.2025 को 10:30 बजे पूर्वाहन में उपस्थित होकर आवेदक के पक्ष में केवाला निबंधित करना सुनिश्चित करें।, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर न्यायालय द्वारा केवाला निबंधन किया जा सकता है।
इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर।

PR 349774 District(25-26)D


## आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला स्मार्टफोन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** महिला एवं बाल विकास से जुड़ी सेवाओं को तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यों का निष्पादन अब और अधिक तेज, सरल और पारदर्शी होगा। उन्होंने बताया कि स्मार्टफोन के उपयोग से पोषण ट्रैकर, टीएचआर का चेहरा प्रमाणीकरण (फेस ऑथेंटिकेशन), आधार लिंकिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को समयबद्ध और सटीक रूप से किया जा सकेगा। उपायुक्त ने यह भी कहा कि अब महिला पर्यवेक्षिकाएं ऐप के माध्यम से आईसीडीएस की सभी सेवाओं की निगरानी कर सकेंगी, जिससे कार्यों की गुणवत्ता और जवाबदेही दोनों में सुधार आएगा।

सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम आंगनबाड़ी सेवाओं में कार्यरत कर्मियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता एवं दक्षता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्मार्टफोन के माध्यम से सेविकाएं अपने कार्यों को जिला एवं विभागीय स्तर पर त्वरित रूप से साझा कर सकेंगी, जिससे योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन बेहतर होगा।

## गोंगरा आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सोनम कुमारी की लापरवाही से ग्रामीण नाराज

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के सिमराढाब पंचायत स्थित गोंगरा आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत सेविका सोनम कुमारी की मनमानी से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सेविका सप्ताह में केवल एक दिन केंद्र आती हैं और बाकी दिनों का फर्जी उपस्थिति बनाकर बहाना बनाकर चली जाती हैं। पूछने पर वह अपने छोटे बच्चे का हवाला देती हैं। सहायिका बबिता देवी और पोषण सखी गुड़िया कुमारी नियमित रूप से केंद्र पर उपस्थित रहती हैं, लेकिन सेविका की अनुपस्थिति के कारण बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पोषाहार भी समय पर नहीं बंट पा रहा है। दो महीने से केंद्र में रखा पोषाहार खराब होने की स्थिति में है और ठंड में बांटे जाने वाले स्वेटर भी वितरण के इंतजार में हैं।

## टैक्स वृद्धि के खिलाफ ऑटो चालकों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला नगर परिषद द्वारा टैक्स में की गई मनमानी बढ़ोतरी के खिलाफ ऑटो चालकों का तीसरे दिन भी चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन जारी रहा। पालकोट रोड, सिसई रोड, जशपुर रोड और लोहरदगा रोड में ऑटो चालकों ने नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। ऑटो चालकों का कहना है कि पहले 20 टैक्स लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर पहले 30 और अब 40 कर दिया गया है। उनका कहना है कि वे इस अतिरिक्त टैक्स का बोझ नहीं उठा सकते। शनिवार को सभी ऑटो चालक नया समाहरणालय पहुंचे और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मुख्तार आलम के नेतृत्व में एक चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात की और अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि नगर परिषद के प्रशासक से बात कर दो-तीन दिनों के भीतर समाधान निकाला जाएगा। तब तक टैक्स वसूली पर रोक लगा दी गई है।

उपायुक्त ने एसडीओ को निर्देश दिया कि नगर परिषद और संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त के इस आश्वासन के बाद ऑटो चालकों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी और आज से ऑटो का परिचालन फिर से शुरू हो गया है, जिससे आम लोगों को राहत मिली है।

## बच्चों को संस्कारों के साथ योग की दी गई शिक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड स्थित सोहर साहु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर शनिवार को विद्यार्थियों को नियमित रूप से योगाभ्यास कराया जा रहा है। यह विद्यालय वनवासी कल्याण केंद्र, झारखंड की संबद्ध शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित है, जो न केवल शैक्षणिक बल्कि शारीरिक और संस्कारात्मक विकास पर भी विशेष बल देती है।

हर शनिवार को विद्यालय के शारीरिक प्रमुख मंगली कसेरा के निर्देशन में विद्यार्थियों को विभिन्न योग मुद्राएं एवं श्वास नियंत्रण के अभ्यास कराए जाते हैं, जिससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता में भी वृद्धि हो रही है। इस योग सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कंसारी, आचार्य सुदर्शन होता, दीपक मिश्रा, हाविल कन्डुलना, संजय मिश्रा, आचार्या रूपा देवी, सुनीता साहू, नूतन देवी, हेमलता मिश्रा, रिचा कुमारी गुप्ता, सचिता देवी सहित सभी शिक्षकगण और विद्यालय के भैया-बहनें सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि योग शिक्षा के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मबल और मानसिक शांति का विकास होता है, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाने में सहायक सिद्ध होगा।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–(1) जयशंकर कुमार, उम्र करीब–26 वर्ष, पे0–हरिदास राम, सा0–पाल्हे कला, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप नगरउंटारी थाना कांड संख्या–21/2025, दिनांक–12.02.2025, धारा–64(1) भा0न्या0सं0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, व्यवहार न्यायालय, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–27.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर में इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, व्यवहार न्यायालय, नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 349782 (Police)25-26*D



झारखण्ड सुखी झारखण्ड

कार्यालय :– प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।
पोखराहा, पो0 – रजवाडीह, 822118 Email - Palamumedicalcollege@gmail .com
Website - https://mmchpalamu.org/

आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग के संकल्प संख्या 108(21) दिनांक 14.08.2024 के आलोक मे विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति संख्या 37–DME दिनांक 26.03.2025 एवं विभागीय पत्रांक 156(9) दिनांक 28.03.2025 के अनुसार मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पलामू में प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ बुधवार को अधीक्षक कार्यालय (गोलधर) मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पलामू में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में अतिविशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल के गठन किये जाने हेतु Walk-In-Interview का आयोजन किया जाना है।

इक्छुक उम्मीदवार कॉलेज के Website (https://mmchpalamu.org/)के Recruitment Link में आवेदन प्रपत्र Download कर वांछित दस्तावेज अनुलग्नक के साथ स्वयं साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

साक्षात्कार का स्थल :– अधीक्षक कार्यालय (गोलधर) मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, पलामू।

समयः– पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज
पलामू।

PR 349775 (District) 25-26 (D)



# खुशियों की बरसात

नियति को भी न जाने क्या सूझा था! रजनी को शादी की सौगात बरसात की रात में मिली। रह-रहकर कौंधती दामिनियों पर बादलों की गड़गड़ाहट। तिसपर, घर के बड़े-बुजुर्गों की तमाम नसीहतों ने उसे आशंकित और भयभीत कर दिया था। वह जानती थी कि आर्थिक बदहाली में ही उसके माँ-पिता ने इतना शीघ्र उसकी शादी का निर्णय लिया था और वह खुद भी 'ना' नहीं कर सकी थी। किंतु, विवाह निश्चित होते वक्त कन्या-निरीक्षण की रस्म-अदायगी में लड़के और उसके घरवालों के सम्मुख जाने से पूर्व रजनी ने अपनी माँ को धीमे स्वर में कहा था, "माँ! मैं आगे भी पढ़कर अपना कैरियर बनाना चाहती हूँ"।



**मनोज कुमार झा 'मनु'**

"अभी चुप कर, बेटा! कोई सुन लेगा तो कहीं बनी-बनाई बात न बिगड़ जाय। वैसे भी आजकल बिना दहेज के शादी कहाँ होती! धन्य भाग हमारे कि लड़के का बाप भला मानुष है। उन्होंने खुद ही कहा था कि आपकी सुंदर और सुलक्षणा लड़की तो लाखों में ढूँढ़े-से भी नहीं मिलती। भला मैं दहेज लेने का दुस्साहस कैसे कर सकता हूँ", माँ ने फुसफुसाते हुए समझाया था।

किंतु, रजनी के चेहरे को पता नहीं उसके होनेवाले ससुर जी ने कैसे पढ़ लिया था! उन्होंने जानबूझकर उसे छेड़ते हुए कहा, "अमर अच्छी नौकरी में है। तुझे रानी बनाकर रखेगा, देख लेना"। सुनते ही रजनी का दिल बैठ गया क्योंकि वह मात्र रानी बनकर रहना तो चाहती ही नहीं थी। वह तो पंछी की तरह अपनी पसंद के आसमान में उन्मुक्त उड़ान भरना चाहती थी। क्या उसके सपनों का राजकुमार उसके सपनों को समझ सकेगा?

भोर की सुनहली किरणों ने धरा का आलिंगन किया था कि उसके ससुर जी का स्वर गूँजा- "बहू! तू किसी भी तरह की चिंता मत करना। वैवाहिक रस्म में दुल्हन ही दहेज होती है! और, सुन! मेरे बेटे से आगे बढ़ना है तुझे। तुझमें प्रतिभा है, तू ऐसा कर सकती है। इस वैवाहिक बंधन में बँधकर भी तू अपनी पढ़ाई और कैरियर के लिए आज़ाद है। जा, अपने सपनों को पंख दे। क्या अमर बेटा, मैं सही कह रहा हूँ न!"

रजनी हर्षातिरेक से भाव-विह्वल हो उठी। उसकी तमाम आशंकाएँ निर्मूल साबित हुईं। उसने कृतज्ञतापूर्वक अपने सास-ससुर के चरण-स्पर्श किए। उसकी आँखों से बरसाती नदी उफनकर बहने लगी थी गोया कि गत रात की बरसात का सारा पानी वहीं समाहित हो गया हो। बहती अश्रुधार के बीच कनखियों से रजनी ने अपने पति अमर की ओर निहारा जो तनिक दूर खड़ा मुस्करा रहा था।

# रजरप्पा : सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ



**अनिता रश्मि**



बेहद खूबसूरत झारखंड के चप्पे-चप्पे में इतिहास भी छिपे हैं, पौराणिक आस्था के प्रमाण भी। प्राकृतिक खूबसूरती का तो जवाब ही नहीं। जलप्रपात, पर्वत, घाटियाँ, झरने सब हर क्षेत्र में अपनी मोहकता से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। रांची से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर रामगढ़ जिले के चितरपुर में रजरप्पा के भेड़ा नदी (भैरवी नदी) और दामोदर नद के संगम पर स्थित माँ छिन्नमस्तिका मंदिर कामाख्या मंदिर के बाद सबसे बड़े शक्तिपीठ के रूप में सुविख्यात है।

पुराणों में भी इस शक्तिपीठ का उल्लेख मिलता है। प्राचीनकाल के रज नामक राजा और रानी रूपमा के नाम से इस स्थान का नाम रजरूपमा पड़ा। वही कालांतर में अपभ्रंश रजरप्पा हो गया। प्रचंडचंडिके नाम से भी विख्यात देवी ने योगनियों की भूख मिटाने के लिए अपना सर स्वयं काट लिया था। तभी से उन्हें माता छिन्नमस्तका कहा जाने लगा। मंदिर के अंदर शिलाखंड में देवी छिन्नमस्तिके का गला सर्पमाल तथा मुंडमाल से सुशोभित है। खुले-बिखरे केश, जिह्वा बाहर, आभूषणों से सुसज्जित देवी का दिव्य रूप अंकित है। दाएँ हाथ में तलवार, बाएँ में अपना ही कटा मस्तक थामे अगल-बगल खड़ीं डाकिनी और शाकिनी को वे रक्तपान करा रही हैं। स्वयं भी रक्तपान कर रही हैं। इनके गले से रक्त की 3 धाराएँ बह रही हैं। बायाँ पाँव आगे बढ़ाए हुए कमल पुष्प पर विराजमान छिन्नमस्तिके के पाँवों के नीचे कामदेव और रति शयनावस्था में हैं।

कहते हैं, किसी राजा को देवी ने दर्शन देकर बताया था कि प्राचीनकाल से ही वे वहाँ गुप्त रूप से निवास कर रही हैं। कुछेक के अनुसार किसी चरवाहे को दर्शन दिया था, बताया था। जनश्रुति है, स्वयं विश्वकर्मा ने अंदर से चट्टान काटकर मंदिर का निर्माण किया है।

पार्श्व में कल-कल करती भैरवी नदी और दामोदर का संगम स्थल अत्यंत दिलकश है। भैरवी नदी स्त्री नदी है जबकि दामोदर पुरुष। संगम स्थल पर भैरवी नदी ऊपर से नीचे की ओर दामोदर नदी पर गिरती है। मुख्य छिन्नमस्तिके मंदिर के अलावा महाकाली मंदिर, दस महाविद्या मंदिर, शंकर मंदिर, बाबाधाम मंदिर, सूर्य मंदिर, बजरंग बली मंदिर विराट रूप मंदिर नामों से कुल 7 नए मंदिर बनाए गए हैं।

मुंडन कुंड, वायु कोण कुंड, ईशान कोण का यज्ञ कुंड, अग्निकोण कुंड, पापनाशिनी कुंड हैं। 1972 में निर्मित एक सीढ़ी दामोदर से मिलती है। इसे तांत्रिक घाट कहा जाता है, यहाँ से भक्त दामोदर में स्नान कर सीधे मंदिर में जाते हैं।

बली अब मुख्य मंदिर से दूर अलग परिसर में होता है। बली का प्रसाद व भोजनादि पास की दुकानों में ऑर्डर पर बनते हैं। विश्राम की उत्तम व्यवस्था।

थोड़ी दूर वन विभाग का काफी पुराने गेस्ट हाउस में दुबारा जाना सुखदायी लगा। पिछली बरसात में कच्ची घाट पर खड़ी नाव से भेड़ा नदी को पार किया था। भेड़ा नदी पर गाँव को जोड़ने में सक्षम पुल बन गया है। मंदिर के पास नवनिर्मित व्यू प्वाइंट से देखने पर दोनों सरिताएँ मिलकर गले के नेकलेश की मानिंद नजर आ रही थीं। झारखंड के नद (एकमात्र नद) दामोदर, स्वर्ण देनेवाली स्वर्णरेखा, काँची, शंख, कोयल आदि का जल अन्य जगह मटमैला या काला हो चुका है। लेकिन यहाँ उसका नीलाभ, हरा रंग मनमोहक।

बचपन से जाती रही हूँ। संगम स्थल को हर कोण से देखा है। हहराती सरिता की चट्टानों पर पाँव धर उसे पार किया था, अलग आन्नद की अनुभूति... दूसरी राह से सीधे मंदिर के निकट पहुँचा जा सकता है। विवाह, मुंडन, पूजन, सुकुनदायी यायावरी संग मनता मानने और उतारने लोग जाते ही रहते हैं।

छात्र जीवन में घनेरे जंगल में पिकनिक मनाया था। अब कट चुके हैं अनगिनत वृक्ष। फिर भी अप्रतिम खूबसूरती मन मोह लेती है। वर्षा ऋतु में बाढ़ की विभीषिका झेल चुके देवी स्थान और सारे प्रतिष्ठान बरजते रहे हैं, बरसात के कुछ दिनों बाद आएँ। तब नदियों की बेलौस खूबसूरती देखी जा सकती है। पास ही चुटूपालू घाटी, ओरमांझी आदि भी घूम सकते हैं।

### कैसे जाएँ, कहाँ रुकें

रांची, हजारीबाग निकट है। निकटतम हवाई अड्डा व रेल पथ राँची में। निकटतम बस स्टैंड रामगढ़। वैसे हर इलाके से सड़क मार्ग के लिए छोटे-बड़े वाहन उपलब्ध। दुपहिया वाहन से भी जा सकते हैं। पास के रामगढ़ में हर रेंज में रहने की उत्तम व्यवस्था।

# संस्मरण - ईदी

"माँ माँ तुम्हें पता है कल से ही गोपाल मैदान में स्वदेशी मेला लगा है ".बेटी ने आकर खुश होकर बताया। बहुत दिनों बाद शहर में स्वदेशी मेला लगा था कोविड की वजह पिछले दो तीन सालों से भीड़ भाड़ वाली ये सारी जगहें बिल्कुल ही बंद थी। ग्रामीण परिवेश और अपनी संस्कृति से जुड़े ये स्वदेशी मेले मुझे बड़े अच्छे लगते हैंखूब चहलपहल और रौनक के साथ साथ इनमें एक तरह से पूरे देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और कला की छोटी मोटी झलक सी मिल जाती है। इन मेलों में हाथ से बनी चीजों से सजी रंग बिरंगी छोटी-छोटी दुकानें बरबस ही अपनी ओर खींच लेती हैं। कहीं जयपुर की बाँधनी और चूड़ियों की दुकान है तो कहीं पंजाब की फुलकारी दुपट्टों और जुत्तियों की। कहीं असम के बाँस की बनी सजावटी चीज़ें हैं तो किसी दुकान में बिहार की मधुबनी कलाकृतियों से सजी सामानें मिल रही थीं और सबसे ज़्यादा भीड़ लगी थी गुजराती झुमकों और हार की दुकानों में हँसती खिलखिलाती मॉल मोलाई करती लड़कियों की टोली टस से मस होने का नाम ही नहीं ले रही थी। इसके अलावा ग्रामोद्योग के बने अचार, बड़ी, पापड आदि की दुकानों से उठती सुगंध से खींचे आए लोगों की जमघट सी लगी थी कोई अचार का स्वाद चख रहा है तो कोई बड़ी पापड़ के पैकेट ख़रीद रहा है। पर इस बार मेले में अन्य वर्षों की अपेक्षा काफ़ी कम दुकानें लगी थीं और भीड़ भी कम थी मैं और मेरी बेटी नें भी मेले की दुकानों में घूमघाम कर कई छोटी छोटी चीजें ले ली थीं और हम मेले का एक चक्कर लगा कर निकलने ही वाले थे कि मेरी नज़र उस छोटे से दुकान पर जा पड़ी। भागलपुरी हथकरघा उद्योग की थी वो दुकान जो बिल्कुल खाली पड़ी थी। हाथ की बुनी कुछ रंग बिरंगी साड़ियों को दुकान से सामने फैलाकर एक बूढ़ा दुकान वाला अकेला ही बैठा था। सर पर क्रोशिये से बुनी टोपी लगाए पसीने और गर्मी से तरबतर चेहरा लिए ग्राहक के इन्तज़ार में अपनी सड़ियों को यूँ ही उलटता पलटता कभी मेरी ओर देखता कभी अपनी साड़ियों कोमुझे अपनी दुकान की ओर देखता पाकर मुझे बुलाने लगा। उसके बुलाने पर मैं पास जाकर बस यूँ ही उसके दुकान के सामने टँगी उन साड़ियों को देखने लगी तो वो बूढ़ा दुकानदार मुझसे बातें करने लगा उसने मुझे बताया की वो भागलपुर के पास के एक छोटे से गाँव का बुनकर है और अलग-अलग मेलों में जाकर अपनी हाथ की बुनी साड़ियाँ बेचा करता है। पर इस बार मेला बस दो तीन दिन के लिए ही लगा था इसलिए उसकी साड़ियाँ एकदम कम बिकीं। उसने बताया कि किस तरह वो बुनकर लोग अपना सामान लेकर एक शहर से दूसरे शहर घूमते हैं और अगर माल नहीं बिका तो घाटे में रहते हैं। वो बातें करता जा रहा था ...शाम हो चली थी और मुझे घर जाने की जल्दी थी .जब मैं बिना कुछ लिए दुकान से निकलने लगी तो वो बूढ़ा साड़ीवाला मुझसे साड़ी लेने की जिद करने लगाकहने लगा "रोज़ा चल रहा है बेटी सुबह से गरमी और धूप में भूखा बैठा हूँ और अभी तक एक भी साड़ी नही बिकी। इफ़्तारी का वक़्त हो चला है , तुम एक साड़ी ले लो बेटी तो जाकर रोज़ा तोड़ूँ।" मुझे साड़ी नहीं लेनी थी और मेरे बटुए में उतने पैसे भी नहीं थे उस समय , मुझे असमंजस में पड़ा देख एक सुंदर सी साड़ी निकाल मुझे पकड़ाते हुए बोला " इस साड़ी को ले लो बेटीतुम पर बड़ी अच्छी लगेगी मैं बिल्कुल कम दाम लगा दूँगातुम्हारे दिए पैसों से मेरे घर भी ईद मन पाएगी।" मैंने उस साड़ी वाले की ओर देखा ..भूख और थकान से क्लांत चेहरे पर जड़ी उन बूढ़ी आँखों में उम्मीद की चमक थीन जाने क्यूँ मुझे लगा मुझे वो साड़ी ले लेनी चाहिए , मैंने उसे कुछ पैसे दिए और वो साड़ी उसके पास रखवा दी और कहा- " अभी इतने ही रुपए हैं मेरे पास , कल पूरे पैसे देकर साड़ी ले जाऊँगी।"मेरी बेटी मुझे आश्चर्य से देख रही थी और वो बूढ़ा मुझे ढेरों दुआयें दे रहा था रात होने वाली थी मैं जल्दी-जल्दी घर की ओर चल दी पीछे मुड़ के देखा तो वो साड़ी वाला दस्तखान बिछाकर खुशी-खुशी रोज़ा तोड़ने की तैयारी कर रहा था.दूसरे दिन पूरे पैसे देकर मैं वो साड़ी ले आयी वो उस मेले का अंतिम दिन था साड़ी वाले को पैसे दिए तो ढेरों दुआओं के साथ वो एक बार फिर बोल पड़ा - " ये पैसे लेकर ईद में घर जाऊँगा बेटी "वो खुश था की उसकी ईद अच्छे से मन पाएगी .खुश मैं भी बहुत थी , मुझे ईद के पहले ही उसकी दुआओं की ईदी जो मिल गई थी.



**रीना सिन्हा सलोनी**

## नवगीत

सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी,
गोल घिरते जिन्दगी के व्यूह इतने,
हर मोड़ पर ज्यों घूमती है गोल रोटी
फिर भी कोई आस मन की अनबुझी सी,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी,
मै घुमाती हूँ समस्याओं के पट पर,
उलझनें आटे सी गीली,
भूख सी फैली हुई है आंच मन की,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी,
कल फिर खिलेगा क्षुधा का विकराल सूरज,
फिर सजेगा घर का कोई एक कोना,
थालियों में सज उठेंगी कामनाएं,
फिर कोई सपना दिखाती प्यास होगी,
सब्जियों सी काटती हूँ,दर्द की हर रात बीती,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी.
दाल पकती ज्यों कोई भूली कहानी,
हास हल्दी का.., नमक सी पीर जग की,
प्रार्थनाएं छौंक सी बेवक्त उठतीं,
घुट रही साँसों में जीवन की उदासी.
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी.
यह रसोईं है मेरे सपनो की दुनिया,
-मधुरता कविता में निशि दिन घोलती हूँ,
चाकुओं को धार देती ,सोचती हूँ,
कर रही हूँ धार पैनी अक्षरों की
और गढ़ रही हूँ गीत कोई स्वप्न दर्शी,
सिंक रही हैं भावनाएं रोटियों सी.



**पद्मा मिश्रा**

## रक्तवस्त्र

योनियों में अंतर रहेगा कब तक
श्रेष्ठ पुरुषत्व के हाथ में रक्त
काम की अग्नि नहीं बुझ रही
रक्तवस्त्र के चिथड़े कब तक!
अख़बारों के शीर्षक में रक्त
समाज की दरिंदी आँखों में रक्त
वह तीन साल की हो या तीस की
अधर पर रक्त चिबुक पर रक्त!
कभी मोमबत्ती की लौ सी बहती
कभी नाली के पानी सी सड़ती
लाश बनी टुकड़ों में कटी
कभी स्पर्श में ही गंध सिक्त!
हवस का संदेश हवस ही खाली
कब तक तुम रहोगी ऐसे मूक
मूरत हो पर रक्तवस्त्र तुम्हारे भी हैं
मां कामाख्या हमें बनाओ काली!!



**डॉ आकांक्षा चौधरी**

## त्यागपत्र

गाँव के वृद्ध पंडित जी ने जीवनभर ईमानदारी से बच्चों को पढ़ाया, संस्कार दिए और भजन-कीर्तन में लीन रहे। लोग उनका आदर करते थे, परंतु उनकी झोपड़ी में अक्सर अनाज की कमी रहती थी। वृद्धावस्था में भी वे फटी धोती पहने मंदिर की सीढ़ियों पर बैठते थे। एक दिन गाँव में एक प्रसिद्ध डकैत आया, जो वर्षों से हत्या और लूटपाट कर करोड़पति बन चुका था। उसने गाँव के मंदिर के लिए एक स्वर्ण कलश दान किया। अगले ही दिन गाँव में उसका भव्य स्वागत हुआ—मालाएँ, ढोल-नगाड़े, आरती और जयकारे से! पंडित जी को यह देखकर आश्चर्य हुआ। वे सोचने लगे—"जो धन परिश्रम से कमाए बिना भय और रक्त से अर्जित किया गया, वह समाज में पूजनीय हो सकता है, लेकिन ज्ञान और ईमानदारी से जीने वाला व्यक्ति केवल दयनीय कहलाता है?" शाम को जब सभा में डकैत को 'धर्म के पुजारी' की उपाधि दी गई, तब पंडित जी धीरे से उठे और अपनी झोपड़ी की ओर चल दिए। रास्ते में एक बालक ने पूछा—"पंडित जी, आप कहां जा रहे हैं?" पंडित जी हल्की मुस्कान के साथ बोले—"पुजारी की पदवी से त्यागपत्र देने।



**चारुमित्रा**

## सबला नारी

माथे पर ज़िम्मेदारी की गगरी, निभाती कुशलता से है नारी।
दस हाथों से निपटा काज भारी, अबला नहीं सबला है नारी।
बेतरा से बाँधे पीठ पर लाल,
हाथ से चलाती है कुदाल।
चूल्हा चौका का नहीं मलाल, क्षुदा मिटाकर करती निहाल।
घर की दुख दर्द निवारणी , वनिता तू है सुघड़ गृहिणी। द्वय कुलों की शोभा जननी , सात जन्मों की तू है संगिनी । हर दर्द को सिलबट्टे पर पीसकर, बलाओं को आँचल में खोसकर। संस्कारों से आँगन को सींच कर, नव सृजन,मन्नत का सूत बाँधकर। माँ, बहन ,बहू ,बेटी कहलाती वंश का बेल नारी ही बढ़ाती नभ से फ़लक तक है दमकती, नारी धरा की करिश्मा कहलाती।
तू नायाब कृति शक्ति रूपा। अन्नपूर्णा तू जीव कुंभ रूपा।
खोल दो क़ानून की पट्टी को, निज हक छिन नारी तू अनुपा।



**सविता गुप्ता**

## झंकार फागुन की (दोहे)

पायल की झंकार है, मुझको तुमसे प्यार।
फागुन आया साथ में, खेलो होली यार ।।
साजन भींगा दिल कहे,
पिचकारी भर रंग।
जागा नव झंकार हिय,
पुलकित कर दो अंग ।।
नीला-पीला रँग पिया, खेलूँगी
तुझ संग।
उर वीणा झंकार से,
भीगा मेरा अंग।।
प्यारा प्रियतम संग में, करता हिय झंकार।
सुंदर जीवन से सदा, सुरभित उर संसार ।।
संचित शुचितम स्नेह से, मन जागे झंकार।
छोटी खुशियाँ हीं बने, जीवन का आधार ।।
सरगम जैसी भावना, दीया-बाती संग।
साजन-सजनी जब मिलें, सच्चा जीवन ढंग ।।



**खुशबू बरनवाल 'सीपी'**

### काव्य कोना

## ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?

सौदे में शर्त है
क्रय-विक्रय में शर्त है
मुक्त छंद है ज़िन्दगी
ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?
कुंठा पनपेगी
राग-द्वेष संग आयेगा
प्रतिस्पर्धा के समावेश में
सर्वशक्तिमान होने के भ्रम में
अहम् की बढ़ोतरी
शर्त से शर्त लगेगी
ज़िन्दगी में शर्त अपना रंग दिखायेगी।
मौत भी अनोखी है
शर्त संग आयेगी
वह भी अजीब है
अनायास, दबे पांव आने का
मौत की अपनी शर्त है
ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?
ज़िन्दगी में है शर्त कहाँ?

**नाग मणि**

# दिल के करीब दार्जिलिंग



**कंचन सिंह**



कोरोना के समय घर में बंधक बनकर कैदियों की जिंदगी जीने के बाद जब हालात थोड़ी सामान्य हुई तो हम खुली हवा में सांस लेना चाहते थे। गर्मियों की छुट्टियां हो चुकी थी और हमने काफी रिसर्च के बाद यह तय किया कि हम इस बार दार्जिलिंग घूमने जाएंगे। सारी बुकिंग कंफर्म करने के बाद हमने पैकिंग शुरू की।

दार्जिलिंग के लिए पैकिंग बहुत स्पेशल थी क्योंकि जून में वहां कभी भी बारिश हो सकती है, तो आपको छतरी रखनी होगी, वहाँ का मौसम ठंडा है तो आपको गर्म कपड़े रखने होंगे। मैं अपने पति और बेटे के साथ ट्रेन से दार्जिलिंग के लिए निकल पड़ी। मुझे ट्रेन से सफर करना बहुत पसंद है। हम समय पर सिल्लीगुड़ी स्टेशन पहुँच गए। हमारा ड्राइवर कैब के साथ इंतजार कर रहा था। हमलोग फ्रेश होकर निकल पड़े मिरीक की तरफ जो कि हमारा पहला डेस्टिनेशन था। छोटा-सा प्यारा सा गांव है, जहां पर संतरे की खेती होती है और वह अपने अलौकिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि बहुत ज्यादा लोग उसके बारे में नहीं जानते। रास्ते में कभी ऐसा लग रहा था। हम लोग दो घंटे में मिरीक पहुंचे।जहाँ एक बहुत ही खूबसूरत और शीतल झील थी और उसके चारों तरफ अप्रतिन प्राकृतिक सौंदर्य। सुखद अनुभव रहा। उसके बाद हम रात को दार्जिलिंग पहुंचे। वहाँ हमलोगों ने काफी सोच समझकर चौरस्ता के पास होटल बुक किया था। जब हम वहाँ पहुंचे तो हमें अपना निर्णय सही लगा।

चौरस्ता की खूबसूरती और जिंदादिली व्याख्या नहीं कर सकती। रंग-बिरंगी दुनिया,चारों तरफ आलीशान दूकान के साथ खूबसूरत स्ट्रीट मार्केट और विभिन्न प्रकार के स्ट्रीट फूड स्टाल। दूसरे दिन सुबह हम लोग महाकाल मंदिर के दर्शन को गए । महाकाल मंदिर की शांति और पवित्रता हृदयास्पर्शी थी।महाकाल मंदिर के दर्शन के बाद हम दार्जिलिंग में टॉय-ट्रेन राइड के लिए निकले,क्योंकि दार्जिलिंग की चायपत्तियाँ और टॉय-ट्रेन दोनों बहुत प्रसिद्ध है। छोटी-सी ट्रेन और वह भी शहर के बीच चलती हुई।यह अनुभव मेरे बेटे के लिए रोमांचित करने वाला था। हालांकि मुझे शहर की गंदगी थोड़ी चुभ रही थी।

टॉय ट्रेन के बाद हम पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क गए। यह जूलॉजिकल पार्क भारत में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर स्थित पार्क है और यह हिमालयन तेंदुए, रेड पांडा,हिलाया भालू के लिए मशहूर है। रेड पांडा यहां का मुख्य आकर्षण है, जिसे देखने के बाद वहां से हटने का मन ही नहीं हो रहा था। पार्क को बहुत खूबसूरती से बनाया गया है। अंदर माउंटेन ट्रैकिंग इंस्टिट्यूट भी है। अब शाम हो चुकी थी और हम आराम करने होटल पहुँचे।।

अगले दिन हम जापानी सांची स्तूप देखने जलपहाड़ की ढलान गए यह दार्जिलिंग के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय जगहों में से एक है। यहाँ साल के पेड़ो के बिच प्रकृति छटा देखते ही बनती थी। यह विश्व के 70 सांची स्तूपों में से एक है । हम वहां काफी समय व्यतीत करना चाहते थे लेकिन मौसम में हमारा साथ नहीं दिया और बारिश शुरू हो गई।

हालांकि थोड़ी देर में बारिश रुक गई और हम होटल वापस आ गए।
शाम में हम लोग अपनी फेवरिट जगह की तरफ निकले। दार्जिलिंग की चायपत्तियाँ तो विश्व प्रसिद्ध है और मैं चाय की शौकीन भी हूँ। मेरे दोस्तों और रिश्तेदारों ने भी चाय की डिमांड की थी।हम हम लेबनान कार्ट रोड स्थित दार्जिलिंग टी गार्डनपहुंचे।
चाय की सीढ़ीनुमा खेत की खूबसूरती का वर्णन करना मुश्किल था।वहां चाय की इतनी विविधता थी जो मैंने ना कभी देखा और ना कभी सुना और लोग अपनी बजट के अकॉर्डिंग चाय की ले सकते थे। सबसे खास बात कि वहां चाय पहले टेस्ट कराते हैं फिर बेचते हैं। हम लोगों मसाला चाय, केसर चाय और विभिन्न प्रकार की चायपत्तियां पैक करवा ली । फिर हम लौट आए होटल मे।

अगले दिन सुबह हम लमाहट्टा पार्क के लिए निकले जो कि अपनी शांति और स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध है। यह पार्क 5700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है ऑर्किड, मैगनोलिया के फूलों से सजा यह पार्क के मनमोहक दृश्य देखकर मन नहीं भरता। यह पार्क चारों तरफ से साल ,बर्च के पेड़ों से घिरी है लगता है कि हम किसी फिल्म की शूटिंग लोकेशन पर आ गए हैं। लम्माहटा पार्क में हमने कई घंटे बिताए। क्योंकि यह पार्क जितना मनमोहक है उतना ही बडा भी। इस पार्क में काफी ऊंचाई पर एक झील भी है, जिसकी मान्यता बहुत पुरानी है। लमाहट्टा चाय के छोटे-बड़े बगान के लिए भी मशहूर है। और इस तरह हमारा यह दिन भी समाप्त हो गया और यह हमारा दार्जिलिंग में आखिरी दिन था।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

## कर्तव्य बोध

बेड न. 10 पे पड़ा आसाहय वृद्ध रात से चिल्ला रहा था। अपने कैबिन से उठकर राधिका बेड न. 10 पर लगी तख्ती को चेक करते हुए पूछा, "क्या बात है बाबा? क्यों चिल्ला रहें हो! बीमार हो आराम करों !! परिवार वाले कहाँ है तुम्हारे!? नज़र मिलते ही वह चौंक पडी ,अनायास ही मुख से निकला, "आप "! उधर वृद्ध की आँखों से बहता पानी ,लाचार अवस्था और अपनो के साथ का अभाव सच्चाई बयाँ कर रहें थे ! वह बिना कुछ कहें वार्ड से बाहर आ जाती है, ख्यालों में आठ साल पहले का दृश्य जिवांत हो चला --"कितना लांक्षण सहना पड़ा , वह दिन याद आ गया जब ससुराल में जलील किया गया था। दोष बस इतना की इकलौते बेटे की विधवा होना! कानून ने भी कोई सहारा न दिया !! आँखों की कोर से सूखा आँसु तरल होकर बहने लगा,याद आ गया बेटियों के बहकावें में ससुर ने घर से निकाल था। बहकावा या बहू के प्रति सम्मान के अभाव ने एक पिता को राक्षस बना दिया ! वेदना की टीस ले, मन में हौंसला समेट उसने एनसीसी के दौरान की गयी नर्सिंग की पढ़ाई के बल पर अस्पताल में लोगों की सेवा में लग अपनी टीस को मरहम बनाया। तभी सिस्टर ने उसे झिंझोड़ा -- "मैडम ! दस न.मरीज आपको खोज रहा है?" "हाँ ! आती हूँ !!" वह सोंचती है बेटियों ने छोड़ दिया! बेटा दुनिया में नही!! बहू को आपने अपना माना ही नही! पर अब नर्स के वचनबद्धता से बँधी मैं अपना कर्तव्य जरूर पूरा करूँगी!"



**मनीषा सहाय सुमन**


## आज का दोहा

पाप मनुज के झेलती , रही धरा चुपचाप।
पाप मुक्ति के हेतु अब, धूनी तपती आप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# अयोध्या में रामनवमी में, चप्पे-चप्पे में सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद

**एजेंसी। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामनवमी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रीराम जन्मोत्सव पर देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में रामनवमी को लेकर सुरक्षा की सारी तैयारियां जोरों पर हैं। हर महत्वपूर्ण जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए कई जगह कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। अयोध्यावासी भी हमारी सुरक्षा का हिस्सा हैं। मल्लाह और वेंडर सभी की सुरक्षा के पहलुओं को देख रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं।

**● रामनवमी के दिन सुबह 6 बजे श्रीरामलला का पवित्र जल, पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा**

बड़ी संख्या में लोग अयोध्या आते हैं। उनके प्रबंधन का इंतजाम किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के साथ तालमेल करके सारे इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी लोग मिलकर टीम भावना के साथ काम कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन का बेहतर इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। राम मंदिर, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, रामपथ तक जोन में बंटे हुए हैं। आवश्यकता पड़ने पर इंटरनल डायवर्जन भी किए जाएंगे।अयोध्या में जिला प्रशासन ने रामनवमी पर्व को लेकर बेहद खास तैयारियां की हैं। रामकथा पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। रामनवमी के दिन मंदिर में होने वाले 'सूर्य तिलक' अनुष्ठान की विशेष महिमा होगी, जिसे विश्व भर के श्रद्धालु लाइव देख सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और वैज्ञानिक परंपराओं का अद्वितीय उदाहरण है। रामनवमी के दिन सुबह 6 बजे श्रीरामलला का पवित्र जल, पंचामृत और औषधियों से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद, 9:30 से 10:30 बजे तक विशेष श्रृंगार और भोग अर्पण होगा। दोपहर 12 बजे, जब श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा, विशेष आरती और छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

## युवाओं ने ठान लिया, हरियाणा को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है: नायब सैनी

**एजेंसी। हिसार**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत साइक्लोथॉन 2.0 को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने ठान लिया है कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। सीएम सैनी ने कहा, "पीएम मोदी ने नशे के खिलाफ कहा है कि नशा परिवार और समाज के लिए खतरा बनकर सामने आता है, इसलिए इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए जरूरी है कि हम सभी एकजुट होकर इस दिशा में आगे बढ़ें।"उन्होंने आगे कहा कि आज नशा एक फैशन बन गया है। हमारे युवा अपने दोस्तों के बहकावे में नशा करने लगते हैं। नशीली पदार्थ का सेवन सिर्फ स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी घातक साबित होता है। हमारी कई पीढ़ियां नशे के कारण बर्बाद हो रही हैं। नशे के कारण अपराध करने से भी लोग गुरेज नहीं करते हैं, इसलिए नशे के खिलाफ हम सभी को एकजुट होना होगा। सीएम सैनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, "नशे का नाश करने के उद्देश्य से आज दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर माता रानी का आशीर्वाद लेकर हिसार से 'साइक्लोथॉन 2.0' शुरू की है। सभी प्रदेश के परिवारजनों को बधाई

## कुशीनगर में पहचान छिपाकर महिला का शोषण, एक गिरफ्तार

**कुशीनगर (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक युवक द्वारा पहचान छिपाकर एक महिला का धर्म परिवर्तन कराने, गोमांस खिलाने और शोषण करने का मामला सामने आया है। इस मामले में युवक की गिरफ्तारी भी हुई है। तमकुहीराज के क्षेत्राधिकारी अमित सक्सेना ने बताया कि पीड़िता पूनम देवी बिहार के जमुई की रहने वाली हैं। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक प्रार्थना पत्र दिया। पीड़िता ने विशुनपुरा थाना क्षेत्र के शमशेर अंसारी उर्फ टाइगर पर पहचान छिपाकर जबरन गोमांस खिलाने, धर्म परिवर्तन कराने और शोषण के आरोप लगाए थे। उक्त अभियुक्त पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई थीं। उसकी गिरफ्तारी की जा चुकी है। विधिक कार्यवाही जारी है। बताया जाता है कि पहचान छिपाकर महिला के शोषण का मामला सामने आया था। जहां युवक ने अपना नाम बदलकर एक हिंदू युवती को प्रेम जाल में फंसाया और फिर धोखे से शादी कर उसका शोषण किया। कुछ दिनों बाद युवती को जब युवक की सच्चाई पता लगी तो युवक ने युवती पर धर्म परिवर्तन करने के लिए भी दबाव बनाया।

# समुद्री इकोसिस्टम की सुरक्षा में जुटी है सरकार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार देश के समुद्री क्षेत्र और बंदरगाहों को मजबूत करना जारी रखेगी, जो भारत की प्रगति और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'राष्ट्रीय समुद्री दिवस' के अवसर पर अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा, "हम भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास और राष्ट्र निर्माण में इस क्षेत्र द्वारा निभाई गई भूमिका को याद करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत पहले के समय में एक मान्यता प्राप्त समुद्री शक्ति था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद के दौर में समुद्री क्षेत्र की अनदेखी की गई। हालांकि, पिछले 10 वर्षों के दौरान न्यू इंडिया ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं और सरकार देश के समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश के प्रमुख बंदरगाहों की कार्गो हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी में सुधार के लिए हजारों किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सरकार के "समृद्धि के लिए बंदरगाह और प्रगति के लिए बंदरगाह" के मंत्र के साथ समुद्री क्षेत्र में बड़े बदलाव लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा "उत्पादकता के लिए बंदरगाह" के नए मंत्र को समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी आगे बढ़ाया गया है। पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार 'कोस्टल शिपिंग' को विकसित करने के लिए कई नए कदम उठा रही है। यह बयान गुरुवार को लोकसभा द्वारा अनुमोदित 'कोस्टल शिपिंग बिल' की पृष्ठभूमि में दिया गया।

1. पिछले 10 वर्षों में 'न्यू इंडिया' ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं।
2. पीएम मोदी ने भारत के समुद्री क्षेत्र के पुनर्निर्माण और विकास के लिए किए गए प्रयासों पर जोर दिया
3. प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के समुद्री इतिहास और राष्ट्र निर्माण में इस क्षेत्र द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया।
4. पीएम मोदी ने कहा कि भारत पहले एक मान्यता प्राप्त समुद्री शक्ति था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद इसके महत्व को नजरअंदाज किया गया।
5. पिछले 10 वर्षों में 'न्यू इंडिया' ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं।



### भारत के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से कर रही है काम

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने की रणनीति के तहत देश के अंतरदेशीय जलमार्गों को भी विकसित किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि इतिहास ने दिखाया है कि जब भी भारत का समुद्री क्षेत्र मजबूत हुआ है, देश और दुनिया दोनों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण तथ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार देश के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से लगातार काम कर रही है।

इस विधेयक का उद्देश्य भारतीय तटीय जल (कोस्टल वॉटर) के भीतर व्यापार में लगे जहाजों को रेगुलेट करना है।

इस विधेयक का उद्देश्य कोस्टल शिपिंग के रेगुलेशन से संबंधित कानून को कंसोलिडेट और संशोधित करना, तटीय व्यापार (कोस्टल ट्रेड) को बढ़ावा देना और घरेलू भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और वाणिज्यिक जरूरतों के लिए देश के नागरिकों के स्वामित्व और संचालन वाले तटीय बेड़े (कोस्टल फ्लीट) से लैस हो।

## दलित किसानों ने सपा नेता पर लगाया जमीन कब्जाने का आरोप

**अखिलेश यादव से लगाई मदद की गुहार**

**लखनऊ (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित सपा (समाजवादी पार्टी ) कार्यालय के बाहर शनिवार को दलित किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सपा नेता वाहिद कुरैशी पर जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। दलित किसानों ने अखिलेश यादव से सपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

दलित किसानों का आरोप है कि समाजवादी पार्टी के नेता वाहिद कुरैशी ने जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। किसानों की मानें तो सपा नेता वाहिद कुरैशी के तार आतंकियों से जुड़े हुए हैं और अपनी दहशत फैला कर गांव के कई लोगों की जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है। सपा कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान राकेश कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, "मैं सलेमपुर का निवासी हूं। अमेठी से सपा नेता किसानों की जमीन को हड़पना चाहते हैं, इसलिए वह हमें जेल भेजना चाहते हैं, ताकि हमारी जमीनों पर कब्जा कर सकें।

## बिहार में नीतीश कुमार के रहते मुसलमान सुरक्षित हैं : नीरज कुमार

**अखिलेश यादव से लगाई मदद की गुहार**

**पटना (आईएएनएस)**



लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल के समर्थन को लेकर विपक्षी दल लगातार जेडीयू को निशाने पर ले रहे हैं। इस बीच, जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने पार्टी के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि बिहार के मुसलमान जानते हैं कि जब तक नीतीश कुमार हैं, वे सुरक्षित हैं। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने वक्फ संशोधन विधेयक के मुद्दे पर आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "एक राजनीतिक साजिश के तहत जेडीयू नेताओं की छवि खराब करने का प्रयास हो रहा है। सच को जानना चाहिए, क्योंकि ऐसे नेताओं के बारे में नेशनल मीडिया तक में अफवाह फैलाई जा रही है, जो नेता पहले ही कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। उनको भी जेडीयू का बताया जा रहा है। मीडिया में पार्टी नेताओं को लेकर जो भी खबरें चलाई जा रही हैं, वे सब फर्जी हैं।

**वक्फ संशोधन बिल मुस्लिमों के हित में**

## विपक्ष ने गुमराह करने की कोशिश की जा रही : शाहनवाज हुसैन

**समस्तीपुर (आईएएनएस)**



लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पास हो जाने के बाद भी इसे लेकर बयानबाजियों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने समस्तीपुर में कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में पेश हुआ वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के हित में है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को लाभ मिलेगा और वे नए सिरे से अपना विकास कर सकेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इस बिल के दोनों सदनों में पास होने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां दी जा रही हैं, गालियां दी जा रही हैं, लेकिन ऐसी धमकियों से वे डरने वाले नहीं हैं। ऐसे लोगों की वह पहचान करा रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बिल से एनडीए के वोट में बढ़ोतरी होगी। जदयू से मुसलमानों के पार्टी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई ऐसा बड़ा चेहरा पार्टी छोड़कर नहीं जा रहा है, इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है, यह बिल मुसलमानों के हित का है। उन्होंने कहा, "मुस्लिम भाइयों को इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। इस कमेटी को भी मुस्लिम ही हेड करेंगे।

## फीस वृद्धि विवाद : प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि पर मनीष सिसोदिया ने सीबीआई जांच की मांग की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही फीस वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार और प्राइवेट स्कूलों के बीच सांठगांठ का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की। मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही दिल्ली में भ्रष्टाचार को खुली छूट मिल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मिलीभगत के बिना कोई भी प्राइवेट स्कूल अपनी फीस नहीं बढ़ा सकता। उन्होंने सवाल उठाया



**● शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि में पारदर्शिता की कमी है**

कि फीस वृद्धि का कितना हिस्सा मंत्रियों तक पहुंच रहा है, इसका पर्दाफाश जरूरी है। सिसोदिया ने कहा कि आप सरकार के कार्यकाल के दौरान फीस वृद्धि पर सख्त नियंत्रण था। 2015 के बाद प्राइवेट स्कूलों का ऑडिट कराया गया, और सिर्फ उन्हीं स्कूलों को फीस बढ़ाने की अनुमति दी गई, जो आर्थिक रूप से मजबूर थे। उन्होंने बताया कि कई स्कूलों के पास करोड़ों रुपए की जमा राशि थी, फिर भी वे फीस बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे, जिसे रोका गया। कई स्कूलों ने सरकार के खिलाफ कोर्ट में मुकदमे भी किए, लेकिन केजरीवाल सरकार ने उन्हें कोर्ट में मात दी।

पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्राइवेट स्कूल बिना किसी सरकारी अनुमति के मनमाने तरीके से फीस बढ़ा रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली के प्रमुख स्कूलों ने 10 से 30 फीसदी तक फीस में बढ़ोतरी कर दी है। अहलकॉन पब्लिक स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, एंजेल पब्लिक स्कूल, रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल और लैंसर पब्लिक स्कूल जैसे नामचीन संस्थानों ने हजारों रुपए तक मासिक फीस बढ़ा दी है, जबकि न तो शिक्षकों की सैलरी बढ़ी है और न ही सुविधाएं। सिसोदिया ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि आज दिल्ली में महिलाएं बसों में मुफ्त यात्रा से वंचित हैं, मोहल्ला क्लीनिक बंद हो चुके हैं, अस्पतालों में दवाएं नहीं मिल रहीं और बिजली कटौती आम हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोगों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है और प्राइवेट स्कूलों की लूट को बढ़ावा दे रही है। आप नेता ने चेतावनी दी कि अगर दिल्ली सरकार की ओर से यह लूट नहीं रोकी गई, तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## 6 वर्ष की उम्र में फूड एलर्जी वाले शिशुओं में अस्थमा विकसित होने की संभावना 4 गुना ज्यादा

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** बचपन में हुई फूड एलर्जी से अस्थमा व फेफड़ों की कार्यक्षमता कम हो जाती है। मर्डोक चिल्ड्रेन्स रिसर्च इंस्टीट्यूट के नेतृत्व में किए गए शोध में पाया गया कि प्रारंभिक जीवन में फूड एलर्जी अस्थमा के बढ़ते जोखिम व छह साल की उम्र में फेफड़ों के विकास में कमी से जुड़ी थी। अध्ययन में 5,276 शिशुओं को शामिल किया गया, जिनका खाद्य एलर्जी के परीक्षण के लिए मूंगफली , अंडे और मौखिक भोजन की चुनौतियों सहित आम फूड एलर्जी के लिए परीक्षण किया। छह साल की उम्र में बच्चों का खाद्य एलर्जी और फेफड़ों के कार्य परीक्षण किया गया। लांसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ में प्रकाशित नतीजों से पता चला कि छह साल की उम्र तक, 13.7 प्रतिशत ने अस्थमा के डायग्नोसिस की सूचना दी। बिना फूड एलर्जी वाले बच्चों की तुलना में, छह साल की उम्र में फूड एलर्जी वाले शिशुओं में अस्थमा विकसित होने की संभावना लगभग चार गुना अधिक थी। इसका असर उन बच्चों पर सबसे ज़्यादा पड़ा जिनकी फूड एलर्जी छह साल की उम्र तक बनी रही, उन लोगों की तुलना में जिनकी एलर्जी की उम्र बढ़ चुकी थी। फूड एलर्जी से पीड़ित बच्चों में फेफड़ों



की कार्यक्षमता कम होने की संभावना भी अधिक थी। मर्डोक चिल्ड्रन में एसोसिएट प्रोफेसर राचेल पीटर्स ने कहा, "बचपन में हुई फूड एलर्जी, चाहे इसका समाधान हो या नहीं, बच्चों में खराब श्वसन परिणामों से जुड़ी हुई थी। यह संबंध बचपन में फेफड़ों के विकास में कमी को देखते हुए वयस्कता में श्वसन और हृदय की स्थिति सहित स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा है। फेफड़ों का विकास बच्चे की ऊंचाई और वजन से संबंधित होता है और फूड एलर्जी वाले बच्चे बिना एलर्जी वाले अपने साथियों की तुलना में छोटे और हल्के हो सकते हैं। यह फूड एलर्जी और फेफड़ों की कार्यप्रणाली के बीच संबंध को समझा सकता है। फूड एलर्जी और अस्थमा दोनों के विकास में समान प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाएं शामिल होती हैं। पीटर्स ने कहा, "फूड एलर्जी वाले शिशुओं के विकास की निगरानी की जानी चाहिए।हम उन बच्चों को आहार विशेषज्ञ की देखरेख में रहने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो अपनी एलर्जी के कारण भोजन से परहेज कर रहे हैं ताकि स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए पोषण प्रदान किया जा सके।

मर्डोक चिल्ड्रन एंड यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न की प्रोफेसर श्यामली धर्मगे के अनुसार निष्कर्षों से चिकित्सकों को रोगी की देखभाल में मदद मिलेगी और श्वसन स्वास्थ्य की निगरानी पर अधिक सतर्कता को बढ़ावा मिलेगा। फूड एलर्जी वाले बच्चों को निरंतर प्रबंधन और शिक्षा के लिए क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी या एलर्जी विशेषज्ञ द्वारा प्रबंधित किया जाना चाहिए। प्रोफेसर धर्मेज ने कहा कि चिकित्सकों और माता-पिता को फूड एलर्जी वाले बच्चों में अस्थमा के लक्षणों के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए क्योंकि खराब नियंत्रित अस्थमा गंभीर भोजन-प्रेरित एलर्जी प्रतिक्रियाओं और एनाफिलेक्सिस के लिए एक जोखिम कारक था।

## शिव नगरी काशी का 'राम रमापति बैंक', जहां जमा है अरबों का धन



**वाराणसी (आईएएनएस)**

शिव नगरी काशी का राम रमापति बैंक बताता है कि राम नाम से बड़ा धन कुछ नहीं है, तभी तो यहां पर लोन लेने के लिए अनगिनत लोग आते हैं और कहते हैं 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो...' 6 अप्रैल को रामनवमी है। इस अवसर पर आइए जानते हैं विश्वनाथ मंदिर के ठीक पीछे स्थित रामलला के राम बैंक से श्रद्धालु कैसे लोन लेते हैं, इसके क्या-क्या नियम हैं? मोक्षनगरी स्थित राम बैंक में लाल रंग की पोटलियों में राम नाम भर-भरकर रखा है, जिसका पैसों से कोई लेना-देना नहीं है, यहां चलता है तो बस राम का नाम। जमा होता है पुण्य और लोन के रूप में मिलता है राम का नाम। हालांकि, लोन लेने और उसे चुकाने के भी सख्त नियम हैं। इनकी संख्या अरबों से ऊपर हो गई है। इस बैंक में बाकायदा कर्मचारी भी नियुक्त हैं, जो प्रक्रियाओं को पूरा करते हैं। लोन लेने के लिए फॉर्म भरा जाता है, जिसमें पूरे नियम लिखे गए हैं।

## पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार, चाकू और हथौड़ा भी बरामद

**नोएडा (आईएएनएस)।** नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी नूरउल्ला हैदर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किए गए चाकू और हथौड़ा भी बरामद किया है। यह सनसनीखेज वारदात 4 अप्रैल को सामने आई थी, जब महिला की हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी नूरउल्ला हैदर, निवासी सी-154, सेक्टर-15, थाना फेज-1, नोएडा, को शनिवार को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। प्रारंभिक पूछताछ व साक्ष्य संकलन के बाद उसे पुलिस हिरासत में ले लिया गया।

## कैंसर रोधी गुण वाला 7 साल में बढ़ने वाला बदबूदार पेड़

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने पौधों की कोशिकाओं को छोटे बायोफैक्ट्रीज़ में बदल दिया है, जो कई कैंसर रोधी दवाओं के लिए एक प्रमुख कच्चा माल तैयार करते हैं, जो लुप्तप्राय पौधों की प्रजातियों से निकाले गए यौगिक को प्राप्त करने का एक वैकल्पिक स्रोत है।जिन शोधकर्ताओं ने प्लांट जेनेटिक इंजीनियरिंग की तरकीबों को कंप्यूटर सिमुलेशन के साथ जोड़ा, उन्होंने कैंप्टोथेसिन नामक यौगिक की प्रति ग्राम उत्पादन उपज को पांच गुना बढ़ा दिया है, जिसे पारंपरिक रूप से दुर्लभ पौधों से काटा जाता है। कैंप्टोथेसिन एक कार्बनिक यौगिक है जो नॉथापोडिट्स निमोनियाना जैसे पौधों में पाया जाता है - भारत के पश्चिमी घाट का एक छोटा पेड़ जिसे आमतौर पर "बदबूदार पेड़" या "बदबूदार होली" कहा जाता है। इस यौगिक का उपयोग स्तन, बृहदान्त्र, गैस्ट्रिक, फेफड़े और डिम्बग्रंथि के कैंसर के उपचार में उपयोग की जाने वाली चार कीमोथेरेपी दवाओं के संश्लेषण में किया जाता है। यह पेड़ धीरे-धीरे बढ़ता है। परिपक्व होने व व्यावसायिक रूप से आकर्षक मात्रा में कैंप्टोथेसिन पैदा करने में औसतन सात साल लगते हैं। यौगिक की बढ़ती बाजार मांग का मतलब अत्यधिक शोषण है, जिससे प्रजातियों की आबादी में तेजी से कमी आ रही है। शोध का नेतृत्व करने वाली भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में बायोकेमिकल इंजीनियरिंग की प्रोफेसर स्मिता श्रीवास्तव का कहना है, "साल-दर-साल इस पहले से ही लुप्तप्राय पेड़ को उखाड़ना कैंप्टोथेसिन प्राप्त करने का एक स्थायी तरीका नहीं है।" चीन में वैज्ञानिकों ने 2012 में 99.9 प्रतिशत शुद्धता के साथ कैंप्टोथेसिन के पूर्ण रासायनिक संश्लेषण के लिए एक प्रक्रिया की घोषणा की थी, लेकिन यह प्रक्रिया बोझिल और व्यावहारिक है ,और पेड़ों की मांग निरंतर बनी हुई है। श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने यौगिक के स्रोत के रूप में पादप ऊतक कोशिका संवर्धन के उपयोग का पता लगाने का निर्णय लिया। टिशू कल्चर एक दशकों पुरानी तकनीक है जिसमें पौधों की कोशिकाओं को प्रयोगशाला में विकसित किया जाता है और पोषक तत्वों के शोरबा पर खिलाया जाता है। कैंप्टोथेसिन एक प्राकृतिक उत्पाद है जो दुर्गंधयुक्त होली के पेड़ द्वारा शिकारियों - कीड़ों या स्तनधारियों से बचाव के लिए बनाया जाता है जो पेड़ पर भोजन करने के लिए आ सकते हैं। आईआईटी मद्रास की टीम ने आईआईटी मंडी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर प्रयोगशाला में पेड़ से कैंप्टोथेसिन-उत्पादक कोशिकाओं का संवर्धन किया। इसके बाद शोधकर्ताओं ने कैंप्टोथेसिन की उपज को अधिकतम करने का तरीका खोजने के लिए कोशिकाओं में कई जैविक मार्गों को बदलने के लिए कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग किया। बायोटेक्नोलॉजी के प्रोफेसर व रॉबर्ट बॉश सेंटर फॉर डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सदस्य कार्तिक रमन ने कहा, "सड़कों के एक जटिल नेटवर्क की कल्पना करें और आप कुछ ट्रैफ़िक को एक निश्चित गंतव्य तक निर्देशित करना चाहते हैं - जहां लक्ष्य कैम्प्टोथेसिन उपज को अधिकतम करना है।" उनके कंप्यूटर विश्लेषण ने 23 संभावित मार्गों की ओर इशारा किया, जिनके माध्यम से कोशिकाएं कैंप्टोथेसिन का अधिक उत्पादन कर सकती हैं। शोधकर्ताओं ने एक का चयन किया जिसने अधिकतम उपज का वादा किया और प्रयोगशाला में उन मार्गों को लागू करने के लिए कोशिकाओं के भीतर जीन में हेरफेर किया। रमन ने कहा, "कोशिकाओं में आनुवंशिक इंजीनियरिंग यातायात के लिए सड़कों को चौड़ा करने के बराबर है - उच्च कैंप्टोथेसिन पैदावार प्राप्त करने के लिए।" वैज्ञानिकों ने अपने निष्कर्षों को पीयर-रिव्यू जर्नल फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस में प्रकाशित किया है। आनुवंशिक रूप से इंजीनियर की गई कोशिकाओं ने प्रति ग्राम सेलुलर सामग्री में पांच माइक्रोग्राम कैंप्टोथेसिन का उत्पादन किया, या प्राकृतिक पौधों की कोशिकाओं से उपलब्ध पांच गुना अधिक। श्रीवास्तव के अनुसार अनुसंधान के नतीजे औद्योगिक स्तर के उत्पादन के लिए प्रक्रिया को ऊपर उठाने के भविष्य के प्रयासों के लिए काफी उत्साहजनक हैं।

- **यह पेड़ धीरे-धीरे बढ़ता है। परिपक्व होने व व्यावसायिक रूप से आकर्षक मात्रा में कैंप्टोथेसिन पैदा करने में औसतन सात साल लगते हैं।**

# भारत-श्रीलंका के बीच अटूट बंधन...

### रक्षा सहयोग और ऊर्जा केन्द्र में विकसित करने पर बनी सहमति

कोलंबो (आईएएनएस)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-श्रीलंका संबंधों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की सराहना की। दोनों नेताओं ने शनिवार को कोलंबो में राष्ट्रपति सचिवालय में आयोजित द्विपक्षीय चर्चा के दौरान सुरक्षा, व्यापार, कृषि, आवास, संस्कृति सहित अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "कोलंबो में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता हुई। उन्होंने राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था। अब मुझे पहला विदेशी नेता होने का सम्मान मिला जिसकी मेजबानी उन्होंने की। यह भारत-श्रीलंका संबंधों और हमारे देशों के बीच मौजूद अटूट बंधन के प्रति उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पीएम मोदी ने कहा, "राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से काफी प्रगति हुई, खासकर ऊर्जा, सौर ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में। आज की हमारी बातचीत में हमने सुरक्षा, व्यापार, कृषि, आवास, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और गति देने के तरीकों पर चर्चा की।"द्विपक्षीय वार्ता के बाद रक्षा सहयोग और त्रिंकोमाली को ऊर्जा केन्द्र के रूप में विकसित करने सहित कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## पापुआ न्यू गिनी में 6.9 तीव्रता के भूकंप से मचा हड़कंप

**पोर्ट मोरेस्बी ।** पापुआ न्यू गिनी के न्यू ब्रिटेन क्षेत्र में शनिवार तड़के रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी द्वारा एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार भूकंप 5 अप्रैल, 2025 को महसूस किया गया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र वेस्ट न्यू ब्रिटेन प्रांत की राजधानी किम्बे से 194 किमी दक्षिण-पूर्व में था। भूकंप का केंद्र 6.23 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.64 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र 65 किमी (40 मील) की गहराई पर था।

## अमित शाह बस्तर पंडुम महोत्सव में शामिल होने दंतेवाड़ा पहुंचे



- **केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर में लंच के दौरान स्थानीय व्यंजन चखेंगे**

दंतेवाड़ा (हि.स.)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार आज शनिवार सुबह 11 बजे जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे जहां भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया, कुछ देर रुकने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हेलिकप्टर से बस्तर पंडुम महोत्सव में शामिल होने के लिए दंतेवाड़ा रवाना हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार कुछ देर पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दंतेवाड़ा के कारली हेलीपेड पहुंचे। यहां से वे सीधे दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने निकल गये हैं। बस्तर की अराध्य मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद यहां से वे हाई स्कूल मैदान में आयोजित बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# ट्रंप ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों को अपना कीर्तनी बनाने की शुरु की मुहिम

### हार्वर्ड,ब्राउन ,प्रिंसटन जैसे तमाम विश्वविद्यालयों के छात्र व अध्यापक विरोध में सड़कों पर

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सरकार द्वारा विश्व के अति प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक हार्वर्ड विश्वविद्यालय का सालाना बजट रोक दिए जाने से विश्वविद्यालय प्रशासन डर के मारे साष्टांग हो गया है , लेकिन विश्वविद्यालय के संकाय ने फंड रोके जाने के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जबकि प्रिंसटन जैसे अन्य विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों ने संघर्ष करने का हुंकार भरते हुए कहा है कि वे हार नहीं मानेंगे। ट्रम्प प्रशासन द्वारा हार्वर्ड विश्वविद्यालय के साथ संघीय अनुबंधों व अनुदानों में $9 बिलियन की समीक्षा की घोषणा करने के एक दिन बाद, विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एलन गार्बर ने हार्वर्ड समुदाय को एक ईमेल भेजा, जिसका शीर्षक थाः हमारा संकल्प। "जब हमने गार्बर के बयान की विषय पंक्ति देखी, तो सभी ने सोचाः 'ओह, बढ़िया, हार्वर्ड खड़ा होने जा रहा है!" जेन सुजैन बॉक ने कहा, जो कि कोलिशन फॉर ए डायवर्स हार्वर्ड के बोर्ड सदस्य हैं, जो सकारात्मक कार्रवाई पर कानूनी लड़ाई के बीच 2016 में स्थापित पूर्व छात्रों का एक समूह है। लेकिन संदेश के वास्तविक भाग में ऐसी कोई बात नहीं थी। ईमेल में, गार्बर ने "यहूदी विरोधी भावना" का मुकाबला करने के लिए प्रशासन के साथ "संलग्न" होने का वचन देते हुए अकादमिक स्वतंत्रता का संक्षेप में प्रचार किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि उन्होंने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया है, और विश्वविद्यालय द्वारा पहले से ही उठाए गए उपायों की एक श्रृंखला को सूचीबद्ध किया है। उन्होंने लिखा, "हमें अभी भी बहुत काम करना है।" उन्होंने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि हार्वर्ड ट्रम्प प्रशासन से अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए क्या करेगा। यह "त्याग का एक बयान" था, इतिहास के प्रोफेसर और अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटी प्रोफेसर्स के हार्वर्ड चैप्टर के अध्यक्ष कर्स्टन वेल्ड ने कहा, जो संकाय के लिए वकालत करने वाला एक राष्ट्रीय समूह है। "यह मूल रूप से कहता हैः 'हाँ, हम बुरे रहे हैं और हम दंडित होने के लायक हैं। ईमेल, हाल ही में हार्वर्ड द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रमों, संकाय और छात्र समूहों के खिलाफ की गई कार्रवाइयों की एक श्रृंखला के साथ, जिन पर फिलिस्तीनी समर्थक होने का आरोप लगाया गया है, ने पूरे अमेरिकी परिसरों में चिंताएँ बढ़ा दी हैं कि आइवी लीग स्कूल कोलंबिया विश्वविद्यालय के नक्शेकदम पर चलेगा, जिसने हाल ही में संघीय वित्त पोषण को बनाए रखने के प्रयास में ट्रम्प प्रशासन की मांगों की एक श्रृंखला के आगे झुक गया। ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को लिखे एक पत्र में कहा कि संघीय निधि विश्वविद्यालय द्वारा विविधता और समावेशन पहलों पर प्रतिबंध लगाने, परिसर में विरोध प्रदर्शनों को प्रतिबंधित करने, होमलैंड सुरक्षा विभाग के साथ सहयोग करने, "पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए" अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों की समीक्षा करने और राष्ट्रपति की मांगों को लागू करने के लिए नेताओं को नियुक्त करने की शर्त पर होगी। यहूदी छात्रों को फिलिस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शनों से बचाने में कथित रूप से विफल रहने के लिए दर्जनों और विश्वविद्यालयों की जांच की जा रही है, जिसमें ब्राउन यूनिवर्सिटी गुरुवार को सैकड़ों मिलियन डॉलर के वित्तपोषण को खोने के जोखिम का सामना करने वाली नवीनतम यूनिवर्सिटी बन गई है। वे सभी इस बात पर बारीकी से ध्यान दे रहे हैं कि हार्वर्ड और अन्य डोनाल्ड ट्रम्प के सामने खड़े होने की वित्तीय लागतों को उनके साथ आने वाली नैतिक और शैक्षणिक लागतों के विरुद्ध कैसे तौलते हैं। 'हमें खड़े होने के लिए तैयार रहना होगा' अधिक शक्तिशाली प्रतिरोध के कुछ संकेत उभरने लगे हैं। मंगलवार को, प्रशासन की घोषणा के जवाब में कि वह प्रिंसटन विश्वविद्यालय को $210 मिलियन का वित्तपोषण निलंबित कर देगा, इसके अध्यक्ष, क्रिस्टोफर आइसग्रबर ने संकेत दिया कि उनका प्रशासन को रियायतें देने का कोई इरादा नहीं है। हार्वर्ड में, छात्र समाचार पत्र ने बताया कि हार्वर्ड कॉलेज के डीन राकेश खुराना ने मंगलवार को अपने सहकर्मियों से तालियां बटोरीं, जब उन्होंने ट्रम्प प्रशासन पर उच्च शिक्षा के खिलाफ अपने चल रहे हमलों को सही ठहराने के लिए कैंपस में यहूदी विरोधी भावना के बारे में चिंताओं को हथियार बनाने का आरोप लगाया। खुराना की टिप्पणी हार्वर्ड में कई दिनों तक चली उथल-पुथल के बाद आई, जब संकाय के 600 सदस्यों ने एक पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें विश्वविद्यालय से अमेरिकी राष्ट्रपति के हमलों की सार्वजनिक रूप से निंदा करने और "कानूनी रूप से विरोध करने और गैरकानूनी मांगों का पालन करने से इनकार करने" का आह्वान किया गया था। हार्वर्ड अकादमिक वर्कर्स यूनियन, जो गैर-स्थायी-ट्रैक शोधकर्ताओं और व्याख्याताओं का प्रतिनिधित्व करती है, ने बुधवार को एक बयान में लिखाः "हार्वर्ड पर ट्रम्प प्रशासन के हमले का यहूदी विरोधी भावना से कोई लेना-देना नहीं है" और विश्वविद्यालय से "हमारे साथ इस धमकी का विरोध करने" का आह्वान किया। अब तक, ईसग्रुबर और ब्राउन के अध्यक्ष क्रिस्टीन पैक्सन ने संकेत दिया है कि वे एक अलग रास्ता अपना सकते हैं और विरोध कर सकते हैं।इस सप्ताह ब्लूमबर्ग के साथ एक साक्षात्कार में आइसग्रबर ने कहा, "विश्वविद्यालय के अध्यक्षों और नेताओं को यह समझना होगा कि शिक्षाविदों - जिसमें हमारे संकाय, हमारे छात्र शामिल हैं - को सत्य का अनुसरण करने की अनुमति देने की प्रतिबद्धता, जैसा कि वे इसे देखते हैं, हमारे विश्वविद्यालयों के लिए मौलिक है।" "हमें इसके लिए खड़े होने के लिए तैयार रहना होगा।" ब्राउन ने यह घोषणा नहीं की है कि वह $500 मिलियन से अधिक के वित्तपोषण को खोने की धमकियों का जवाब कैसे देगा, लेकिन पिछले महीने, पैक्सन ने बताया कि विश्वविद्यालय अपनी शैक्षणिक स्वतंत्रता पर संघीय हमलों का जवाब कैसे देगा।



### बाबूजी को मीरा कुमार ने किया याद, बोलीं

## देश को इस समय उनके विचारों की जरूरत ज्यादा



नई दिल्ली (आईएएनएस)

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीरा कुमार ने समता दिवस के अवसर पर बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने पिता बाबू जगजीवन राम को याद करते हुए कहा कि समता का मतलब ही है समाज में बराबरी। कांग्रेस नेता मीरा कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "इस देश में गैर-बराबरी और भेदभाव बहुत ज्यादा है। हम जब समता दिवस मनाते हैं तो पूरी दुनिया में यही संदेश पहुंचाते हैं कि भेदभाव की भावना को समाप्त कर देना चाहिए। बाबू जगजीवन राम और उनके विचारों की बात करते हुए उन्होंने कहा, "देश में इस समय उनके विचारों की बहुत जरूरत है, क्योंकि वे एक महान व्यक्ति थे, जो सबको जोड़कर देश को आगे बढ़ाने पर जोर देते थे। मैं देशवासियों से यही अपील करूंगी कि वे इस बात को समझें कि हमारा देश बहुधर्मी देश है। यहां हर जाति, धर्म, संप्रदाय और हर संस्कृति के बोलने वाले लोग रहते हैं।

इस समय उनको एकसाथ लेकर चलना बहुत ही जरूरी है। देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना पूरा जीवन गरीबों के लिए समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि अनेक वर्षों तक राष्ट्र की सेवा में उन्होंने अपना पूरा जीवन खपा दिया।

## बांग्लादेश में राजनीतिक दमन का दौर अवामी लीग का एक और नेता गिरफ्तार

ढाका (आईएएनएस)

बांग्लादेश में राजनीतिक असंतोष के निरंतर दमन को उजागर करने वाली एक और घटना में, अवामी लीग पार्टी के एक नेता को शनिवार की सुबह हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बाद में मेहरपुर जिले के अवामी लीग के महासचिव एम ए खालेक की गिरफ्तारी की पुष्टि की। खालेक गंगनी उपजिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। हालांकि, पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के विशिष्ट कारणों का खुलासा नहीं किया। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र 'द डेली स्टार' के मुताबिक, खालेक को पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह से जुड़े एक मामले में रैपिड एक्शन बटालियन बल ने गिरफ्तार किया। बाद में उन्हें जमानत दे दी गई। खालेक को शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग सरकार के पतन के बाद सभी आधिकारिक पदों से हटा दिया गया।

## कनाडा में भारतीय नागरिक की चाकू से हत्या, सुरक्षा को लेकर चिंता

ओटावा (आईएएनएस)



कनाडा के ओटावा के निकट रॉकलैंड इलाके में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। कनाडा में भारतीय दूतावास ने शनिवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को सहायता देने का भी ऐलान किया। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "ओटावा के निकट रॉकलैंड में चाकू घोंपने से एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं।

## रूस और अन्य देश ट्रंप की 'टैरिफ स्ट्राइक' से बचने में सफल रहे?

वाशिंगटन (आईएएनएस)



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनिया भर के 184 देशों पर व्यापक टैरिफ लगाया। भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया, जबकि चीन और अन्य देशों पर इससे भी अधिक शुल्क लगा। लगभग सभी देशों को अब 10 प्रतिशत के बेसलाइन टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। हालांकि रूस समेत कुछ अन्य देशों को इससे बाहर रखा गया ? आखिर इसका कारण क्या है? व्हाइट हाउस ने जब से 'टैरिफ लिस्ट' जारी की तभी से इसमें बेहद अहम देश रूस की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है। इसे लेकर व्हाइट हाउस की तरफ से सफाई भी जारी की गई। हालांकि रूस का 'टैरिफ लिस्ट' से बाहर होना बहुत हैरानी की बात नहीं है।

कहानी फिल्म जगत की

## 'बजरंगी भाईजान 2' पर काम कर रहे हैं सलमान खान और बी विजेंद्र प्रसाद?

2015 में आई कबीर खान निर्देशित उनकी फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल की संभावना है।



> विजयेंद्र प्रसाद को भारत के सबसे सफल पटकथा लेखकों में से एक माना जाता है

सलमान खान ने हाल ही में मीडिया से बातचीत में कहा था कि 2015 में आई कबीर खान निर्देशित उनकी फिल्म बजरंगी भाईजान के सीक्वल की संभावना है। अब, इंडस्ट्री के एक सूत्र ने खुलासा किया है कि सलमान ने बाहुबली के लेखक और निर्देशक एसएस राजामौली के पिता वी विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है और अनुमान लगाया जा रहा है कि यह बजरंगी भाईजान 2 के लिए है। विजयेंद्र प्रसाद ने पहले भाग की पटकथा में भी योगदान दिया था। तब से, सलमान खान के सभी प्रशंसकों के बीच बजरंगी भाईजान के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार है। पिंकविला को विशेष रूप से पता चला है कि बजरंगी भाईजान 2 सक्रिय रूप से विकास के चरण में प्रवेश कर चुका है। एक स्वतंत्र सूत्र ने बताया, "सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। वे एक विचार लेकर आए हैं और इस पर चर्चा चल रही है कि यह बजरंगी भाईजान 2 के लिए हो सकता है।

**सलमान खान की हुई वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात**

सलमान खान के प्रशंसक हमेशा से ही सीक्वल का बेसब्री से इंतजार करते रहे हैं। एक स्वतंत्र उद्योग स्रोत के अनुसार, "सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी. विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। वे एक विचार लेकर आए हैं।




## डकैती के आरोपी को नहीं मिली जमानत



**रांची।** सड़क डकैती के 12 साल पुराने मामले में पिछले सात साल से फरार आरोपी जकारिया एक्का को तमाड़ पुलिस ने 27 फरवरी 2025 को गिरफ्तार किया था। अदालत आरोपी को फरार घोषित कर चुका था। अदालत ने दिसंबर 2017 को फरार घोषित करते हुए सुनवाई बंद कर दी थी। मामले के अन्य आरोपी भी फरार चल रहा है। गिरफ्तार के बाद जेल में बंद आरोपी जकारिया एक्का ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त 18 की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने आरोपी की फरारी की स्थिति को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया है। वह जमानत पर रहते हुए अगस्त 2017 से ही कोर्ट में हाजिरी नहीं दे रहा था। आरोपी तमाड़ के बासुकोचा जारगो गांव निवासी है। उस पर सड़क डकैती के आरोप में 11 अप्रैल 2013 को तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले के अन्य चार आरोपी अब भी फरार चल रहा है। आरोप है कि आरोपियों ने ट्रक चालक को गंभीर रूप से जख्मी करके उससे 30 हजार रुपए लूट लिया था। घटना को लेकर ट्रक चालक ने तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### ऑटो चालकों ने लगाया आरोप, कहा

# राजधानी की सड़कों पर महीने होती है 14 करोड़ रुपए की अवैध वसूली

- *चालकों ने कहा- लिया जाता गुंडा टैक्स और नाम है ऑटो स्टैंड टैक्स*
- *सवाल पूछने पर की जाती है मारपीट और मिलती है धमकी*
- *लिखा न पढ़ी नगर निगम जो कहे वही सही*

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राजधानी की सड़कों में प्रतिदिन डीजल व सीएनजी के 20 हजार और ई-रिक्शा 8000 चलते हैं। लेकिन ये ऑटो चालक प्रतिदिन डर और खौफ के साये में रहते हैं। राजधानी की सड़कों में गाड़ी चलाने के लिए इन्हें प्रतिदिन 200 से 250 रुपए टैक्स देना पड़ता है। मतलब महीने का कम से कम 6000 रुपए टोकन के पैसे देने होते हैं।

टोकन काटने वाले कुछ एजेंटों द्वारा बताया जाता है कि निगम से ऑटो स्टैंड का टेंडर हुआ है, इसलिए स्टैंड शुल्क लिया जा रहा है। ये टैक्स रातू रोड में तीन जगह, अरगोड़ा में दो जगह अरगोड़ा चौक और पुंदाग रोड, चडरी और अन्य इलाकों में वसूल किए जाते हैं। ऑटो या ई रिक्शा चालकों के द्वारा पूछे जाने पर कि किस बात का टोकन काटा जा रहा है, या टोकन का पैसा नहीं लेने का आग्रह करने पर इनलोगों के साथ मारपीट, जोर जबरदस्ती की जाती है। वहीं गाड़ी से चाभी एजेंटो के द्वारा निकाल लिया जाता है, बहुत बार तो धमकी भी दी जाती है।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के संवाददाता ने इस संबंध में जांच-पड़ताल किया। इस दौरान कुछ लोगों से बातचीत भी की गई।



### ऑटो स्टैंड के नाम पर होती है अवैध वसूली : कर्मींदर

ऑटो चालक कर्मींदर यादव कहा कि राजधानी में कहीं भी ऑटो व ई- रिक्शा का स्टैंड नहीं है। स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं पीने के पानी, शौचालय, घूप-ठंड से बचाव के लिए शेड की व्यवस्था रहती है। ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं है तो टैक्स किस बात का। वहीं एजेंटों को पैसा नहीं देने पर मारपीट की जाती है और धमकी दी जाती है। छह से सात हजार रुपए महीने का टोकन में चला जाता है।



### मुझसे पैसे नहीं लिए जाते हैं : छोटी देवी

ई-रिक्शा चालक छोटी देवी ने कहा कि पुरूष ऑटो चालकों से पैसा लिया जाता है। मुझसे नहीं लिया जाता है। शायद महिला कह कर नहीं लेते हैं लेकिन आईटीआई बस स्टैंड के बाहर 25 रुपए टैक्स के रूप में टोकन का पैसा देना ही पड़ता है।



### प्रतिदिन 200 से 250 रुपए टैक्स लग जाता है : सूरज

ऑटो चालक सूरज कुमार बताते हैं कि दिन भर में 200 से 250 रुपए तक का टैक्स लग जाता है। टोकन का पैसा देना ही होता है। इनसे दुश्मनी कौन मोल ले। टोकन का पैसा नहीं देने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। रातू रोड में पहले 35 रुपए फरवरी तक लिए जाते थे अब 40 रुपए देने पड़ते हैं।



### ऑटो स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं का है आभाव : दिनेश सोनी

ऑटो चालक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि नगर निगम ने बताया है कि जहां नगर निगम के बोर्ड ऑटो स्टैंड का लगा है वह ऑटो स्टैंड है। दो स्थानों पर अरगोड़ा और किशोरी यादव चौक में ऑटो स्टैंड का टेंडर हुआ है, लेकिन स्टैंड में बुनियादी सुविधाएं नहीं है। श्री सोनी कहते हैं कि दो स्थानों को छोड़कर स्टैंड के नाम पर लिए गए पैसे की अवैध वसूली होती है। टेंडर स्टैंड में भी पांच रुपए बढ़ाकर लिए जाते हैं क्योंकि प्रति ऑटो पुलिस प्रशासन को पांच रुपए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी में सात से आठ हजार ई रिक्शा, सीएनजी ऑटो 15 से 16 हजार, डीजल ऑटो तीन से चार हजार चलता है। प्रत्येक ऑटो चालकों को प्रतिदिन 150 से 200 रुपए ऑटो स्टैंड टेंडर के नाम पर देने पड़ते हैं।

## राज्यपाल ने शहीद रघुनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने लोआडीह जाकर पुण्य तिथि पर शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शहीद रघुनाथ महतो स्मृति न्यास समिति, लोआडीह के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने शहीद रघुनाथ महतो के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा कर लोगों से उनका अनुसरण करने की अपील की। शहीद रघुनाथ महतो को भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी एवं चुआड़ विद्रोह के महानायक के रूप में हम सब उन्हें याद करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहीद रघुनाथ महतो स्मृति न्यास समिति, लोआडीह की अध्यक्ष कौशल्या देवी ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो बचपन से ही निर्भीक व विद्रोही स्वभाव के थे। गुलाम अन्याय व अत्याचार के प्रबल विरोधी थे। अंग्रेजों के जमाने में जल, जंगल व जमीन हड़पने के साथ-साथ अन्याय व अत्याचार जब चरम पर था तो इसका पहला विरोध व विद्रोह झारखंड की धरती पर शहीद रघुनाथ महतो ने 1769 ईस्वी में किया था। इस 247 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम में रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो, केशव महतो कमलेश, डॉ. लंबोदर महतो, राजेश कच्छप, अमित महतो, राजा राम महतो, शीतल ओहदार एवं रणधीर चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धाजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## रामनवमी पर रांची जिला में ड्राई डे घोषित

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के संयुक्तादेश एवं विभागीय अधिसूचना के आलोक में रामनवमी पर रांची जिला में ड्राई डे (शुष्क दिवस) घोषित किया गया है। उपायुक्त ने शुष्क दिवस को रांची जिला की सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं क्लब सहित थोक बिक्री परिसर, सभी देशी/ विदेशी शराब की विनिर्माणशाला तथा सभी प्रकार की उत्पाद अनुज्ञप्ति परिसर बन्द रखने का आदेश दिया गया है। उपायुक्त ने ड्राई डे पर किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री एवं आपूर्ति पर प्रतिबंध से सभी अनुज्ञाधारियों को अवगत कराने एवं बंदी आदेश का सख्ती से अनुपालन का आदेश दिया गया है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में खुदरा दुकानों को सीलबंद करने के साथ कडी निगरानी एवं सतर्कता रखते हुए सघन गश्ती एवं छापामारी कर अवैध शराब बिक्री पर रोक सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

## रामनवमी और भाजपा स्थापना दिवस एक साथ मनाएंगे कार्यकर्ता : डॉ रविंद्र कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** यह सुखद संयोग है कि इस वर्ष भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस और रामनवमी 6अप्रैल को है। भाजपा कार्यकर्ता दोनों उत्सव को धूमधाम से मनाएंगे। उक्त बातें भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय सरिया में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ राय ने कहा कि श्री राम भारत की आत्मा हैं और भाजपा उस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा को मजबूत कर रही। अंत्योदय का विचार राम के आदर्शों, रामकाज को आगे बढ़ाने वाला है। कहा कि भाजपा ने देश को नई दिशा दी है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एवं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसे कार्य हुए, ऐसे लोककल्याणकारी निर्णय हुए जो आजाद भारत में पहले नहीं हुए थे। उन्होंने कहा कि स्थापना



दिवस के अवसर पर अपनी पंच निष्ठा ,और अंत्योदय के विचारों को जन जन तक पहुंचाएं और जो अभी तक भाजपा से नहीं जुड़े हैं उन्हें जोड़ें भी। डॉ राय ने 6 से 13 अप्रैल तक पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी कार्यालय में एवं घरों पर कार्यकर्ता पार्टी का ध्वज लगाएंगे। कहा कि 7से 12 अप्रैल तक मंडल, वार्ड, पंचायत जिला, प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा गांव/बस्ती चलो अभियान चलाए जाएंगे। कहा कि अभियान के दौरान स्वच्छता कार्यक्रम, मंदिरों, जलाशयों, स्कूलों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर चलाए जाएंगे। कार्यकर्ता स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र अस्पताल का दौरा कर स्थितियों का जायजा लेंगे। गांव मोहल्लों में यात्रा निकालकर संध्या में चौपाल भी लगाएंगे ,मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। कहा कि आपातकाल, मिसा बंदी,कारसेवकों को सम्मानित करने भी कार्यक्रम किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर बनी कमिटी जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक भगत, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार शामिल हैं।

### शहीद रघुनाथ महतो के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह, बोले सुदेश महतो

## छोटानागपुर में विद्रोह का पहला बिगुल फूंका था रघुनाथ महतो ने

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि चुआड़ विद्रोह छोटानागपुर क्षेत्र का पहला विद्रोह था, जिसके नायक शहीद रघुनाथ महतो ने विद्रोह का पहला बिगुल फूंका था और अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। इस विद्रोह में कुड़मी के साथ साथ संथाल,



भूमिज, बाउरी तथा अन्य जातियों को भी रघुनाथ महतो ने गोलबंद किया था। आजादी की लड़ाई में रघुनाथ महतो का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वीर शहीद रघुनाथ महतो के शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना एवं उनके परिचय को बड़े दायरे में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। सुदेश महतो ने सिल्ली क्षेत्र के बुढ़ाम में शहीद रघुनाथ महतो को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह में उक्त बातें कहीं। उन्होंने ग्रामीणों के साथ शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, प्रो.श्रीकांत महतो, वैज्ञानिक रतन महतो, त्रिलोचन महतो, सुभाष महतो, शिव शंकर प्रसाद, जगदीश महतो, डब्लू महली, गयाराम महतो, परशुराम महतो, बीरबल महतो, मंजू देवी, भारती देवी, रवींद्र करमाली, भरत साई, हेमंत नायक, नीतीश महतो, सुरेश मुंडा, शिशुपाल महतो, भगवानदास महतो, श्रीधर महतो, सुनील गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**परंपराओं के अनुरूप हो रहे...**

में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नही करने वालों पर क्या कार्रवाई किए जाने का नियम है, यह जानकारी अखाड़ा समितियों को दें ताकि नियम का उल्लंघन नही हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शोभायात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से नजर रखी जाए। शोभायात्रा का भौतिक सत्यापन अवश्य करें। शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर रखें। पुलिस प्रशासन द्वारा यह अपील किया जाए की किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक गाना नही बजाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलूस अथवा शोभायात्रा देखने के उपरांत घर लौटने वाले लोगों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों पर लम्बे समय तक शोभायात्रा या जुलूस निकाले जाते हैं उन क्षेत्रों का इनपुट विभिन्न माध्यमों से निरंतर लेते रहें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि रामनवमी महोत्सव की परंपराओं का विशेष ध्यान रखें, परंपराओं के अनुरूप हो रहे कार्यों पर किसी प्रकार का व्यवधान न हो यह सुनिश्चित कराएं। परंपराओं से हटकर अगर किसी प्रकार के नए तरीके के जुलूस अथवा शोभायात्रा निकलती है, जो विधि-व्यवस्था के संधारण में चुनौती बनती है वैसे आयोजनों पर अविलंब रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक दूसरे समुदायों के बीच किसी भी हाल में कोई झड़प या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दहशतगर्दों पर सख्ती नजर रखी जाए। राज्य के भीतर रामनवमी महोत्सव के दौरान आपसी भाईचारा, अमन-चैन, प्रेम-सौहार्द बरकरार रहे यह सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री अधिकारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर तुरंत कार्रवाई करने और आम जनमानस तक सकारात्मक संदेश प्रेषित करने की व्यवस्था रखें। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी ऑपरेशन अमित रेणु तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलों के उपायुक्त, एसएसपी, एसपी उपस्थित रहे।


**शोभायात्रा के दौरान बाइक...**

हालात पर नियंत्रण किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से मुस्तैद रहे। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। कोई भी अप्रिय घटना न घटे, इस निमित्त पूरी तत्परता के साथ पुलिस प्रशासन अपना कार्य करे।

**पीएलएफआई ने क्रशर व ईंट...**

के नाम का एक हस्तलिखित पर्चा भी दिया है जिसमें संगठन से बिना वार्ता किये काम नहीं करने की धमकी दी गई है। इसके बाद सभी बदमाश पास के सोना ब्रिक्स नामक एक चिमनी भट्ठा में पहुंचे। वहां पर मोबाइल में गेम खेल रहे मजदूरों का मोबाइल फोन छीनने की कोशिश करने लगे। मजदूरों ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने एक मजदूर पर गोली चला दी। गोली मजदूर के कमर के पास लगी है। गोलीबारी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी उग्रवादी मौके से फरार हो गए। घायल मजदूर को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस रात में ही घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही उग्रवादी मौके से निकल चुके थे। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बना है। पलामू प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर भी चंदवा पहुंचे। घटनास्थल स्थित क्रशर व ईंट भट्ठे का दौरा कर गोलीबारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आईजी ने कहा कि मामले का जल्द ही उद्भेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## साइबर सिक्योरिटी पर बीआईटी में हुई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग तथा इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग ने संयुक्त रूप से संस्थान के कैट हॉल में एसएपी लैब्स के बिजनेस इंफॉर्मेशन एंड सिक्योरिटी ऑफिसर, अरविंद गुप्ता द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया। स्पीकर सत्र साइबर सिक्योरिटी के विषय पर आयोजित किया गया था। कार्यशाला की शुरूआत इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विशाल एच. शाह द्वारा की गई। मुख्य वक्ता को इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. संजय कुमार और इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. टी. घोष ने सम्मानित किया।

अरविंद गुप्ता ने साइबर सिक्योरिटी के विषय को विभिन्न दृष्टिकोणों से कवर किया, जिसमें डेटा ब्रीचिंग, वल्नरेबिलिटीज और साइबर अटैक्स जैसी प्रमुख अवधारणाओं को शामिल किया गया, तथा अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिले मेजर जनरल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने राज भवन में भेंट की।

### बाबूलाल ने मां कामाख्या देवी का दर्शन पूजन किया



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी के दर्शन पूजन किए। वहीं कहा कि यह मेरा सौभाग्य है, इस प्राचीन और पावन शक्ति पीठ में पहुंचकर मन को गहरी आध्यात्मिक शांति और अद्भुत ऊर्जा की अनुभूति हुई। माता रानी से सबके सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना करता हूं। मंदिर परिसर में असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से भी औपचारिक भेंट हुआ।

### महायज्ञ में शामिल हुए बाबूलाल



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने गुवाहाटी स्थित सांगानेरिया धर्मशाला में देश के वरिष्ठ संत स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के संरक्षण में देश के प्रगति, विश्वशांति और लोक कल्याण के ध्येय से आहुत श्री विद्या कोटि कुमकुमार्चन महायज्ञ में शामिल हुए। युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह के द्वारा आयोजित महायज्ञ में असम और देश भर से आए लोगों के साथ संवाद भी किया।

### मधु कोड़ा की मां को दी श्रद्धांजलि




**रांची।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शनिवार को चाईबासा स्थित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के आवास पहुंचे। मधु कोड़ा के स्व माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा भी उपस्थित थीं।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में रामनवमी पर होगी विशेष पूजा-अर्चना



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग में रविवार को महापर्व रामनवमी पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन- कीर्तन सत्संग, महाप्रसाद एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में दोपहर 12:30 बजे से 201 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद केसरिया मेवायुक्त खीर का वितरण किया जाएगा। अपराह्न 12 बजे से 2 बजे तक भजन- संकीर्तन का संगीतमय कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात सामूहिक महाआरती की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने सभी श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### शव लेने के लिए एक मां को जमीन बेचने की नौबत : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक असहाय मां को अपने बेटे का शव अस्पताल से लेने के लिए अपनी जमीन बेचनी पड़ी, यह घटना हेमंत सरकार के मुंह पर तमाचा है। कहा कि सड़क हादसे में घायल बेटे का इलाज कराने के लिए मां ने हर संभव कोशिश की। अस्पताल ने 40 हजार रुपए का बिल थमा दिया, और जब पैसे नहीं दिए गए, तो शव सौंपने से इंकार कर दिया। कहा कि मजबूरी में उस मां ने अपनी वो जमीन बेच दी, जो शायद उसकी ज़िंदगी की आखिरी पूंजी थी। सरकार अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई करे।

### रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्वक निकले : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि रामनवमी जुलूस में किसी प्रकार का खलल न हो, यह राज्य सरकार सुनिश्चित करे। प्रतुल ने कहा पूरे झारखंड में धूमधाम से लाखों की संख्या में सनातनी सड़कों पर उतरकर रामनवमी का जुलूस निकालते हैं। प्रतुल ने कहा कि प्रशासन को सेंसिटिव इलाकों में विशेष नजर रखनी चाहिए। सिर्फ औपचारिकता के लिए थाने स्तर पर शांति समिति की बैठक और फ्लैग मार्च निकालने से नहीं होगा। प्रो एक्टिव पुलिसिंग की जरूरत है। प्रतुल ने कहा जिन असामाजिक तत्वों से सांप्रदायिक सौहार्द के बिगड़ने का डर हो उन पर कड़ी नजर रखी जाए।

### जेएफसी तमाड़ व एफसी परासी हुआ ड्रा

**तमाड़।** पीपीएसए द्वारा आयोजित पांच परगना क्षेत्र का बहुचर्चित फुटबॉल लीग ग्रुप ए का बारहवां मैच जेएफसी तमाड़ और एफसी परासी के बीच जी इ एल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें गोल नहीं कर पाएं। उसके बाद दोनों टीमो ने जबरजस्त खेल का प्रदर्शन कर एक दूसरे पर प्रहार कर स्कोर कों आगे बढ़ाने का प्रयास किया।



## आज का मैच

सनराइजर्स हैदराबाद Vs गुजरात टाइटन्स]

दिनांक 06 अप्रैल रविवार | स्थान कोलकाता | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 04 | 01 | 03 | 02 |
| आरसीबी | 03 | 02 | 01 | 04 |
| पीके | 02 | 02 | 00 | 04 |
| सीएसके | 03 | 01 | 02 | 02 |
| डीडी | 02 | 02 | 00 | 04 |
| एलएसजी | 04 | 02 | 02 | 04 |
| एमआइ | 04 | 01 | 03 | 02 |
| जीटी | 03 | 02 | 01 | 04 |
| केकेआर | 04 | 02 | 02 | 04 |
| आरआर | 03 | 01 | 02 | 02 |

# अर्जेंटीना में 50 मीटर राइफल 3पी में सनसनीखेज सिफ्ट ने जीता स्वर्ण



**एजेंसी**

**ब्यूनस आयर्स।** भारत की युवा निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा ने आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप 2025 में देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 23 वर्षीय सिफ्ट ने शुक्रवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 458.6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इस मुकाबले में जर्मनी की अनीता मैनगोल्ड ने 455.3 अंकों के साथ रजत पदक, जबकि कजाखस्तान की अरीना अल्टुखोवा ने 445.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सिफ्ट ने क्वालिफिकेशन राउंड में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 590 अंक के साथ टॉप स्थान हासिल किया था। फाइनल मुकाबले में सिफ्ट की शुरूआत थोड़ी धीमी रही और वे घुटना टेकनेऔर प्रोन पोजीशन के बाद आठवें स्थान पर थीं लेकिन स्टैंडिंग पोजीशन में उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार सटीक निशाने लगाए और अंत में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत की अन्य दो निशानेबाजों आशी चौकसे और श्रियांका सादांगी को फाइनल में जगह नहीं मिल सकी। आशी चौकसे ने 579 अंकों के साथ 17वां स्थान हासिल किया, जबकि श्रियांका ने 572 अंक हासिल कर 22वें स्थान पर रहीं। यह भारत के लिए दिन का दूसरा पदक रहा।

# गुजरात के खिलाफ हैदराबाद को करनी होगी वापसी

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** आईपीएल 2025 में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीमें आमने-सामने होंगी। जीटी इस समय जीत की पटरी पर है जबकि एसआरएच लगातार तीन मैच हारकर आ रही है। हम कुछ उन आंकड़ों का रुख करते हैं जो दोनों टीमों के बीच होने वाली इस भिड़ंत में अपनी छाप छोड़ सकते हैं। मोहम्मद शमी ने केकेआर के खिलाफ पिछले मैच में शुरूआती झटका देकर एसआरएच को अच्छी शुरूआत दिलाई थी और शमी से इस बार भी उनकी टीम को उम्मीद होगी। जीटी के कप्तान शुभमन गिल और जॉस बटलर के खिलाफ टी20 में शमी के प्रभावी आंकड़े हैं। शमी गिल को पांच पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं जबकि इस दौरान गिल उनके खिलाफ 114 के स्ट्राइक रेट से 41 रन ही बना पाए हैं।



### पावरप्ले में खराब प्रदर्शन एसआरएच की समस्या

एसआरएच का शीर्ष क्रम पहले मैच के बाद कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया है। इस सीजन अब तक एसआरएच पावरप्ले में सर्वाधिक 10 विकेट गंवाने वाली टीम है। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी की औसत में पिछले सीजन की तुलना में गिरावट देखने को मिली है। हेड और अभिषेक की जोड़ी ने 49.9 की औसत से रन बनाए थे जबकि इस सीजन इस जोड़ी ने साथ में 18.8 की औसत से ही रन बनाए हैं। ऐसे में हेड और अभिषेक की जोड़ी को जल्द ही लय प्राप्त करनी होगी।

## एक नजर

### टीम मालिकों और खिलाड़ियों के बीच सम्मान की रेखा होनी चाहिए : पूर्व विश्व कप विजेता

**चेन्नई।** शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच लखनऊ में आईपीएल 2025 के मैच में तिलक वर्मा के रिटायर्ड आउट होने से इस बात पर बहस शुरू हो गई कि टीम को यह कदम उठाना चाहिए था या नहीं। बीआरएसएबीवी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में संघर्ष कर रहे वर्मा, जिन्होंने 23 गेंदों में 25 रन बनाए थे, आईपीएल गेम में रिटायर्ड आउट होने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। हालांकि उनकी जगह मिशेल सेंटनर आए, लेकिन इससे एमआई को कोई मदद नहीं मिली और वे अंततः 12 रन से हार गए, क्योंकि एलएसजी के तेज गेंदबाज आवेश खान ने अंतिम ओवर में 22 रन बचाए। भारतीय क्रिकेट बिरादरी के सभी लोग वर्मा जैसे कैप्ड भारतीय बल्लेबाज को रिटायर्ड आउट करने के जयवर्धने के तर्क से सहमत नहीं हैं। ह्फ्रेंचाइजी आधारित क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद हो सकता है, लेकिन अक्सर उनके आत्मसम्मान की कीमत पर।

### जूनियर ग्रैंड स्लैम खेलना है इस साल का लक्ष्यः माया राजेश्वरन

**पुणे।** मुंबई ओपन में अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचने वाली 15 वर्षीय टेनिस स्टार माया राजेश्वरन अब बिली जीन किंग कप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा बनी हैं। एशिया-ओसेनिया ग्रुप-1 के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) और पुणे मेट्रोपॉलिटन डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। मुकाबले 8 से 12 अप्रैल के बीच पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट से पहले माया ने अपने भविष्य को लेकर एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹मेरा इस साल का मुख्य लक्ष्य जूनियर ग्रैंड स्लैम्स में खेलना है। मैं सीनियर महिला वर्ग में भी खेल रही हूं और आने वाले सालों में एक जूनियर ग्रैंड स्लैम जीतना मेरा मिड-टर्म गोल है।

# दिल्ली ने भी भेदा चेन्नई का किला, लगाई जीत की हैट्रिक

**एजेंसी**

**चेन्नई।** दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स का किला भेद दिया है। दिल्ली ने केएल राहुल की 77 रन की बेहतरीन पारी से चेन्नई को उसके ही मैदान में शनिवार को 25 रन से हराकर आईपीएल 2025 में जीत की हैट्रिक पूरी की। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मध्य ओवरों में मैदान पर उतरे लेकिन उन्होंने वो जरूरी तेजी नहीं दिखाई जिसकी चेन्नई को जरूरत थी। धोनी के माता-पिता सहित पूरा परिवार स्टेडियम में मौजूद था लेकिन धोनी टीम को जीत की मंजिल तक नहीं पहुंचा सके। इस सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने चेपॉक में 17 साल का सूखा खत्म करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था और अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने भी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चेपॉक में कुछ वैसा ही कारनामा कर दिखाया। लय में नजर आ रही दिल्ली कैपिटल्स ने 2010 के बाद से चेपॉक में पहली जीत का स्वाद चखा है। राहुल की 77 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में छह विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और चेन्नई को पांच विकेट पर 158 रन पर रोक दिया। चेन्नई के बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन जारी रहा और चार मैचों में उन्हें लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। खराब शुरूआत के बाद चेन्नई के लिए विजय शंकर ने 54 गेंदों पर 69 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। धोनी ने 26 गेंदों पर 30 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया लेकिन टीम को उनसे जिस गति की जरूरत थी, वह उसे नहीं दिखा पाए। रचिन रवींद्र तीन, डेवोन कॉन्वे 13, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पांच, रवींद्र जडेजा दो रन बनाकर आउट हुए।दिल्ली की तरफ से विप्रज निगम ने 27 रन पर दो विकेट लिए जबकि मिचेल स्टार्क, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।



केएल राहुल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला

# द्रविड़ सर का हमारे साथ होना सौभाग्य की बात है : जायसवाल

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि राहुल द्रविड़ का टीम के मुख्य कोच के रूप में होना सौभाग्य की बात है, क्योंकि उन्हें उनसे मैदान के अंदर और बाहर के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानने का मौका मिलता है। द्रविड़ ने 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतकर भारतीय टीम के साथ अपना कार्यकाल पूरा करने के तुरंत बाद आरआर के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभाला। अब तक, 2008 के आईपीएल चैंपियन ने मौजूदा सत्र में तीन मैचों में से केवल एक में जीत हासिल की है। जायसवाल ने जियो हॉटस्टार से कहा, मुझे लगता है कि वह एक अद्भुत मार्गदर्शक हैं - सहायक, देखभाल करने वाले और हमेशा सभी का ख्याल रखने वाले। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास भरते हैं, उन्हें आश्वस्त करते हैं कि वे सही जगह पर हैं और सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जो व्यक्तिगत करियर और पूरी टीम दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। वह एक अविश्वसनीय इंसान भी हैं। उन्होंने कहा, इस युग में राहुल द्रविड़ सर जैसा कोई होना सौभाग्य की बात है और उन्हें करीब से देखना सीखने का मौका है - न केवल क्रिकेट के बारे में, बल्कि मैदान के बाहर उनके व्यवहार के बारे में भी। उन्होंने इतने सालों में इतनी शालीनता और संयम बनाए रखा है, और उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। मैं उनके साथ यहां आकर वाकई उत्साहित हूं और उनके साथ इस आईपीएल सीजन का लुत्फ उठाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कप्तान संजू सैमसन के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी बात की, जो शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में कप्तानी की कमान संभालेंगे।



### क्लीनिकल अभिनाश जामवाल 65 किग्रा के फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** अभिनाश जामवाल ने इटली के जियानलुइगी मलंगा के खिलाफ लगभग परफेक्ट प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को फोज डू इगुआकु में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के 65 किग्रा के फाइनल में प्रवेश किया। 22 वर्षीय भारतीय ने मलंगा की पहुंच से दूर रहने के लिए अपने लंबे कद और एथलेटिसिज्म का इस्तेमाल किया, लेकिन जब उनके प्रतिद्वंद्वी का गार्ड नीचे था, तो उन्होंने तेजी से हमला किया और 5:0 के सर्वसम्मत फैसले को हासिल किया। पांच में से चार जजों ने जामवाल को परफेक्ट 30 दिया, जिसमें सभी पांच जजों ने पहले और तीसरे राउंड को भारतीय के नाम सर्वसम्मति से दिया। मलंगा को पहले राउंड में ही उल्टी गिनती का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें बाकी मुकाबले में बैकफुट पर रहना पड़ा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत वैश्विक पूंजी के लिए आकर्षक गंतव्य बना हुआ है : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि मजबूत आर्थिक दृष्टिकोण, नीतिगत सुधारों और लचीले बाजार के साथ भारत वैश्विक पूंजी के लिए आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर हाल ही में लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ दूसरे एशियाई देशों की तुलना में अपेक्षाकृत मामूली बने हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती रहेगी। बीडीओ इंडिया के एफएस टैक्स, टैक्स और विनियामक सेवाओं के पार्टनर और लीडर मनोज पुरोहित ने कहा, ₹इससे देश के लिए निर्यात अवसरों की पेशकश करने का मजबूत प्रस्ताव रास्ता खुलता है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, जिसमें एक विशाल उपभोक्ता बाजार, कुशल कार्यबल और व्यापार के अनुकूल सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत सरकार है। व्यापार करने में आसानी पर निरंतर बना हुआ है, जो निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने में अहम बना हुआ है।

### सभी के लिए पेंशन राष्ट्रीय प्राथमिकता बननी चाहिए: पंकज चौधरी

**नई दिल्ली।** पहला अंतरराष्ट्रीय पेंशन अनुसंधान सम्मेलन (आईआरसीपी) 2025 विश्व बैंक और विशेषज्ञों सहित वैश्विक प्रमुखों की भागीदारी के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में संपन्न हो गया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सभी के लिए पेंशन एक राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि आने वाले दशकों में भारत की जनसांख्यिकी बहुत तेजी से बदल रही है। वर्ष 2050 तक पांच में से एक भारतीय 60 वर्ष से अधिक आयु का होगा, जबकि 2047 तक बुजुर्गों की संख्या बच्चों की संख?या से ज?यादा हो जाएगी। अनुमान है कि सदी के मध्य तक 19 फीसदी आबादी बुजुर्ग होगी, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं होंगी।

# 'भारत' इनोवेशन और टेक्नोलॉजी आधारित विकास में ग्लोबल लीडर बनने के लिए तैयार : पीयूष गोयल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत इनोवेशन और टेक्नोलॉजी आधारित विकास में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरेगा।

उन्होंने 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम में वॉक-थ्रू के दौरान स्टार्टअप्स के काम की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति वर्ल्ड क्लास क्वालिटी काम को देख सकता है, एनर्जी एफिशिएंसी पर बनी टेक्नोलॉजी का अनुभव ले सकता है, नए स्टार्टअप द्वारा बनाए जा रहे रक्षा उपकरणों को देख और महसूस कर सकता है कि 'फिनटेक' कैसे आम नागरिक के लिए सशक्तीकरण का स्त्रोत बन रहा है।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह वह नींव है, जिस पर कदम रखकर भारत इनोवेशन की दुनिया में प्रवेश करेगा। हम वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मैं यंग स्टार्टअप्स के कामों से बेहद संतुष्ट होकर वापस जा रहा हूं। 'युवा भारत' आगे बढ़ने के लिए बेताब और दुनिया में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है।'''स्टार्टअप महाकुंभ' के दूसरे एडिशन में 10 थीमेटिक पवेलियन्स का आयोजन किया गया, जिसमें एआई, डीपटेक और साइबर सिक्योरिटी, हेल्थटेक और बायोटेक, एग्रीटेक, क्लाइमेट टेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर, डी2सी, फिनटेक, गेमिंग और स्पोर्ट्स, बी2बी और प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस और स्पेस टेक के साथ ही मोबिलिटी जैसे प्रमुख उद्योगों को शामिल किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने क्लाइमेट टेक, बायोटेक, एआई और डीपटेक और कई दूसरे क्षेत्रों में ग्राउंड ब्रेकिंग इनोवेशन को प्रदर्शित करने वाले कई प्रदर्शनियों का दौरा किया, जिसमें इंटेलिजेंट एयर प्यूरीफायर और ईवी ट्रैक्टर से लेकर फंक्शनल ब्रेन मैपिंग के लिए एआई-ड्रिवन प्लेटफॉर्म और डिफेंस एप्लीकेशन के लिए कटिंग-एज मैन्युफैक्चरिंग ड्रोन शामिल थे।

'स्टार्टअप महाकुंभ' में 3,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक और इनक्यूबेटर के साथ ही 50 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

# एलन मस्क का 'ग्रोक-3' चीन के 'डीपसीक' से बेहतर

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते ट्रेंड के बीच एलन मस्क के स्वामित्व वाले 'ग्रोक' और चीन के 'डीपसीक' मॉडल अब एआई क्षमता के मामले में सबसे आगे बने हुए हैं। शनिवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक मॉडल एक्सेसिबिलिटी और एफिशिएंसी के मामले में बेहतर है, वहीं दूसरा वृहत पैमाने के मामले में। हालांकि, दोनों ही मॉडल के प्रशिक्षण के संसाधनों में काफी भिन्नता है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, ग्रोक-3 पैमाने के मामले में कोई समझौता नहीं करता। उसके पास दो लाख एनवीडिया एच100 (टेंसर कोर जीपीयू) का समर्थन है। वहीं, डीपसीक-आर1 उसके मुकाबले बेहद छोटे हिस्से का इस्तेमाल करके भी उसे चुनौती दे रहा है, जो दशार्ता है कि नवाचारी आर्टिटेक्चर और क्यूरेशन वृहद इंफ्रास्ट्रक्चर को टक्कर दे सकते हैं। डीपसीक ने फरवरी में अपने फ्लैगशिप रीजनिंग मॉडल डीपसीक-आर1 को ओपनसोर्स कर वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरनी शुरू की थी।




# सोशल मीडिया पर वॉरेन बफेट से जुड़ी वायरल हो रही सभी टिप्पणियां झूठी : बर्कशायर हैथवे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी बर्कशायर हैथवे ने कहा कि एक्स, टिकटॉक और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वॉरेन बफेट द्वारा आर्थिक नीतियों पर कथित तौर पर की गई टिप्पणियों को लेकर प्रसारित सारी रिपोर्ट झूठी हैं।

यह बयान डोनाल्ड ट्रंप के ट्रुथ सोशल अकाउंट द्वारा हाल ही में किए गए दावों के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि बफेट ने अमेरिकी राष्ट्रपति की आर्थिक नीतियों का समर्थन किया है।



ट्रंप के पोस्ट में दावा किया गया था कि 94 वर्षीय अरबपति ने अमेरिका में 50 से अधिक वर्षों में देखे गए 'सर्वश्रेष्ठ आर्थिक कदम' उठाने के लिए राष्ट्रपति की प्रशंसा की।

इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने मूल रूप से 13 मार्च को बफेट के बारे में दावे पोस्ट किए थे और यह इस हफ्ते वायरल होने लगा जब ट्रंप ने कई देशों पर अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाने की घोषणा की।

# ईडी ने एम्पुरान निमार्ता के चिटफंड कार्यालय पर छापेमारी में 1.50 करोड़ कैश जब्त किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के उल्लंघन के मामले में तमिलनाडु और केरल में श्री गोपालन चिट एंड फाइनेंस लिमिटेड (गोकुल चिट फंड) कंपनी के कई परिसरों में तलाशी के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। ईडी ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि कोचीन जोनल कार्यालय ने 04 और 05 अप्रैल, 2025 को केरल के कोझिकोड में एक स्थान और तमिलनाडु के चेन्नई में दो स्थानों पर श्री गोकुलम चिट्स एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में तलाशी लेने की कार्रवाई की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस कार्रवाई के दौरान 1.50 करोड़ रुपये नकद और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

